सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
25.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण, शुक्ल पक्ष, नवमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 45

12 अल्लू अर्जुन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता चुने गये



SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### फिल्म पुरस्कार : अल्लू अर्जुन बने बेस्ट एक्टर

**नयी दिल्ली।** 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की गुरुवार को घोषणा कर दी गयी। अल्लू अर्जुन (फिल्म पुष्पा) को बेस्ट एक्टर चुना गया। वहीं वेस्ट एक्ट्रेस के लिए आलिया भट्ट को 'गंगूबाई काठियावाड़ी' और कृति सेनन को एमआइएमआइ चुना गया। दिल्ली स्थित नेशनल मीडिया सेंटर में एक समारोह में नेशनल अवॉर्ड की घोषणा की गयी।

### कल से डुमरी में चुनाव प्रचार करेंगे सीएम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 26 अगस्त से 3 सितंबर तक डुमरी उपचुनाव के प्रचार के लिए उतरेंगे। सीएम झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। डुमरी उपचुनाव में सीएम के साथ आईनडीआईए के कई स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार में उतरेंगे।

### कोडरमा : सड़क हादसे में दो की मौत, दो गंभीर

**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड के ढाब रोड में गुरुवार देर शाम सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। दो अन्य युवक भी घायल हैं। ढाब रोड स्थित खबारोपुल के समीप बाइक की टक्कर में चारों घायल हुए थे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### चंद्रयान-3 : सबकुछ सामान्य, चांद पर रोवर ने शुरू किया अपना काम

# अगले महीने लांच होगा आदित्य मिशन : इसरो

- चांद के पार चलें... अंतरिक्ष कर रहा भारत का इंतजार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** चंद्रयान-3 की कामयाबी के बाद अभी अंतरिक्ष में इसरो का बहुत काम बाकी है। अब सूरज भी है। मंगल भी है और उसके बाद शुक्र भी है। एक मिशन तो पूरी धरती की सुरक्षा के लिए भी है। इसके अलावा अंतरिक्ष में भारतीयों को भेजने के लिए गगनयान मिशन भी है। भारत जल्दी ही सूर्य के अध्ययन के सफर पर निकलेगा। इसरो ने सूर्य के लिए आदित्य मिशन की तैयारी कर ली है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने गुरुवार को बताया कि आदित्य एल 1 सूर्य का अध्ययन करने वाला भारत का पहला अंतरिक्ष मिशन होगा। इसे अगले महीने यानी सितंबर के पहले या दूसरे सप्ताह में लांच किया जायेगा। इसका मकसद करीब से सूर्य का निरीक्षण, इसके वातावरण और चुंबकीय क्षेत्र के बारे में स्टडी करना है। इसके साथ ही, इसरो गगनयान पर भी तेजी से काम कर रहा है। कई परीक्षण के बाद संभवतः 2025 तक पहला मानवयुक्त मिशन पूरा किया जा सकता है। गगनयान मानवयुक्त अंतरिक्ष यान है, जिस पर इसरो कई सालों से काम कर रहा है।

(शेष पेज 11 पर)



#### क्या करेगा रोवर

इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने हमें उम्मीद है कि ऐसा ही कुछ हो। रोवर इस दौरान चांद की सतह पर घूमकर वहां मौजूद रसायन का विश्लेषण करेगा। लैंडर और रोवर के पास वैज्ञानिक पेलोड हें जो चांद की सतह पर प्रयोग करेंगे। रोवर अपने पेलोड एपीएक्सएस' (अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर) के जरिए चंद्रमा की सतर का अध्ययन करेगा ताकि रासायनिक संरचना की जानकारी प्राप्त की जा सके और चंद्रमा की सतह के बारे में ज्ञान को और बढ़ाने के लिए खनिज संरचना का अनुमान लगाया जा सके।

# इडी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सीएम हेमंत

### संदेशवाहक के मार्फत पत्र भेज कर नहीं आने का बताया कारण

**जमीन घोटाला मामला**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमीन घोटाला मामले में इडी के समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गये हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसका हवाला देते हुए संदेशवाहक के जरिये इसकी सूचना इडी के जोनल ऑफिस तक पहुंचा दी गयी है। दरअसल, हेमंत सोरेन को ईडी ने समन भेज कर 24 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया था। 7 अगस्त को इडी ने उनको पहला समन भेज कर 14 अगस्त को बुलाया था। सीएम ने पहले समन पर ही जिस तरह से जवाब दिया था, उससे स्पष्ट हो गया था कि वह इडी ऑफिस नहीं जाने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार एक बात साफ हो गयी कि सीएम अब इडी के खिलाफ आर-पार की लड़ाई के मूड में उतर गये हैं।

(शेष पेज 11 पर)

#### सीएमओ से पत्र लेकर इडी दफ्तर पहुंचा कर्मी

मुख्यमंत्री सचिवालय से चिट्ठी लेकर कर्मी गुरुवार को इडी के जोनल ऑफिस पहुंचा। हालांकि इस चिट्ठी में क्या लिखा है, इसके बारे में मुख्यमंत्री सचिवालय कर्मी ने मीडिया को बताने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। 19 अगस्त को इडी ने दूसरा समन भेज कर मुख्यमंत्री को 24 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया था।



- सात अगस्त को इडी ने पहला समन भेज 14 अगस्त को बुलाया था

# योगेंद्र के ठिकानों पर दूसरे दिन भी इडी की छापेमारी

**शराब घोटाला मामला**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला मामले में ईडी की छापेमारी दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इडी की टीम शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अन्य लोगों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी खत्म हो गयी है। ईडी ने बुधवार को एक साथ 32 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान 30 लाख नगद, करोड़ों के जेवरात और कई कागजात एवं दस्तावेज मिले थे। इडी के अनुसार शराब घोटाले के किंगपीन योगेन्द्र तिवारी, पूर्व विधायक के भतीजे नीरज शाहाबादी और बेटे वैभव शाहाबादी के सिडिकेंट में शामिल होने की बात सामने आयी है।

# अवैध खनन घोटाले की सीबीआइ जांच शुरू

### पहले दिन डीसी, एसपी दफ्तर, एसटी-एससी थाना में की पूछताछ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हाइकोर्ट के आदेश पर सीबीआइ की टीम ने गुरुवार को साहिबगंज में हुए अवैध खनन घोटाला मामले की जांच शुरू कर दी। रांची से गयी सात अधिकारियों की टीम ने पहले दिन गुरुवार को जिले के सभी अधिकारियों से मामले की जानकारी ली है।

दोपहर बाद टीम अलग-अलग दिशा में निकली। एक टीम ने एसपी ऑफिस निकल एसपी नौशाद आलम से जानकारी हासिल की। दूसरी टीम खनन कार्यालय पहुंचकर डीएमओ विभूति कुमार से जानकारी ली। तीसरी टीम इंस्पेक्टर सुशील कुमार के नेतृत्व में उपायुक्त राम निवास यादव से मिलने पहुंची। तीनों टीमों ने अधिकारियों से अवैध खनन मामले में अब तक की जानकारी ली।

सीबीआइ एसटी-एससी थाना भी पहुंची, जहां साहिबगंज मंडल कारा में बंद इडी का गवाह ग्राम प्रधान विजय हांसदा के आवेदन पर आठ अभियुक्तों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इस केस के सिलसिले में थाना प्रभारी शिव कुमार सिंह से आवश्यक जानकारी ली। इस केस में इडी विजय हांसदा से भी जेल में ही पूछताछ कर चुकी है। वहीं केस प्रभावित करने वाले सदर एसडीपीओ राजेंद्र दुबे से पूछताछ रांची बुलाकर कर किया जा चुका है।

# तनाव के बीच ब्रिक्स सम्मेलन में मिले मोदी और शी जिनपिंग

**एजेंसी**

**जोहानसबर्ग।** पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान दक्षिण अफ्रीका में संक्षिप्त बातचीत हुई है। लद्दाख में चल रहे तनाव के बीच और गलवान हिंसा के बाद भारत-चीन के बीच यह पहली अनौपचारिक बातचीत है। दोनों ही नेता प्रेस को बयान जारी करने से पहले मंच पर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में पीएम मोदी शी जिनपिंग को कुछ समझाते हुए नजर आये। यही नहीं मंच पर दोनों नेताओं ने हाथ भी मिलाया। बातचीत ऐसे समय पर हुई है जब अगले महीने नयी दिल्ली में जी-20 का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है।



(शेष पेज 11 पर)




स्पीड न्यूज

### अफ्रीकन डांस और खेलों के साथ डायमंड सर्कर्स का शो शुरू

**जमशेदपुर ।** गोलमुरी सर्कस मैदान मे कोलकाता के मशहूर कंपनी डायमंड सर्कस का उद्घाटन सम्पन हुआ । उक्त् उद्घाटन के अवसर पर डायमंड सर्कस मे देश के विभिन्न राज्यों से आये हुए कलाकारों ने भारतीय खेलों का प्रदर्शन सहित एवम् अफ्रीका से आये हुए कलाकारों के द्वारा अफ्रीकन खेल जैसे अफ्रीकन एकरोबैट, अफ्रीकन बम्बू, अफ्रीकन बार, अफ्रीकन डांस इत्यादि तरह तरह के रंग- बिरंगे खेलो का प्रदर्शन उनके द्वारा किया गया । जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । उक्त जानकारी देते हुए सर्कस के प्रबंध निदेशक श्री शमशाद हुसैन एवं प्रबंधक श्री के डी रय ने संयुक्त रूप से कहा कि रोजाना तीन शो - 01:00 से 04:00 बजे तक, शाम 04:00 से 07:00 और 07:00 से 10:00 बजे (रात) तक दिखाया जायेगा ।

### नारायण आइटीआइ में गोस्वामी तुलसीदास की मनायी गयी जयंती

**जमशेदपुर।** नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाई गई। इस दौरान संस्थान के संस्थापक ड जटाशंकर पांडे ने गोस्वामी तुलसीदास की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। संस्थान के संस्थापक ड जटाशंकर पांडे ने कहा कि कुछ काल राजापुर रहने के बाद वे पुनः काशी चले गये और वहाँ की जनता को राम-कथा सुनाने लगे। कथा के दौरान उन्हें एक दिन मनुष्य के वेष में एक प्रेत मिला, जिसने उन्हें हनुमान जी का पता बतलाया। हनुमान जी से मिलकर तुलसीदास ने उनसे श्री रघुनाथ जी का दर्शन कराने कि प्रार्थना किए।

### चांडिल : प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि में राखी उत्सव संपन्न

**चांडिल।** प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय चांडिल सेंटर में राखी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्त के रूप मे जमशेदपुर से अंजू दीदी उपस्थित थी। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार, समाज सेवी राकेश वर्मा, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष संजय चौधरी सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी भाइयों को हाथो मे रक्षा सूत्र बांधकर समाज के सभी बहनों की रक्षा करने का वादा लिया।

### चंद्रयान 3 की सफलता पर डॉ जटाशंकर पांडेय ने दी बधाई

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य जटा शंकर पांडेय ने बुधवार की शाम चंद्रयान-3 की सफल लेंडिंग होने पर इसरो के वैज्ञानिकों एवं देश के नेतृत्वकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई दी है । श्री पांडेय ने कहा कि चंद्रयान- 3 की सफल लेंडिंग इस बात को प्रमाणित करती है कि श्री मोदी के नेतृत्व में भारत विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है।

### एसएमबी फाउंडेशन का रक्तदान शिविर 31 को

**जमशेदपुर।** स्वयं सेवी संस्था एसएमबी फाउंडेशन के तत्वाधान में 31अगस्त 2023 को एक ''रक्दान शिविर'' का आयोजन भारतीय रेड क्रस सोसाइटी जमशेदपुर के सहयोग से जमशेदपुर ब्लड बैंक में किया जायेगा। शिविर का समय सुबह 9.30 से शाम 4.00 बजे तक है। संस्था के द्वारा रक्तदान शिविर के प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया पर विगत कई दिनों से रक्दान के लिए अपील की जा रही है।

### कपाली में बिजली चोरी के आरोप में पांच लोगों पर मामला दर्ज

**चांडिल।** गुरुवार को कपाली नगर परिषद क्षेत्र के गोश नगर में बिजली विभाग ने चांडिल विद्युत सहायक अभियंता राम जी महतो के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान कपाली गोश नगर इलाके में पांच लोगों को बिजली चोरी कर जलाते हुए पकड़ा गया। विद्युत अभियंता ने बताया कि पांच लोगों पर कुल 1,67,8,43 रुपए का जुर्माना लगाया गया एवं सभी लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। विभाग बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान जारी रखेगी।

# झारखंड क्षत्रिय महिला संघ का सावन उत्सव-2023 संपन्न

### महिलाओं को मिला मोटिवेशनल टॉक, फेस्ट और मस्ती का ट्रिपल डोज

खबर मन्त्र ब्यूरो




कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में उपस्थित शंभुनाथ सिंह, कविता परमार, मंजू सिंह व अन्य तथा मेले में खरीददारी का दृश्य।

**जमशेदपुर।** झारखंड क्षत्रिय महिला संघ द्वारा सावन के खास मौके पर गुरुवार को 'सावन मेमिम 2023' का उद्घाटन बिष्टुपुर क्लब हाउस में किया गया। यह आयोजन 24 अगस्त से 26 अगस्त तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मेला, मिलन, महोत्सव के साथ-साथ मोटिवेशनल टॉक का भी आयोजन किया गया है। आज का कार्यक्रम तीन सत्रों में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम उद्घाटन सत्र की शुरुआत झारखंड क्षत्रिय संघ अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह, महिला संघ प्रभारी विमल सिंह, युवा संघ अध्यक्ष रणविजय सिंह, महिला संघ अध्यक्ष ड कविता परमार, महासचिव मंजू सिंह, संरक्षिका कंचन सिंह, सीता सिंह, आशा सिंह, पल्लवी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत भाषण और विषय प्रवेश ड कविता परमार ने कराया। शंभू सिंह ने महिला सशक्तिकरण का असल मतलब बताते हुए कहा कि महिलाओं को अपने, परिवार और समाज के विकाश के लिए किए गए संकल्प को पूरा करने के लिए अपनाई गई सख्ती हीं असल मायने में सशक्तिकरण है। कंचन सिंह ने महिला संघ के गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए आगे के लिए शुभकामना दिया। उसके बाद अतिथियों द्वारा महिलाओं द्वारा लगाए गए मेला का शुभारंभ किया जहां क्षत्रिय महिलाएं जरूरत की सामग्रियों के साथ साथ खाने का भी स्टल लगाईं हैं। दूसरे सत्र में जीवन संस्था की गुरप्रीत कौर ने मेंटल स्ट्रेस और उसके मैनेजमेंट पर टक दिया। उन्होंने बहुत छोटी छोटी उपायों के माध्यम से स्ट्रेस को कम करने का विधि बताया। तीसरे सत्र में सीतारामडेरा, सिद्गोड़ा और बागबेड़ा इकाई द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अंत में चंद्रयान की सफलता पर सभी क्षत्राणियों ने हर्ष व्यक्त किया और सभी वैज्ञानिकों को धन्यवाद दिया।

### एडिटिंग और एआइ के जरिये किया जा रहा लोगों को ब्लैकमेल

# शहर के चर्चित लेखक के साथ हुई यह घटना, प्राथमिकी दर्ज करायी

खबर मन्त्र ब्यूरो



युवा लेखक अंशुमन भगत।

**जमशेदपुर।** झारखंड के प्रसिद्ध लेखक अंशुमन भगत के जीवन में एक ऐसा घटनाक्रम घटित हुआ, जिसे वो कभी नहीं भूल पाएंगे। इस घटना के तहत, उन्हें एक दिन अंकिता नाम की लड़की का सामने से न्यूड कल आता है, जिसका उन्होंने पहले से कोई ज्ञान नहीं रखा था। इस विचित्र और परेशान करने वाले फोन कल के बाद, उस लड़की ने अंशुमन का चेहरा एआई और वीडियो संपादन के जरिए एक नंगी तस्वीर के साथ जोड़कर, उन्हें ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। अंशुमन, एक प्रसिद्ध लेखक होने के साथ ही झारखंड जमशदेपुर के प्रसिद्ध लोगो में भी शामिल है, उन्होंने अपनी घटना को शेयर किया, यह समस्या मेरे लिए नए प्रश्नों को उठाने का मौका था। मुझे इस घटना का पता चलने पर वैसे तो हैरानी हुई, लेकिन मुझे तुरंत कुछ करना था। यह घटना उनका मानसिक बल तोड़ने वाली थी, लेकिन अंशुमन ने जुर्म के खिलाफ आवाज उठाने का फैसला लिया। उन्होंने साइबर क्राइम की दृष्टि से यह घटना अथरिटीज को शेयर की, जिससे इस तरह के अपराधों का कठोर कार्यवाही हो सके। अंशुमन के इस घटना से निकलने में उन्हें समर्थक बनने वाले उनके दोस्तों और परिवार का साथ मिला। उनका प्रशासनिक जानकारी और इंटरनेट सुरक्षा के विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेना, उन्हें समस्या का समाधान ढूंढने में मदद्गार साबित हुआ। यह घटना एक जागरूकता का संदेश भी लेकर आई है, कि हमारी आत्मिका सुरक्षा को हमेशा महत्व देना चाहिए। साइबर सुरक्षा और डिजिटल जगत में आत्म-विश्वास बनाए रखना, यह अब आवश्यक हो गया है। इस घटना से अंशुमन ने एक साहसिक मुकाबला किया और एक सकारात्मक उदाहरण बनाया, जिससे हम सभी को सिखने को मिल सकता है कि हम अपने अधिकारों की रक्षा कैसे कर सकते हैं।

### डिजिटल ठगी अथवा ब्लैकमेल की साइबर थाने में करें शिकायत

आज हम सब ये जानते हैं कि एआई बहुत ही खतरनाक है इस दुनिया के लिए और इस ब्लैकमेलर ने इसी टेक्नोलजी का उपयोग किया है, ये घटना किसी के साथ भी हो सकता हमे हमेशा सजग रहना है सभी को और पूरे देश में इस तरह के साइबर क्राइम का पुरजोर विरोध करना है , अगर यह घटना किसी के साथ हो जाये तो ऐसे ब्लैकमेलर के डर से लोग कितनो रुपये लूटा देते है या जिंद्गी खत्म करने की सोच लेते है, अंशुमन का कहना है की पूरे इंडिया के साइबर सेल को ऐसे क्राइम के लिए ठोस कदम उठाना होगा तभी इसको रोका जा सकता है। उन्होंने उनके साथ हुए इस अश्लील घटना की साइबर क्राइम इंसिडेंट में कम्प्लेंट कर दिया है जिसकी कपी हमे प्राप्त हुई है।

# नाम्या स्माइल फाउंडेशन की पहल से छात्राओं में चला जागरुकता अभियान

### जोहार पीरियड्स अभियान पहुंचा बिरसानगर,375 छात्राओं में मेंस्टुपीडिया कॉमिक वितरित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन व रोटरेक्ट क्लब अफ स्टील सिटी के संयुक्त तत्वावधान में चलाया जा रहा जोहार पीरियड्स अभियान बिरसानगर के साई सरस्वती इंग्लिश स्कूल पहुंचा। इस अभियान के तहत गुरुवार को संस्था के द्वारा बिरसानगर के जोन नंबर 6 में स्थित साई सरस्वती इंग्लिश स्कूल में एक बार फिर लड़कियों को पीरियड वर्कशप के माध्यम से शिक्षित करने का प्रयास किया गया। जिसमें 375 से अधिक छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यहां जोहार पीरियड्स अभियान के तहत स्कूल की छात्राओं के बीच माहवारी की प्रक्रिया को आसानी से समझाने वाली मेंस्ट्रूपीडिया कमिक बुक का वितरण किया गया। समाज में आज भी माहवारी पर बात करना उतना सहज नहीं हो पाया है। इसी को ध्यान में रखकर मेंस्ट्रूपीडिया के साथ नाम्या स्माइल फाऊंडेशन हाथ मिलाकर काम कर रही है। वर्कशप के दौरान संस्था के सदस्य रेशू रंजन एवं प्रथमा बोस ने मेंस्ट्रूपीडिया कमिक बुक एवं जोहार पीरियड्स वीडियो के माध्यम से छात्राओं को माहवारी और उससे जुड़े सभी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान नाम्या स्माइल फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे 'माही' (मेंटल अवेसमनेस एंड हेल्थ इनिशिएटिव) अभियान के तहत छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। संस्था के संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़गी ने कहा कि माहवारी को लेकर आज भी समाज में लोग खुल कर बात करने को तैयार नहीं हैं। इसमें अब बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव की शुरूआत माहवारी के प्रति बच्चियों को शिक्षित और जागरूक करके ही की जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यरुप से निदेशक जयंती शांता, प्राचार्य एक्रे घोष, संयोजक किरणजीत कौर, जानकी श्रेष्ठ, शिक्षक - पल्लवी रानी, स्वेता सिंह, संध्या देवी, शिल्पा डे, चंदना कुमारी, सोनी कुमारी, मैरी बंसियार, सुबेदिता सामुई, देवेंदर कौर, मुस्कान कुमारी, नाम्या स्माइल फाउंडेशन के पूर्णेन्दु आचार्य, सूर्य राव समेत अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

# युवाओं को फेलियर मैनेजमेंट की क्षमता से लैस करें मैनेजमेंट एसो. : श्रीनिवास

### ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने प्रबंधकों को किया संबोधित

खबर मन्त्र ब्यूरो



श्री डेम्पो के साथ जेएमए के अध्यक्ष चाणक्य चौधरी।

जमशेदपुर। जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन (जेएमए) ने 23 अगस्त, 2023 को अल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) के चेयरमैन की पहली यात्रा की मेजबानी की। श्री श्रीनिवास डेम्पो, एआईएमए अध्यक्ष और चेयरमैन, डेम्पो ग्रुप अफ कंपनीज (गोवा) ने सेंटर फर एक्सीलेंस का दौरा किया। उन्होंने संस्थापक गैलरी और आर्ट गैलरी में 19 प्रतिष्ठित कलाकारों की कलातियों को प्रदर्शित करने वाले सदियों पुराने आर्काइव्ज को देखा। स्वयं एक खिलाड़ी होने के नाते, उन्होंने टाटा फुटबॉल अकादमी और जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स का भी दौरा किया। यात्रा का समापन बेल्डीह क्लब, जमशेदपुर में एक बातचीत सत्र के साथ हुआ। श्री डेम्पो ने अपने संबोधन में कहा कि स्थानीय मैनेजमेंट एसोसिएशन को सामुदायिक संपर्क, युवाओं को अवसर और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने विफलता प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा, आज के युवा प्रतिभाओं को विफलताओं से नहीं डरना चाहिए और मैनेजमेंट संगठनों के रूप में, हमें युवा पीढ़ी में भावनात्मक स्थिरता और धैर्य पैदा करना चाहिए। जेएमए के प्रेसिडेंट श्री चाणक्य चौधरी ने भी एक लीडर में विश्वसनीयता के महत्व पर बात की। संबोधन के बाद दर्शकों के साथ प्रश्नोत्तरी सत्र का दौर चला। एआईएमए के प्रेसिडेंट के साथ, श्री संजय ग्रोवर, निदेशक - लोकल मैनेजमेंट एसोसिएशन रिलेशन्स एंड मेम्बरशिप और युथ लीडर काउंसिल एआईएमए भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में आईएसडब्ल्यूपी के एमडी, टीएसयूआईएसएल के एमडी, डीन एमटीएमसी, कटक, झरिया कोलफील्ड, रांची, पटना से एलएमए प्रतिनिधि उपस्थित थे। जमशेदपुर संगठनों के कर्पोरेट परिषद के सदस्य, जेएमए सहयोगी, जेएमए एग्जीक्यूटिव बोर्ड और प्रबंधन टीम के सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग पर सांसद ने दी बधाई

**जमशेदपुर।** चंद्रयान - 3 के चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग होने पर सांसद विद्युत वरण महतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं देश के समस्त वैज्ञानिकों के टीम को अपनी ओर से बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी है। मिशन चंद्रयान - 3 के चंद्रमा के सबसे कठिन दक्षिणी ध्रूव पर उतरने वाला पहला देश बनने पर अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि देश के समस्त वैज्ञानिकों के टीम भावना के साथ साथ देश के सशक्त ,सक्षम और दूरदृष्टि वाले नेतृत्व का यह परिणाम है। उन्होंने इस सामूहिक प्रयत्नों को नमन करते हुए कहा कि मोदी जी के कारण ही यह अभियान सफल हो पाया है। आने वाले वर्षों में भारत निश्चित रूप से दुनिया के सबसे विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल होगा वह दिन अब दूर नहीं है। सांसद श्री महतो ने वैज्ञानिकों की टीम में युवा वैज्ञानिक आयुष झा को भी विशेष रूप से बधाई दी है ।

# भाजपा लांच करेगी दो दिवसीय मतदाता चेतना महाअभियान

### नये मतदाताओं को जोड़ने और मतदाता सूची में संशोधन के लिए घर-घर जायेंगे कार्यकर्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मिशन 2024 की चुनावी तैयारी में जुटी भारतीय जनता पार्टी नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने जा रही है। भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा इस दो दिवसीय मतदाता चेतना महाअभियान की शुरुआत शुक्रवार को होगी। 25 और 26 अगस्त के दो दिवसीय मतदाता चेतना महाअभियान के माध्यम से भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को 18 साल के ऊपर के युवाओं का नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने का लक्ष्य दिया है। इसके तहत 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं के वोटर आईडी कार्ड बनवाये जाएंगे। इसके साथ ही, जिन लोगों के नाम को लेकर वोटर लिस्ट में कोई त्रुटि है, उसे भी सुधार करवाया जाएगा। दो दिवसीय अभियान के तहत जिन लोगों के नाम किन्हीं कारणों से वोटर लिस्ट से हट गये थे, उनके नाम पुनः वोटर लिस्ट में जुड़वाये जाएंगे। भाजपा जमशेदपुर महानगर मीडिया प्रभारी प्रेम झा के द्वारा जारी पार्टी के प्रेस-विज्ञप्ति में बताया गया कि पार्टी ने मतदाताओं के बीच चेतना जागृत करने के उद्देश्य से मतदाता चेतना महाअभियान की शुरुआत की है। विज्ञप्ति में बताया गया कि अगर यूवा 18 साल के हो गए हैं या एक जगह से दूसरी जगह पर शिफ्ट हुए हैं तो फार्म छह भरे, एक फोटो अपना आधार कार्ड, जन्मतिथि का प्रमाण पत्र के साथ इस फर्म को जमा कर दें। इस मुहिम के तहत कार्यकर्ता लोगों को जागरूक करते हुए बताएंगे कि अगर मतदाता सूची में कोई अनाधित वोटर, संदिग्ध का नाम है तो फर्म -7 भरें। इसमें आपत्ति के समर्थन में दस्तावेज जैसे डेथ सर्टिफिकेट, अब्जेक्टिव एप्लीकेंट का म्च्प्ब नंबर भरकर जमा कर दें। घर-घर संपर्क करते हए भाजपा कार्यकर्ता ये भी बताएंगे कि अगर किन्हीं को अपने वोटर डिस्ट्रीब्यूशन में कोई सुधार करना है तो फर्म 8 को भरें। अगर आपको अपना पता बदलना है तो, पते की कपी फर्म -8 के साथ लगा दें, दिव्यांग व्यक्ति को चिन्हित करने के लिए दिव्यांग व्यक्ति का प्रमाण पत्र फर्म के साथ अटैच कर दें। इसके अतिरिक्तम्च्प्ब के पदस्थापन के लिए भी इसी फर्म के जरिए आप सुधार करा सकते हैं। भाजपा की ओर से बताया गया कि फर्म भरने के लिए चुनाव आयोग की मतदाता सेवा पोर्टल ूअवजमतेमेपहवअप्द पर लगिन करें अथवा मतदाता हेल्पलाइन 1950 पर संपर्क करें।

### एक नजर में

### चंद्रयान की सफलता का मनाया जश्न



**जमशेदपुर।** गोलमुरी स्थित हेमकुंड पब्लिक स्कूल मे चंद्रयान 3 के सफलता विद्यार्थिओं ने केक काट कर जश्न मनाया । हेमकुंड पब्लिक स्कूल के निदेशक और राज्य पर्वेक्षण बोर्ड के सदस्य श्री पारस नाथ मिश्रा ने हर कक्षा प्रथम ,द्वितीय और तृतीय् स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ मिल कर केक काटा और अपने हाथों बच्चों का मुंह मीठा करवाया। मौके पर पारस नाथ मिश्रा ने कहा की इसरो के विज्ञानिको ने अपने मेहनत से हर भारतीय का सर गर्व से ऊंचा कर दिया । चंद्रयान 3 की सफलता ने एक इतिहास रच दिया है और चांद पर तिरंगा लहराना हम हिन्दुस्तानी के लिए अद्भुत और अद्वित्य पल् है । पारस नाथ मिश्रा ने विद्यार्थिओं से मन लगा कर पढ़ने और देश का नाम रोशन करने का सलाह दिया । देश प्रेम से ओत प्रोत विद्यार्थियों ने हेमकुंड पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे राष्ट्रगान गा कर कार्यक्रम की समाप्ति की । कार्यक्रम मे विद्यार्थियों के साथ साथ शिक्षक उपस्थित थे ।

### कदमा रंकिणी मंदिर में दुर्गापूजा पंडाल का भूमि पूजन संपन्न



**जमशेदपुर।** कदमा स्थित रंकिणी मंदिर में दुर्गा पूजा के लिए भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर पूजा कमेटी के लोगों ने कहा कि इस वर्ष दुर्गा पूजा के 75 वां वर्ष का आयोजन किया जा रहा है और हर वर्ष की भांति इस वर्ष का पूजा पंडाल कदमा में निश्चित ही आकर्षण का केंद्र होगा क्योंकि इस भव्य पंडाल को कोलकाता के कारीगरों द्वारा थीम आधारित पंडाल का निर्माण किया जा रहा है । इस पंडाल की बनावट काफी बारीकी से की जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए दुर्गा पूजा कमेटी प्रबंधन ने कहा कि पूजा में ढाकी कंटाई बंगाल की है। मूर्ति केदार महल्लक द्वारा बनाई जा रही है। पंडाल में रंग-बिरंगी लाइटों की अनोखी व्यवस्था की जाएगी जो देखने लायक होगी। एवं थीम आधारित वन्दे भारत रूप के ट्रेन को भी चलाई जाएगी । जो निश्चित हि जमशेदपुर में आकर्षण का केंद्र होगा । इसके अलावा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जायेंगे साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिए कदमा थाना की सहायता के अलावा प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड की भी व्यवस्था की जाएगी। अग्निशामक उपकरण भी लगाये जाऐंगे। दुर्गा पूजा के संचालन कमिटी : अध्यक्ष - दिलीप दास, महासचिव - जनार्दन पाण्डेय, उपाध्यक्ष श्री के जी गोविंद के अलावा एस.रमेश कुमार, ए.आर.डे (बापी दा), हरभजन सिंह, नरेन्द्र कुमार, आर एम पी सिंह, पी के सिंह, नन्द कुमार, गोविन्द प्रसाद सिंह एवं सहित कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### डॉ जहांजेब खान सर्जरी पीजी की करेंगे पढाई, सिटी एसपी ने दी बधाई

**जमशेदपुंर।** मानगो के आजादनगर निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मोख्तार आलम खान के पुत्र डा जहांजेब खान महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज एवं हॉस्पिटल से 2020 में एमबीबीएस पास करने के बाद पीजी नीट में अच्छे नंबर से क्वालिफाई करके अब इसी अस्पताल से पीजी भी करेंगे। उन्होंने पीजी सीट पर दाखिला करवा लिया है। डॉक्टर जहांजेब ने केरला पब्लिक स्कूल से मैट्रिक कर एमएनपीएस स्कूल से प्लस टू की पढाई की और 2015 में जेसीईसीई क्वालिफाई कर एमजीएम कॉलेज से एमबीबीएस की शिक्षा प्राप्त की और नीट पीजी जो के 2023 मार्च में हुआ था उसमे भी सफलता प्राप्त कर शहर के एमजीएम अस्पताल के जनरल सर्जरी की पीजी सीट पर अपनी जगह बनाई है। ऊपर वाले का धन्यवाद करते हुए उन्होंने इस कामयाबी का श्रेय अपने माता पिता एवं परिवार को दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक के विजय शंकर द्वारा बधाई दी और भविष्य में बेहतर करने की कामना की।

# श्रीनाथ विवि और टाइम्स प्रो के बीच हुआ एमओयू

### समझौते से छात्र-छात्राओं के करियर व कौशल विकास में मदद मिलेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो




समझौते के बाद दस्तावेज के साथ जे राजेश व प्रवीण महेंद्र।

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय और टाइम्सप्रो के बीच में 100ः प्लेसमेंट के लिए एक एमओयू किया गया । टाइम्सप्रो एक अग्रणी व्यावसायिक शिक्षा संस्थान है जो शीर्ष उद्यमियो के साथ मिलकर कौशल-केंद्रित पाठ्यक्रम प्रस्तुत करता है जो शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच के अंतर को पाटता है। टाइम्सप्रो छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और नौकरी के लिए कौशल के साथ सशक्त बनाता है। यह श्रीनाथ विश्वविद्यालय की ओर से कैरियर-केंद्रित शिक्षा की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम है । एमओयू पर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के डीन एडमिनिस्ट्रेशन श्री जे. राजेश और टाइम्सप्रो के इंस्टीट्यूशनल अलायंस के प्रमुख श्री प्रवीण महेंद्र ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डा. संतोष कुमार और टाइम्सप्रो के क्षेत्रीय प्रमुख श्री सुदीप कुमार साहा भी उपस्थित थे । यह एमओयू श्रीनाथ विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता और टाइम्सप्रो की उद्योग विशेषज्ञता को एक साथ लायेगा और छात्रों को 100प्रतिशत प्लेसमेंट के विशेष कौशल और ज्ञान प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा । टाइम्स प्रो टाइम्स आफ इंडिया की अकादमिक क्षेत्र मे एक पहल है जो छात्र के लिए रोजगार के अवसर सृजित करती है डा. संतोष कुमार ने एमओयू पर बात करते हुए कहा कि ''श्रीनाथ विश्वविद्यालय में, हमारी प्रतिबद्धता हमेशा ऐसी शिक्षा प्रदान करने की रही है जो सार्थक हो साथ ही उससे छात्रो का करियर भी बने । टाइम्सप्रो के साथ यह सहयोग हमारे छात्रों को मजबूत बनाने की दिशा में एक कदम है। टाइम्सप्रो के प्रवीण महेंद्र ने कहा कि , टाइम्सप्रो शिक्षा जगत और उद्योग के बीच अंतर को पाटने के लिए समर्पित है। श्रीनाथ विश्वविद्यालय के साथ हमारी साझेदारी यहां के छात्रों को करियर बनाने में तथा आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल और अवसर प्रदान करेगा ।

## स्पीड न्यूज

### सभी पंचायत सचिवालय में पशु चिकित्सा शिविर की तिथि निर्धारित

**मोहम्मदगंज पलामू।** बरसात के इन दिनों पालतू पशु में लम्पी सहित विभिन्न मौसमी बीमारी से पशुपालक परेशान है। पशुपालन विभाग निष्क्रिय है। पशुपालकों से प्राप्त शिकायत को लेकर गुरुवार को जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह और प्रमुख प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सा केंद्र पहुँचे और चिकित्सक के बारे में जानकारी लिए। मौके पर चिकित्सक नही मिले। प्रतिनिधियों ने मोबाइल पर चिकित्सक से बात कर प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में यथाशीघ्र पशु चिकित्सा शिविर लगाने की बात कही है। मालूम हो कि पूरे हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में एकमात्र पशु चिकित्सक प्रतिनियुक्त है,जिनके जिम्मे हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के अलावा मोहम्मदगंज और हैदरनगर प्रखंड स्थित पशु चिकित्सा केंद्र का प्रभार है। प्रतिनिधियो का पशु चिकित्सक से बातचीत के बाद प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवालय में पशु चिकित्सा शिविर का दिन तय किया गया।

### हत्या के आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा

**मेदिनीनगर ।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के एससी-एसटी कोर्ट के स्पेशल जज संतोष कुमार की अदालत ने घर में आग लगाकर जान मारने के आरोपी पिपरा टाड़ के कोटेया निवासी अमित कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है । वहीं विभिन्न धाराओं में लगभग 80 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में तरहसी थाना के उदयपुर निवासी संजय पासवान ने अमित कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह सहित छह नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराया था। इस मामले में तीन लोगों को पहले ही सजा हो चुका है। जबकि तीन लोग फरार चल रहे हैं । वहीं अमित कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को अदालत से साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### पशुओं में बीमारी की रोकथाम के लिए नि:शुल्क टीकाकरण प्रारंभ

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों में पशु पालन विभाग के द्वारा पशुओं में होने वाली बीमारी खुरहा -चपका (एफडीएम) को रोकथाम के लिए निशुल्क टीकाकरण शुरू कर दिया गया है ।यह टीकाकरण अभियान सतबरवा प्रखंड के भ्रमणशील पशु चिकित्सक मोहम्मद तौफीक अहमद के देखरेख में चल रहा है। डॉ अहमद ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत के गांवों में पशुओं को खुरहा - चपका जैसे बीमारी से बचाव के लिए नि:शुल्क टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है जिसके लिए सभी पंचायत में एक-एक पशु मित्र की प्रति नियुक्ति की गई है ।डॉ अहमद ने बताया कि टीकाकरण को लेकर पशु चिकित्सकों को भी जागरूक होने की जरूरत है ताकि सरकार का यह अभियान सफल हो सके ।वहीं उन्होंने बताया कि 6 माह से कम उम्र तथा गर्भवती पशुओं को टीका नहीं लगया जाएगा। वही लक्षण के बारे में डॉ अहमद ने कहा कि पशुओं के मुंह में घाव होना, मुंह से लार आना तथा पैर में घाव होना खुरहा -चपका बीमारी का मुख्य लक्षण है। इस अभियान में पशु मित्र नंदू प्रसाद ,वीरेंद्र कुमार ,प्रवीण कुमार, चंदन कुमार, ओम प्रकाश यादव, सुमन कुमार रजक, राजा,राम ,,मनीष यादव को लगाया गया है।

### सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण : मुखिया



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के सगुना पंचायत के मुखिया मंजु देवी के द्वारा सोना सोबरन योजना का शुभारंभ किया गया। मौके पर मुखिया मंजु ने पीडीएस डीलर मानती कुंवर के दुकान पर सौ लोगों को धोती साड़ी का वितरण किया। मुखिया ने सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना को जनहित में चलाई जा रही योजना बताया । लाभकों को इस योजना का लाभ लेने के लिए कहा। कहा कि हर हाल में लोगों तक सरकार की योजना पहुंचाया जायेगा। इस मौके पर पीडीएस डीलर मानती कुंवर, समाज सेवी सुरेन्द्र सिंह, सैदुल अंसारी, रुपेश सिंह, प्रिन्स कुमार, इमामुद्दीन अंसारी , सगुनी ग्राम के लाभुक उपस्थित थे।

### लंफी स्कीन डिजिज बीमारी का दवा वितरण



**पाटन पलामू।** पशु पालन विभाग द्वारा पाटन प्रखंड के पुर्नी पाटन गांव में दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। लंफी स्कीन डिजिज बीमारी का ग्रामीणों के बीच दवा वितरण किया गया। शिविर समाज सेवी संजय सिंह घर प्रांगण में लगाया गया। ग्रामीणों को सिरफ, पाउडर व टेबलेट दिया गया। मौके पर पाटन की डा पशु चिकित्सा प्रभारी डा मनीषा , अनुसेवक राजेंद्र राम, एआई वर्क अभिमन्यु मेहता, ब्रह्मदेव सिंह, ग्रामीण नागेंद्र शर्मा, बुटन मोची, संतोष शर्मा, लाल मोहन राम, सुधीर प्रसाद, अशोक शर्मा, मानो कुंवर, उषा देवी, पनमली देवी शामिल थे।

### हंगामा के बीच बीएफएसी का चुनाव स्थगित



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड कृषि सलाहकार समिति का चयन नहीं हो सका। प्रखंड प्रमुख कमला देवी की अध्यक्षता तथा जिप सदस्य मंजू देवी की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही हंगामा शुरू होने के कारण चुनाव प्रक्रिया स्थगित कर दी गई। हीरालाल यादव,रामध्यान शर्मा, अरविंद शर्मा, रामवृक्ष मस्ताना, बब्लू कुमार, अखिलेश मेहता सहित कई किसानों ने बताया कि एटीएम प्रवीण जहां द्वारा चयन की प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी नहीं देने के कारण किसानों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिसके कारण हंगामा हुआ। उधर हंगामा से नाराज हो कर प्रखंड प्रमुख सभागार से उठकर अपने कार्यालय में चली गई। बाद में चुनाव स्थगित होने की घोषणा की गई। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि चुनाव की अगली तारीख बाद में घोषित की जाएगी।

### उपायुक्त ने किया मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने बारी-बारी से एमएमसीएच के सभी विभागों में पंहुचकर निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में डीपीएम,सिविल सर्जन को अस्पताल परिसर की साफ-सफाई रखने, ऑक्सीजन की व्यवस्था,पुराने और छोटे चहारदीवारी और पुराने जर्जर भवन को हटाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने एमएमसीएच के नए निमार्णाधीन भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नए निर्माणधीन भवन का कार्य 31 अगस्त तक पूर्ण करने हेतु सबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

# महिला एंटरप्रेन्योर्स के लिए है असीम संभावनाएं : आनंद शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आगामी बिजनेस एंटरप्रेन्योरशिप एनक्लेव कार्यक्रम के निमित्त चेंबर की महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती शर्मिला वर्मा और उनके सभी पदाधिकारी के साथ चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर एवं सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने एक महत्वपूर्ण बैठक की । बैठक में महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला ने कहा कि उनके पास सैकड़ों फोन रोज आ रहे हैं जो उन महिलाओं के हैं जो स्वरोजगार करना चाहती हैं । चेंबर के इस कार्यक्रम से लाभ उठाना चाहती है। बैठक में पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने उन्हें जानकारी देते हुए बताया कि आज के समय में स्वरोजगार एक प्रतिष्ठित कार्य हो गया है और सरकार की तरफ से कई प्रोत्साहन योजनाएं चलाई जा रही हैं । सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी और महिलाओं को किन-किन कागजात के साथ आवेदन देना है इस पर भी चर्चा की । चर्चा के क्रम में पाया गया कि आवश्यक



कागजातों में पैन कार्ड अधिकतर महिलाओं के पास नहीं है। इस पर अध्यक्ष आनंद शंकर ने बैठक में लोगों को आश्वस्त किया कि आगामी 3 सितंबर को होटल ज्योतिलोक में एक और बैठक की जाएगी जो एक रूपरेखा तैयार करेगी और जिसमें चैंबर से संबंधित सीए सरस जैन एवं सीए जय शर्मा भाग लेंगे जो ऑन द स्पॉट उद्यम सर्टिफिकेट और पैन कार्ड बनाने के लिए मदद करेंगे एवं मार्गदर्शन देंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी 3 सितंबर को इस विषय की जानकारी रखने वाली मोटीवेटर एवं महिला एंटरप्रेन्योर्स को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तरीय प्रसिद्ध महिला आस्था किरण एवं मोटीवेटर रेणु गोपीनाथ इस कार्यक्रम में महिलाओं को जागृत करने का प्रयास करेंगे।आनंद शंकर ने बताया कि तीन सितंबर के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह होगा कि जो हमारी आगामी बिजनेस कॉन्क्लेव है उससे पहले ही हम अपने दस्तावेज तैयार रखें, ताकि जब रांची से एमएसएमई के डायरेक्टर इंद्रजीत प्रसाद यादव एवं बैंक के वरीय पदाधिकारी आयें तो उन्हें हमें लोन देने में कठिनाई न हो । चेंबर का प्रयास रहेगा कि उक्त बैठक में कम से कम 50 लोन का निष्पादन कराया जाये। महिला विंग की पदाधिकारियो ने इस सारे कार्यक्रम का स्वागत किया और चेंबर अध्यक्ष को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेंबर अध्यक्ष ,सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल के अलावा महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा , सचिव प्रियंका सिंघानिया , उप सचिव फरहा नाज , उपाध्यक्ष राखी सोनी , कोषाध्यक्ष प्रियंका साहू, सदस्य रिनू शर्मा , अनुप्रिया पांडे , वर्षा तिवारी , सुषमा देवी उपस्थित थी।

# संस्कृति और प्रकृति सिक्के के दो पहलू : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर ।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं के बीच मेहंदी एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई । छात्राओं में इस आयोजन को लेकर काफी उमंग देखा गया और सभी ने इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेदिनीनगर निगम की प्रथम महापौर सह महाविद्यालय की अध्यक्ष अरुणा शंकर , डायरेक्टर शिवानी आनंद एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अनुपमा गुप्ता ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । इस मौके पर महापौर अरुणा शंकर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा सावन महोत्सव हमारे संस्कृति की एक परंपरा है और इस माह का धार्मिक महत्व भी है। हमें अपने संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए



क्योंकि जब हम अपने संस्कृति के करीब होते हैं तभी हम प्रकृति के भी करीब होते हैं । संस्कृति और प्रकृति दोनों ही सिक्के के दो पहलू है और हमारा संस्थान अपने संस्कृति को अदभुत बनाए रखने में हमेशा से ही तत्पर रहा है । इस अवसर पर कॉलेज की डायरेक्टर शिवानी आनंद ने कॉलेज की छात्राओं की भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि हमारे कॉलेज के छात्राओं का चहुमुखी विकास हो रहा है जो उनके जीवन एवं समाज में बराबर काम आएगा । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर अनुपमा गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह महोत्सव हमारे संस्कृति और परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार करता है । मेहंदी कंपटीशन में प्रथम स्थान नेहा कार्तिक, द्वितीय श्रेया कुमुद एवं तृतीय साग्नि कुमुद ने प्राप्त किया ।

# शिक्षा की गुणवत्ता के साथ लापरवाही नहीं की जायेगी बर्दाश्त : शशिरंजन

## जांच पुरा होने तक फर्जी हाजिरी बनाने वाले शिक्षकों के वेतन पर स्टे लगाने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर ।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में गुरुवार को शिक्षा विभाग एवं एमडीएम स्टियरिंग कमिटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त शशि रंजन ने बैठक में शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान भोजन, स्कूलों में रंग रोगन, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, साफ सफाई, खर्च, फण्ड, बीआरसी केंद्र, बच्चों के बीच किताबो का वितरण आदि मामलों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिले के शिक्षकों की फर्जी हाजरी बनाने की शिकायतों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने एक तकनीकी टीम गठित कर फर्जी हाजिरी के मामले की जांच करने हेतु जिला सबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया और जांच पूरी होने तक फर्जी हजारी बनाने वाले शिक्षकों की वेतन पर स्टे लगाने का निर्देश दिया। तत्पश्चात उपायुक्त ने सबंधित अधिकारियों को जिले के सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों के बीच मध्यान भोजन मेन्यू के अनुसार देने,स्कूलों की साफ-सफाई बेहतर रखने, हाजिरी रजिस्टर मेंटेन रखने, खर्च का ब्यौरा रखने, स्कूलों में पेयजल की अच्छी व्यवस्था, शौचालय की साफ-सफाई रखने, स्कूलों की रंग-रोगन बेहतर तरीके से करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सबंधित अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन स्कूलों में विजिट करने और उपायुक्त को मासिक रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता से खिलवाड़ किसी भी हालात में बर्दास्त नही की जाएगी। जिले में शिक्षा का स्तर बेहतर करने के लिए ततपरता से काम करने की जरूरत है। शिक्षक नियमित रूप से स्कूल जाएं और बच्चों की पठन पाठन बेहतर करें। सबंधित अधिकारी और शिक्षकों से किसी भी प्रकार की लापरवाही होती है तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बैठक में उपायुक्त शशि रंजन के अलावे सहायक समाहर्त्ता रवि कुमार,जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# लोजपा नेता अजय पासवान के मौत मामले में एफआईआर दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के देवरी कला निवासी व लोजपा नेता अजय कुमार पासवान उर्फ राजेश राम की मौत अभी तक रहस्यमय बना हुआ है । इस मामले में मृतक के पत्नी पुष्पा देवी ने हुसैनाबाद थाना में एक लिखित आवेदन देकर उनके ही साथी के द्वारा गाड़ी चढ़ाने स्टेशन ले जाकर हत्या करने का आरोप लगाई हैं । आवेदन में पुष्पा देवी ने लिखी हैं मेरे पति अजय उर्फ राजेश राम दिनांक 21अगस्त 23 को घर पर थे उसी समय रात्रि में करीब 10:15 बजे मेरे ही गांव के मजहर खान व चिंटू खान ने अपने रिलेटिव को जपला रेलवे स्टेशन पर गरीब रथ ट्रेन धहराने के लिए घर से लेकर गए और रात भर नही आये मुझे किसी गाँव के व्यक्तियों के द्वारा सूचना मिली कि आपके पति रात्रि में जपला रेल सड़क ओवरब्रिज पर गिरे हुए थे जिन्हें अस्पताल ले जाया गया हैं। लेकिन अस्पताल में जाने से पूर्व मेरे पति की मृत्यु हो गयी थी मुझे पूरा विश्वास की मेरे पति को उक्त दोनों लोगो के द्वारा हत्या की गई हैं। इनके असामयिक मौत से क्षेत्र के हर राजनीतिक व सामाजिक लोगो को आघात पंहुचा हैं लेकिन घटना हृदयगति रुकने के कारण बताई जा रही थी लेकिन सबसे दिलचस्प बात हैं कि अजय जिस अपने दो अजीज साथियों के रिलेटिव स्टेशन छोड़ने आये थे उन लोगो के द्वारा घटना होने के बाद छोड़कर भाग जाने की बात सामने आई थी और तब से उक्त दोनों व्यक्ति क्षेत्र से गायब हैं और फोंन बन्द आ रहा हैं जिसके कारण घटना ने नए मोड़ की ओर रुख कर लिया है । वही लोजपा के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष विक्रमा सिंह ने इस मामले में मौत की जांच होनी चाहिए ।

# चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग पर डिग्री कॉलेज में बांटी गई मिठाई



**खबर मन्त्र सांवददाता**

**तरहसी पलामू ।** तरहसी स्थित सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय डिग्री कॉलेज में चंद्रयान 3 का चंद्रमा पर सफल लैंडिंग होने पर महाविधालय के पूरे परिवार की ओर से इसरो के सभी वैज्ञानिक को शुभकामनाएं दी गई। इस खुशी के अवसर पर महाविधालय में मिठाईयां भी बांटी गई। कॉलेज के प्रो0 इंचार्ज प्रो0 प्रभाकर ओझा ने कहा कि यह मिशन पूरे भारत के लिए गौरव की बात है एवं पूरे दुनिया में भारत का परचम लहराया ।मौके पर प्रो0 नेयाज अहमद ,प्रो0 अंजनी नंदन पाठक प्रो राजकुमार,प्रो धर्मेंद्र कुमार, प्रो0 सिम्पी गुप्ता , प्रो0 वसीम अकरम , प्रो0 सरिता कुमारी , प्रो0 कमला कुमारी , प्रधान लिपिक प्रशांत सिंह अकेला , सरजू राम , अनिल पासवान , अनिल यादव उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### चन्द्रयान-3 की सफलता ने पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ाया : कर्नल संजय



**हरिहरगंज (पलामू)।** मिशन चन्द्रयान-3 की सफलता पर जिले भर में जश्न मनाया गया। हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरवार में पंचायत वासियों की ओर से मुख्य चौराहे पर आतिशबाजी की गई एवं मिठाइयां बांटी गई और भव्य जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने तिरंगा झंडा दिखाकर जुलूस का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में कर्नल संजय सिंह ने बताया कि भारत के महान वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, शोध एवं तपस्या के फलस्वरूप आज चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक लैंड हो गया। यह पूरे देश के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा घोषित इस अमृत काल में भारत ने नई कीर्तिमान स्थापित किया है।

### टेस्ट के साथ हेल्दी फूड है आज के दौर की मांग : दीपक



**मेदिनीनगर।** पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर विकासशील है। फास्ट फूड जैसे कम पूंजी का निवेश रोजगार के लिए आसान जरिया है। उक्त बातें झामुमो नेता दीपक तिवारी ने कही। श्री तिवारी पांकी रोड स्थित सुरेश सिंह चौक पर कृष्णा फास्ट फूड का फीता काट कर शुभारंभ किया। इस दौरान दीपक ने फास्ट फूड को टेस्टी बनाने के साथ हेल्दी बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने बताया कि कम समय में ज्यादा पैसा कमाने की चाहत में लोग इंसान के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आते हैं। जिस पर सभी खाने वाली सामग्री बेचने वाले दुकानदारों को विशेष ध्यान रखनी चाहिए। मौके पर झामुमो नेता दीपक तिवारी ने कहा कि पांकी रोड घनी आबादी का इलाका है, जहां एक भी ऐसी दुकान नहीं थी। इसके लिए प्रोपराइटर हर्ष कुमार मिश्रा को बधाई दी। वहीं बताया कि स्थानीय लोगों को भी चाहिए कि मुहल्ले में खुलने वाले फास्ट फूड कॉर्नर एवं अन्य दुकानों से खरीदारी करनी चाहिए, ताकि रोजगार को बढ़ावा भी मिले। साथ ही आपको स्वस्थ एवं शुद्ध खाने की सामग्री स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो।

### चिकित्सकों की टीम ने किया बेतला में 60 वर्षीय बीमार हथिनी जूही का उपचार



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर के क्षेत्रीय निदेशक डा कुलदीप तिर्की, पलामू आयुक्त के सचिव विजय मतियस टोप्पो, पलामू जिला पशुपालन पदाधिकारी डा प्रभाकर सिन्हा, गढ़वा जिला पशुपालन पदाधिकारी डा विद्यासागर सिंह, प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय बेतला लातेहार के निरीक्षण के क्रम में हाथी संरक्षण केंद्र में जूही नामक 60 वर्षीय हथिनी के दोनों पिछले जांघों में गहरा घाव पाया। तत्काल क्षेत्रीय निदेशक के निर्देश पर एक टीम गठित कर उस घायल हथिनी का उपचार किया गया। टीम में पशुपालन पदाधिकारी डा प्रभाकर सिन्हा, डा विद्यासागर सिंह, डा अनुप विलियम लकड़ा, भ्रमण पशु चिकित्सा पदाधिकारी बेतला के डा मीरा सिंह ने घायल हथिनी का उपचार किया। उपचार के क्रम में पाया गया कि हथिनी के दोनों जांघों में इंफेक्शन के कारण गहरा जख्म लंबे समय से हो गया था। जिसका उपचार चल रहा है। सदर मेदिनीनगर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा अनुप विलियम लकड़ा के द्वारा बताया गया कि जूही जल्द ही स्वस्थ्य हो जायेगी। बेतला प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का भवन जर्जर अवस्था में है। जिस कारण हादसा हो सकता है। पलामू प्रमंडल के पशुपालन क्षेत्रीय निदेशक कुलदीप तिर्की ने आश्वासन दिया कि चिकित्सालय भवन का मरम्मति जल्द कराया जायेगा। साथ ही कर्मियों का पदस्थापना भी कराया जायेगा।

# डीलर ने अगस्त माह का नहीं किया राशन वितरण

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के सेमरा पंचायत के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार दिनेश शर्मा ने अगस्त माह का राशन कार्ड धारी से अंगूठा लगवा कर भी वितरण नहीं किया। गुरुवार को कार्डधारी शोभा देवी, संजू देवी ,शकुंती देवी, मालती देवी, रंजीत भुईयां,कुंवर कुंवर, सिमित्री देवी, कांति देवी, किरण देवी, विशुनदेव राम सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि डीलर अंगूठा लगवा लिया इसके बाद कह रहा है कि अगस्त माह का राशन ही नहीं मिला है तो राशन कहां से दें। कार्डधारियों ने बताया की डीलर राशन भी कम देते हैं। दिनेश शर्मा खुद के नाम पर राशन कार्ड भी रखे हैं और राशन का उठाव भी करते हैं गोदाम के एजीएम संजीव कुमार ने बताया कि डीलर दिनेश शर्मा 16 अगस्त को राशन का उठाव कर लिए हैं। प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह बीडीओ गिरवर मिंज ने कहा कि अब तक डीलर को राशन वितरण कर लेना चाहिए था तथा अंगूठा लगवा कर राशन नहीं देना एक बहुत बड़ा अपराध है।

# सीओ और थाना प्रभारी ने समय अवधि समाप्त होने के पश्चात कोयला ले जाते तीन ट्रक को किया जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंचलाधिकारी झुन्नु मिश्रा एवं थाना प्रभारी अभय सिन्हा की तत्परता से समय अवधि समाप्त होने के उपरांत कोयला ले जा रहे तीन ट्रक को प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स के द्वारा पकड़ा गया। जांच के उपरांत अवैध पाए जाने पर ट्रक मालिक चालक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने शहर थाना में प्राथमिक की दर्ज करवाई एवं जांच कर संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गुप्त सूचना के अनुसार खनन टास्क फोर्स की टीम के द्वारा 17 अगस्त की रात्रि में वाहनों की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान तीन ट्रक के द्वारा कोयला ले जाया जा रहा था,जब जांच दल के द्वारा चालक से कागजात की मांग की गई एवं उपलब्ध कागज की जांच की गई तो समय अवधि समाप्त होने के उपरांत



कोयला ले जाते हुए पाया गया, जिस पर कोयला समेत ट्रक को जब्त कर लिया गया एवं इसकी सूचना जिला खनन पदाधिकारी को दी गई। जिस पर जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा पोर्टल पर जांच की गई तो समय अवधि समाप्त होने के उपरांत कोयला ले जाते हुए पाया गया, जिस पर कार्रवाई करते हुए डीएमओ के द्वारा ट्रक चालक मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ शहर थाना मेदिनीनगर में प्राथमिक दर्ज करवाई गई। जानकारी के अनुसार ट्रको पर लदा कोयला मध्य प्रदेश सिंगरौली जा रहा था।

# संविधान को खत्म करने की रची जा रही है साजिश : उमैर

## कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष का पलामू में जोरदार स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक अध्यक्षता में कांग्रेस भवन के मैदान में झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी उमैर खान एवं झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मंजूर अंसारी का स्वागत किया गया। साथ ही सभा का आयोजन किया गया । सभा में अल्पसंख्यक कांग्रेस झारखंड प्रदेश प्रभारी उमैर खान ने कहा कि आज देश विकट स्थिति से गुजर रहा है देश में अशांति का माहौल बना दिया गया है । भारतीय जनता पार्टी ने मणिपुर की स्थिति ऐसी कर दी है कि वहां के लोग भाई के माहौल में गुजर बसर कर रहे हैं और प्रधानमंत्री को उसकी फिक्र तक नहीं है । देश के संविधान को खत्म करने की साजिश रची जा रही है जबकि हमारे देश के संविधान में सभी लोगों को हक और अधिकार दिया गया है उसे बचाना है । उन्होंने आग्रह किया है कि इस बार आने वाले लोक सभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकना है और कांग्रेस पार्टी को जीत दिलानी होगी तभी जाकर देश एक सुरक्षित हाथों में आ सकेगा । देश और संविधान की रक्षा सिर्फ कांग्रेस पार्टी कर सकती है । अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष मंसूर अंसारी ने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी का गठन पूरे झारखंड में हो गया है और पलामू जिला का अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी बहुत मजबूत दिखाई दे रही है । सभी के मेहनत से पूरे झारखंड के लोकसभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी को जीतेंगे । कांग्रेस पार्टी हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। धन्यवाद ज्ञापन पलामू जनरल मो शहरयार अली खान ने किया। मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व प्रत्याशी सज्जाद खान, विनोद तिवारी, जितेंद्र कमलापुरी ,गढ़वा जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह खान, प्रदेश के नेता महमूद अली ,हसनैन जैदी, मो गुलरेज, मो रुस्तम अख्तर अली, तौकीर अख्तर, मोजम्मिल अंसारी, हाजी मुमताज नदीम खान,फैयाज उर्फ छोटू खान, शमीम अहमद राईन ,सनाउल्लाह खान उर्फ सन्नू खान, मिट्ठू खान ,नसीम खान, वसीम अहमद खान, फहद फारूक ,गुड्डू खान, माजीद खान, इमरान कुरैशी, जरार खान, मिंटू रंगसाज,गुड्डू शाह, अनवर अंसारी हजारों का संख्या में लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## फंदे पर झूलकर युवक ने की आत्महत्या

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के उपरकुल्ही स्थित पोद्दारपाड़ा बेलाल मस्जिद के समीप रहने वाले स्वर्गीय छोटू मोदक के ( 30 वर्षीय) पुत्र बिरजू मोदक जिंदगी को त्याग कर मौत को स्वीकार किया । मृतक ने अपने घर की छत पर गमछे के सहारे फांसी लगाकर जिन्दगी को नकार दिया । घटना की सूचना झरिया पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने के साथ ही पुलिस उपरकुल्ही स्थित बिरजू के आवास पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक बिरजू कार ड्राइवर था। पिछले दो माह से वो अपनी पत्नी राधा देवी के साथ उसके कतरास झिंझिपहाड़ी स्थित ससुराल में रह रहा था। फिलहाल झरिया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्वदेशी जागरण मंच का स्वावलंबन अभियान जारी

**बोकारो।** स्वदेशी जागरण मंच के स्वावलम्बन अभियान कार्यक्रम में राष्ट्रीय परिषद के सदस्य दिलीप वर्मा ने कहा कि पूरे विश्व में कोई भी ऐसा देश नहीं है जो सभी को नौकरी दे सकता है। युवाओं को बताना होगा कि रोजगार का मतलब नौकरी नहीं है, बल्कि अपने खुद के कारोबार, प्रोफेशन के जरिए कैरियर बना सकते हैं बल्कि ज्यादा पैसा भी कमा सकते हैं। साथ ही वे नौकरी देने वाले भी बनेंगे। प्रांतीय परिषद सदस्य जयशंकर प्रसादए जिला संयोजक कुमार संजय आदि ने कहा कि हमने बैंकों के अधिकारियों और स्थानीय मैनेजमेंट विशेषज्ञों की भी सलाह ली है ताकि युवाओं को प्रैक्टिकल तरीके से उद्यमिता के बारे में बताया जा सके। इस अवसर पर कोष प्रमुख विनोद चौधरी, सदस्य अरविंद सिन्हा, कुमार संजय आदि उपस्थित थे।

## रोटरी मिड टाउन ने करायी चापाकलों की मरम्मत

**बोकारो।** रोटरी कपल ऑफ बोकारो मिडटाउन क्लब द्वारा भेलाटांड़ क्षेत्र में तीन चापाकलों की मरम्मत कराई गई। मौके पर अध्यक्ष अमीषा अग्रवाल ने कहा कि चापाकल तो गांव में हैए पर खराब होने के कारण बेकार थे। वहां के निवासियों ने उनसे संपर्क कर सहायता मांगी थी। उन्होंने कहा कि कई अन्य गांवों में जो चापाकल खराब पड़े हैं उन्हें भी ठीक करवा रहे हैं। सचिव मिनी ने कहा कि 48 परिवार इस गांव में रहते हैंए जो इससे लाभान्वित होंगे। प्रवक्ता अनूप अग्रवाल ने ग्रामीणों के बीच सेवा कार्य करने के प्रति क्लब की प्रतिबद्धता प्रकट की। मौके पर राजा जैनए कविताए अलकाए सजन कपूरए उमेश जैनए सनीए दिव्य आदि उपस्थित थे।

## बेरमो के नये थाना प्रभारी का स्वागत

**बेरमो।** युवा व्यवसाई संघ फुसरो के निवर्तमान सचिव अरविंद वर्मा और व्यवसाई अरशद हुसैन उर्फ सोनू ने बेरमो के नव पदस्थापित थाना प्रभारी अशोक कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। कहा कि थाना प्रभारी लोगों के हित में कार्य करेंगे और क्षेत्र शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे। इसी अपेक्षा के साथ मुलाकात की गई। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि लोग अफवाह पर ध्यान ना दें एवं थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की सहायता करें। किसी प्रकार की समस्या होने पर सबसे पहले बेरमो थाना को सूचित करें सभी समस्याओं का समाधान होगा।

### विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने पाथरडीह- सिंदरी पथ निर्माण का किया शिलान्यास

# 42.62 करोड़ से बनने वाली सड़क दो विधानसभा क्षेत्र को जोड़ेगी

**सड़क निर्माण से झरिया और सिंदरी के लोगों को धनबाद आने-जाने में होगी सुविधा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया विधानसभा अंतर्गत डी नोबिली मोड में लगभग 42 करोड 62 लाख रुपये की लागत से बनने वाले लगभग 13.71 किलोमीटर लंबी पाथरडीह सिंदरी पथ का झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह दैविक मंत्रोचार के साथ नारियल फोड कर शिलान्यास किया। उक्त कार्य राइडिंग क्वालिटी में सुधार तथा मजबूतीकरण कार्य का शिलान्यास सचेतक सत्तारूढ़ दल सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने विधिवत पूजन कर किया। शिलान्यास कार्यक्रम में सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी मुख्य रूप से मौजूद थी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए विधायक पूर्णिमा व तारा देवी को फूल माला व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा की इस कार्य का क्रियांवयन पथ प्रमंडल धनबाद द्वारा 06 माह में पूरा कराया जाना है। पथ के साथ नाली निर्माण तथा पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य भी किया जाना है। निर्माण कार्य पूरा होने से खास कर सिंदरी के लोगो को झरिया आवागमन में सुविधा होगी। उक्त मार्ग सिन्द्री से झरिया होते हुए धनबाद जाने के लिए महत्वपूर्ण सड़क है। जहां से भारी संख्या में लोग आना जाना करते है।



सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करतीं विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर झरिया विधायक प्रतिनिधि के डी पांडेय, सूरज सिंह, सिंदरी विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो, निवर्तमान पार्षद चंदन महतो, आफताब आलम, विनय रजवार, मुख्तार खान, भगवान दास, मनन यादव, उमाशंकर साही, वीरेंद्र तिवारी, अजीत महतो, राम कृष्ण पाठक, विजय कुमार तिवारी, सबूर गोराई, संतोष सिंह, जनार्दन धारी, राधेश्याम यादव, उपेंद्र यादव, राजेश यादव, अरविंद तिवारी, सूचित कुमार, अंकित सिंह, मृणाल कांत सिंह, निताई रजवार, सुबोध सिंह, हरेंद्र यादव, करीम अंसारी, बबलू सिंह, मकसूद अंसारी, लारा अंसारी, कैलाश, अक्षय लाल यादव सोमनाथ हजारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कतरास : घायल मजदूर से मिलने पहुंचे जमसं के केंद्रीय सचिव



**कतरास।** कतरास क्षेत्र के लकड‌का साइडिंग में ठनडू मोदी फीडर ब्रेकर कार्य के दौरान अचानक गिर पड़े। सूचना मिलते हीं जनता मजदूर संघ के केंद्रीय सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह ने घटना की जानकारी अंगार पथरा चिकित्सा पदाधिकारी जेपी राय को देते हुए घटनास्थल पर पहुंच गए। समय गंवा बगैर चिकित्सा पदाधिकारी जेपी राय भी एम्बुलेंस के साथ लकड‌का साइडिंग पहुंच कर वर्कर को अपने देखरेख में अंगार पथरा चिकित्सालय ले आए। प्राथमिक उपचार करने के बाद कर्मचारियों को घर भेज दिया गया है । श्री राय ने बताया कर्मचारी की स्वास्थ्य स्थिति नॉर्मल है। उन्होंने कहा,लगता है अचानक चक्कर आने के कारण वह गिर पड़ा जिससे उन्हें हल्की चोट आइ है।

## चास रोटरी के सदस्यों को मिला बुजुर्गों का आशीष

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा सोलागडीह स्थित वृद्ध आश्रम में आयोजित एक कार्यक्रम में रोटरी सदस्यों ने वहां उपस्थित सभी वृद्धजनों के साथ समय बिताया और उन्हें नए वस्त्र एवं फल उपहार स्वरूप भेंट किये। रोटरी की अध्यक्ष पूजा बैद ने बताया कि वृद्ध आश्रम में पहुंचकर वृद्धजनों के साथ जीवन की खुशियों के पलों को बांटने तथा वहां का माहौल खुशनुमा बनाने के लिए चास रोटरी के सदस्य वृद्ध आश्रम पहुंचे। कार्यक्रम के संयोजक मुकेश अग्रवाल ने कहा कि सभी रोटेरियन बुजुर्गों के पास आकर बेहद पारिवारिक माहौल को महसूस कर रहे थे। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि मानव सेवा का यह अनुपम तीर्थ निःसंदेह हमें प्रेरणा देता है। आश्रम के अध्यक्ष अंजनी कुमार रूपक ने कहा कि समाज के सहयोग से ही यह आश्रम बेहतर ढंग से चल रहा है। सभी वृद्धजनों ने रोटरी सदस्यों का आभार प्रकट किया। मौके पर विनय सिंह, विनोद चोपड़ा, मनजीत सिंह, नरेंद्र सिंह, कुमार अमरदीप, गौरव रस्तोगी, माधुरी सिंह, डॉ पुष्पा, रितु अग्रवाल, अर्चना सिंह, श्वेता रस्तोगी, सत्यनारायण शर्मा, प्रताप नारायण लाल, शशि शेखर उपस्थित थे।



बुजुर्गों के साथ चास रोटरी क्लब के सदस्य।

## गौशाला में नोटिस लगाने का किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी ।** बीआईटी सिंदरी मुख्य द्वार के सामने मधुलिका स्वीट्स गौशाला से लेकर लगभग 140 डिसमिल क्षेत्र में माननीय न्यायालय द्वारा बुधवार को नोटिस चस्पा करने के बाद स्थानीय व्यवसायियों और आवास में रहनेवाले लोगों ने नोटिस का विरोध गुरुवार से शुरू कर दिया है। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर माननीय न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की बात कही है। इस विषय पर एफसीआइएल भू संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी ने बताया कि खजांची सिंह ने उक्त जमीन अपना बताते हुए एफसीआइएल प्रबंधन के खिलाफ माननीय न्यायालय में केस संख्या 56/1968 दर्ज कराया था। इसपर वर्ष 1976 के आसपास सर्वे में उक्त जमीन में 35 अवैध कब्जाधारियों की सूची सामने आई थी। इनमें खजांची सिंह, जगदीश तिवारी, सरदार कुलवीर सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, मोहम्मद सईद, मोहम्मद इदरीस मियां, धर्मदी सिंह, पिर्थी पाल सिंह, देव राज मिस्त्री, छूट्टो सिंह, कैलाश पाण्डेय, जतन सेठ, रामनाथ शर्मा, गुरुचरण शर्मा, चंदू मिस्त्री, अबू मोहम्मद खान, कामेश्वर सिंह, परशुराम धर, सुंदर यादव, धनेश्वर मिस्त्री, सुखदेव साह, गोविंद शर्मा, राजनाथ शर्मा, राजनाथ यादव, दसिन यादव, मोहम्मद मुन्ना (आवास), अमर सिंह, एच सी तनेजा, बुधराम सिंह, त्रिवेणी यादव, बब्बन सिंह, राम नाथ शर्मा, नंन्हे मियां (आवास), योगीन्द्र यादव, दूधनाथ यादव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्व खजांची सिंह ने उक्त भूमि 34 लोगों को जमीन देने की बात सामने आई थी। इसपर माननीय व्यवहार न्यायालय ने वर्ष 1980 में अपना फैसला एफसीआइएल प्रबंधन के पक्ष में सुनाया था। इसे धरातल पर उतारते हुए माननीय न्यायालय ने नोटिस चस्पा किया है।



दुकानें बंद कर विरोध जताते लोग।

## दुकान की छत काटकर ज्वेलर्स और मोबाइल दुकान में चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** आए दिन कुमारधुबी बाजार में चोरी की घटना दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, कभी बाइक की चोरी तो कभी कुमारधुबी फिजिकल कल्चर क्लब में चोरी तो कभी ज्वैलरी दुकान में चोरी। चोरों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला कुमारधुबी बाजार स्थित मां जानकी ज्वैलर्स एवं जैन मोबाइल दुकान की है, जहां चोरों ने छत काटकर दुकान में प्रवेश कर 15 से 20 मोबाइल सहित 2 हजार रुपए कैश व ज्वैलरी दुकान में 100 से 150 ग्राम तक चांदी का सामान जिसकी कीमत लगभग 10 से ?12000 हैं जिसे रात के अंधेरे में चोर लेकर फरार हो गए।वही मोबाइल दुकान के संचालक मोहम्मद अफताब अंसारी ने कहा कि रोज की तरह सुबह 9:00 बजे मैं दुकान खोलने के लिए आया तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है चोरों ने छत के ऊपर का हिस्सा काटकर अंदर घुसकर 15 से 20 मोबाइल की चोरी कर लिया और साथ में काउंटर रखे 2 हजार रुपए कैश लेकर फरार हो गए।वही ज्वैलरी दुकान के संचालक छोटू ठाकुर ने कहा कि रोज की तरह मैं भी जब सुबह 9:00 बजे दुकान में आया तो देखा कि दुकान में रखे हुए चांदी की अंगूठी सहित 100 से 150 सो ग्राम चांदी का सामान जिसकी कीमत लगभग 10 से 12 हजार की है जो चोरी हुई है।वही भुक्तभोगी दुकानदारों ने कुमारधुबी ओपी में लिखित शिकायत दी है। वही कुमारधुबी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## सामाजिक कार्यकर्ता राजन कुमार ने ग्रहण की जदयू की सदस्यता



**कतरास।** गुरुवार को श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। मिलन समारोह में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बाघमारा माटीगाढा. निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राजन कुमार ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले राजन कुमार को सदस्यता रसीद दे कर बधाई दी और बाघमारा प्रखंड में जदयू पार्टी को युवाओं के बीच मजबूत करने का आह्वान किया। श्री सिंह ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में युवा जदयू पार्टी से जुड़ रहे हैं। आने वाले 2024 का लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जदयू पार्टी झारखंड में मजबूती के साथ दस्तक देंगी। मौके पर जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिन्दु देवी, जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, जदयू अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता मो इम्तियाज खान मौजूद थे।

## एबीवीपी ने कतरास कॉलेज में मनाया जश्न

**चंद्रयान-3 की सफलता**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** चांद पर विक्रम लैंडर के सफलतापूर्वक पहुंचने के साथ ही पूरा देश खुशी की लहर में झूम उठा है। गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कतरास कॉलेज इकाई ने चंद्रयान-3 मिशन के सफल होने पर कॉलेज में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को मिठाई बांटकर जश्न मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित बीबीएमकेयू विश्वविद्यालय सहसंयोजक शिवम रवानी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक राष्ट्रवादी छात्र संगठन है जो देश के साथ सदैव खड़ा रहता है। कॉलेज अध्यक्ष स्वयं स्वर्ण ने कहा कि यह मिशन सिर्फ भारत के लिए ही नहीं पूरे विश्व के लिए गर्वान्वित करने वाला है क्योंकि विश्व में प्रथम बार कोई देश चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचा है। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अक्षय गुप्ता, कतरास नगर सह मंत्री निकिता सिंह, खेल प्रमुख प्रेमराज, भौतिक विभाग संयोजक विवेक राज कर्मकार, मनोविज्ञान विभाग संयोजक पिंटू राज कर्मकार, जंतुविज्ञान विभाग संयोजक सिंटू मुखर्जी, कार्यकारिणी सदस्य राहुल राज कर्मकार, गोपाल केवट, रोहित राज दे व अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### इसरो के वैज्ञानिकों को सैल्यूट : उदय प्रताप सिंह



**धनबाद।** चांद के सतह पर चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक लैंडिंग पर समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने इसरो के वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाइयां दी है और उन्होंने कहा भारत के ऐतिहासिक चंद्रयान-3 का चांद के साउथ पोल में लैंडिंग का पूरा देश खुशियां मना रहा है और साथ ही पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। देश के वैज्ञानिकों ने हम सभी भारतीयों का गौरव और मान पूरे विश्व में बढ़ाया है। इस उपलब्धि को स्वर्ण अक्षरों में लिखने वाले सारे इसरो के वैज्ञानिकों के माता-पिता भी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने ऐसे विलक्षण पुत्रों को जन्म दिया जिन्होंने स्वर्ण अक्षरों में भारत का नाम रोशन किया है। हम सभी भारतीयों का चंद्रयान 3 की चांद पर लैंडिंग की सफलता पर सारे वैज्ञानिकों को सैल्यूट है। अब वह दिन दूर जब भारत विज्ञान, तकनीक, कृषि समेत अन्य क्षेत्र में नवीनतम कामयाबियों को हासिल कर भारत शीघ्र विश्व गुरु बनेगा।

**एक नजर में**

## चंद्रयान-3 की लांचिंग : डीपीएस बोकारो के बच्चों ने तिरंगा लहरा कर मनाया जश्न



**बोकारो।** इसरो के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से चंद्रयान-3 की लांचिंग का प्रत्यक्ष गवाह बने डीपीएस बोकारो के 66 विद्यार्थियों ने विद्यालय में विशेष आयोजन कर तिरंगा लहराकर अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की बुलंदी का जश्न मनाया। बुधवार शाम उन्होंने दिवाली की तरह इसकी खुशियां मनाईं वहीं गुरुवार को विद्यालय में अश्वघोष कला क्षेत्र में बच्चों के साथ इसरो गए शिक्षक तथा प्राचार्य डॉ एएस गंगवार भी इस उत्सव में शामिल हुए। चंद्रयान 3 पर आधारित कलाकृति से सजे मंच पर लैंडर विक्रम के चांद की सतह पर उतरने का वीडियो चलाया गया और राष्ट्रध्वज तिरंगा लहराया। प्राचार्य ने बच्चों को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी एवं इसरो के वैज्ञानिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि पूरे झारखंड से एकमात्र डीपीएस बोकारो की टीम ही चंद्रयान 3 की लांचिंग के दौरान मौजूद रही थी।

## ब्लड मैन सलूजा को शहीद भगत सिंह के भतीजे ने किया सम्मानित



**बोकारो।** विश्व रिकॉर्ड धारक एवं ह्यूमैनिटी सेवियर्स बोकारो झारखंड के संस्थापक हरबंस सिंह सलूजा को शहीद भगत सिंह के भाई कुलतार सिंह जी के पुत्र किरणजीत सिंह संधू के हाथों राष्ट्रीय सम्मान, शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड, गया बिहार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में दिया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शहीद भगत सिंह जी के भतीजे किरणजीत सिंह संधू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबा कमल किशोर, गणेश पासवान (मेयर गया), संजय विनायक जोशी (संगठन महामंत्री), राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपस्थित थे। श्री सलूजा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया एवं यह सम्मान बोकारो के सभी रक्तदाताओं को समर्पित किया।

## सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन



**बेरमो।** सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन करगली गेट स्थित झारखंड शिव मंदिर के पास मे सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम का गुरूवार को किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए और निर्णय लिया गया कि मंदिर का भव्य निर्माण के लिए एक कमेटी गठित कर बहुत जल्द ही सूर्य मंदिर निर्माण की परिकल्पना को साकार किया जाए। पुजारी राजकुमार पाठक ने यजमान ब्रजकिशोर सिंह और मीना सिंह के द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। कार्यक्रम संपन्न कराने में डॉक्टर शशिकांत सिंह, निवर्तमान वार्ड पार्षद रश्मि सिंह, कृष्णा वर्णवाल, चिकू सिंह, रविकांत सिंह, रोशन सिंह, राजू सिंह, नागेश्वर भारती, राजू वर्मा, पुनीत महतो, मुनी वर्मा, डाली सिंह, मालती देवी, मिलन देवी, रचना देवी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़।
(संविदा आधारित अंतिम मेधा सूची प्रकाशन रद्द संबंधी सूचना)

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ अन्तर्गत जल जीवन मिशन एवं जिला जल एवं स्वच्छता समिति रामगढ़ के अधीन जिला स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति से संबंधित मेधा सूची SBM –cum- SLWM Coordinator का प्रकाशन जिसका PR No. 281291 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D एवं MIS Coordinator, IEC Coordinator का प्रकाशन जिसका PR No. 287412 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D) को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है। जिसकी सूचना NIC Ramgarh पर भी देखी जा सकती है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।

PR 305443 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

**कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

Tender Reference No. : RCD/KODERMA/677/2023

दिनांक:-19.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | IRQP Work in Urwan-Kanti Road from Km 0.00 to 5.80 Km ( Total Length= 5.80 Km.) Under Road Division ,Koderma for the Year 2023 -2024 |
| 2. | प्राक्कलित राशि | Rs. 4,80,38,152.00 (चार करोड़ अस्सी लाख अड़तीस हजार एक सौ बावन रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि | Rs. 4,81,000.00 (चार लाख एकासी हजार रूपये) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02(दो) माह। |
| 5. | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि। | 05.09.2023, 10:30 बजे तक। |
| 6. | बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि | 26.09.2023, 12.00 बजे तक। |
| 7. | बिड खुलने की तिथि | 29.09.2023, 12.30 बजे तक। |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता । | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 9. | हेल्प लाइन नं० | 0651-2446002 |

पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिये UCAN निबंधन आवश्यक है।

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता–सह–
राजमार्ग पदाधिकारी
प०नि०वि०,पथ प्रमण्डल,कोडरमा

PR 305420 Road(23-24).D

# कतरास जीएम से मिल कर जमसं ने उठाया बंद खदान का मुद्दा

**जमसं के पदाधिकारियों के समक्ष रखा प्रस्ताव**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** गुरुवार को जनता श्रमिक संघ (अ) के पदाधिकारियों ने कतरास महाप्रबंधक से परिचयात्मक बैठक किया। जिसमे कतरास क्षेत्रीय अध्यक्ष रिंकु सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष विकास तिवारी, उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह, मन्नु कुमार सिंह, रोहित गुप्ता, सचिव अमलेश सिंह, संयुक्त सचिव अफताब आलम, सह सचिव बिमलेश सिंह,गुड्डु सिंह, सनोज महतो, कोषाध्यक्ष प्रदीप साहनी तथा दर्जनों कार्यकारिणी सदस्यों ने अपना अपना परिचय दिया जिसके बाद कतरास महाप्रबंधक ने सभी का स्वागत किया साथ ही कतरास एपीएम साहब ने भी सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। परिचयात्मक बैठक के बाद क्षेत्रीय सचिव अमलेश सिंह ने केशलपुर कोलियरी बंद खदान का मुद्दा उठाया जिसमे अमलेश सिंह ने कहा की सालानपुर से मेन पॉवर ला कर केशलपुर कोलियरी दो नंबर सिम को चालू किया जा सकता है। इसके जवाब में महाप्रबंधक ने कहा की एक टीम ने हाल के दिनों में खदान चालू करवाने को लेकर सर्वे किया है अगर वो चालू होने के हालत में होगा तो जरूर चालू किया जाएगा । उसके बाद अमलेश सिंह ने केशलपुर कोलियरी में पहले की तरह एम्बुलेंस देने को लेकर महाप्रबंधक से आग्रह किया तो महाप्रबंधक ने कहा की अगर कोई इमरजेंसी हो तो जरूर एम्बुलेंस मिलेगा इन्हीं सब बातों के साथ बैठक समाप्त हो गई।



जीएम से मुलाकात करते जनता मजदूर संघ केग सदस्य।

**कार्यालय : जिला शिक्षा अधीक्षक, खूँटी**
**नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक सी0, चाईबासारोड, खूँटी–835210**

आवश्यक सूचना

सरकार के सचिव, स्कूलीशिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड राँची के निदेशानुसार खूँटी जिलें के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत अर्हत्ताधारी शिक्षक/शिक्षिकाओं का विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति देने हेतु पूर्व में औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची का प्रकाशन किया गया था। जिस पर आपत्ति/दावा का निराकरण उपरांत पुनः ग्रेड 4 के (कला/भाषा एवं विज्ञान) तथा ग्रेड 7 में प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक वरीयता सूची का प्रकाशन इस जिलें के वेबसाइट www. khunti. nic.in पर अपलोड किया गया है, अगर औपबंधिक वरीयता सूची में किसी प्रकार का आपत्तिहोतो दिनांक 30.08.2023 तकआपत्ति/दावा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में साक्ष्य सहित उपलब्ध करायेंगे। निर्धारित अवधि तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में त्रुटिरहित मानते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक,खूँटी

PR 305445 (District)23-24*D

## संभावनाओ का द्वार

हाल के वर्षों में भारत ही नहीं, पड़ोसी चीन, जापान, इस्राइल समेत कई देश चंद्रमा के लिए या तो अपने मिशन भेज चुके हैं या ऐसा करने की तैयारी में हैं। वर्ष 2024 या 2025 में उसके तीन यात्री चंद्रमा की सतह पर उतर सकते हैं। इधर, अमेरिका के चिर प्रतिद्वंद्वी रहे रूस ने भी अपना यान लूना-25 चंद्रमा के उसी दक्षिणी ध्रुव वाले इलाके में उतारने की कोशिश की, जहां चंद्रयान-3 ने कदम रखे हैं। 1976 के 47 साल बाद रूस ने चंद्रमा पर अपना स्पेसक्राफ्ट उतारने की यह नई कोशिश की थी। इसके सहारे वह साबित करना चाहता था कि यूक्रेन से सतत जारी जंग के बावजूद वह कहीं से भी कमजोर नहीं हुआ है। लेकिन इसे रूस की बदकिस्मती कहेंगे कि वह अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को कोई सकारात्मक संदेश देने में विफल रहा। 20 अगस्त, 2023 को उसका यान चंद्रमा पर उतरने की कोशिश में नाकाम होकर क्रैश हो गया। हालांकि, भारत या कहें कि इसरो की बात है तो इसकी चंद्रमा संबंधी योजनाओं को भी एक झटका वर्ष 2019 में लग चुका है। सितंबर, 2019 में भेजे गए चंद्रयान-2 के लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग नहीं हो पाई थी। इस कारण वह मिशन नाकाम हो गया। लेकिन इससे भारत के हौसले पस्त नहीं हुए। जो मकसद चंद्रयान-2 के थे, उनसे आगे बढ़कर चंद्रयान-3 को बेहद सस्ते में तैयार कर लॉन्च किया गया। अब इसकी कामयाब लैंडिंग के बाद उम्मीद है कि यह मिशन चंद्रयान-2 के अधूरे कार्यों को पूरा करेगा। इससे चंद्रमा संबंधी उन अनुसंधानों व योजनाओं को गति मिलेगी, जिन्हें लेकर पृथ्वी का सबसे नजदीकी खगोलीय पिंड विश्व बिरादरी के आकर्षण का नया केंद्र बना हुआ है। पूरी दुनिया में चांद की संभावनाओं का द्वार बना भारत।

## शीर्ष देश में भारत

भारत में पिछले सात वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) में स्किल का हवाला देने वाले लिंक्डइन प्रोफाइल की संख्या 14 गुना बढ़ गई है। इसी के साथ टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सबसे तेजी से बढ़ती प्रतिभा के साथ भारत दुनिया के टॉप पांच देशों में शामिल हो गया है। लिंक्डइन के पहले फ्यूचर ऑफ वर्कः स्टेट ऑफ वर्क एआई के अनुसार, भारत, सिंगापुर, फिनलैंड, आयरलैंड और कनाडा में एआई स्किल अपनाने की दर सबसे तेज है। स्किल को अपनाना टेक्नोलॉजी से परे कई उद्योगों तक फैला हुआ है जिसमें रिटेल, शिक्षा और वित्तीय सेवाएं शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष के दौरान 43 प्रतिशत भारतीय वर्कफोर्स ने अपने संगठनों में एआई के इस्तेमाल में वृद्धि देखी है। इस उछाल ने सभी कर्मचारियों में से 60 प्रतिशत और जेन जी जेनरेशन के कर्मचारियों में से 71 प्रतिशत को यह मानने के लिए प्रेरित किया है कि एआई स्किल प्राप्त करने से उनके करियर की संभावनाओं में सुधार हो सकता है। तीन में से दो भारतीयों ने कहा कि वे 2023 में कम से कम एक डिजिटल स्किल सीखेंगे। तीन में से दो भारतीयों ने कहा कि वे 2023 में कम से कम एक डिजिटल स्किल सीखेंगे और अक तथा मशीन लर्निंग उन शीर्ष स्किल में से हैं जिन्हें वे सीखना चाहते हैं। रिपोर्ट में 25 देशों के विश्लेषण से पता चला है कि पिछले साल चैट जीपीटी के लॉन्च के बाद अपने प्रोफाइल में एआई स्किल जोड़ने वाले लिंक्डइन सदस्यों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है।रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई के युग में क्रेटिविटी और संचार जैसे सॉफ्ट स्किल पर जोर भारत में विशेष रूप से मजबूत है। लगभग 91 प्रतिशत शीर्ष अधिकारी एआई स्किल के बढ़ते महत्व को पहचानते हैं, जो वैश्विक औसत 72 प्रतिशत से अधिक है।

## जीवन की राह

### विचार-प्रवाह

**अमीश**

**दुख** क फेस मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग है तो बिजली, वाई-फाई, नेटफ्लिक्स और एमेजॉन प्राइम भी हैं। तो क्या अब तक हमने काफी दुख नहीं झेल लिए? क्या वाकई हमें बहुत पीड़ा सहने की जरूरत है? कितना दुख हो तो उसे पर्याप्त कहा जाएगा? क्या हम नियति का झन्नादेदार थप्पड़ पड़े बिना सीख सकते हैं सबक? धर्म क्या कहता है? क्या कोई आध्यात्मिक उद्देश्य है इस महामारी का? यह एक आध्यात्मिक अवसर हो सकता है क्या?

यह सब हम पर निर्भर करता है। हममें से हर एक पर। सबक तो हैं ही। हम सामुदायिक भावना जगा सकते हैं। परिवार, दोस्तों, पास-पड़ोस के घेरे में गूंथ सकते हैं खुद को। सोशल मीडिया के शोरगुल के बजाय ऐसे इंसानी रिश्तों में, जिनका हमारे लिए कोई मायने हो। क्या हम ऐसी जिंदगी बसर कर सकते हैं, जो हमारे स्वार्थ, हमारे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं के दायरे से कहीं बड़ी हो? हम कम में, बहुत कम में गुजारा कर सकते हैं, यह बात इस महामारी ने सिखाई है। हमने सीख लिया है कि चाहतों का कोई ओर-छोर नहीं होता और यह भी कि इनकी सीमा भी हो सकती है। मामला सोच का है। क्या प्रेस रिलीज और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ढिंढोरा पीटने के बजाय हम चुपचाप किसी की मदद कर सकते हैं? ऐसा कर सकें तो हम अपनी जिंदगियों में धर्म के लिए गुंजाइश बना पाएंगे। हमने देखा है कि हमारी इस धरती पर दूसरे जीव राहत की सांस ले रहे हैं। क्या हम न केवल अपने लिए, बल्कि जानवरों के लिए भी इस दुनिया को बेहतर बना सकते हैं? तालाबों-नदियों, पहाड़ों और मैदानों के लिए? सभी जीवों के लिए?

### कार्टून वर्ल्ड




कार्टून मूवमेंट डॉट कॉम

### लेटर टू एडिटर

#### भेदभावपूर्ण नीति

**फिल्म** अभिनेता व भाजपा सांसद सनी देओल द्वारा 56 करोड़ रुपये का लोन नहीं चुकाने पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने नोटिस निकालकर बंगला नीलाम करने का नोटिस दिया था। नोटिस निकाले 24 घंटे भी नहीं हुए कि तकनीकी त्रुटि बताते हुए वापस ले लिया। जबकि आम आदमी के साथ ऐसा बर्ताव नहीं किया जाता है। बैंक से उन्हें लोन नहीं मिलता है। यह फर्क को बताता है। – **हेमा हरि, रांची**

#### पहाड़ बचाएं

**अवैज्ञानिक** तरीकों से सड़कों के लिए कटान से पहाड़ों की मूल संरचना व आधार बाधित होने, पेड़ों के कटान से भू-स्खलन होने, बहुमंजिला इमारतों तथा होटलों का निर्माण करने से मानव जाति व पारिस्थितिकीय-तंत्र को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। अतः पर्यावरण संरक्षण के लिए यह अपेक्षित है कि पहाड़ी सड़कों को अधिक चौड़ा न किया जाए।

**– रमाशंकर सिंह, हजारीबाग**

## अब चांद पर भी अशोक स्तंभ के रूप में भारत की छाप





**- डॉ पवन सिंह**

> इसके साथ ही भारत अब 200 अरब डॉलर के अंतरिक्ष बाजार में एक महत्वपूर्ण देश बनकर उभरा है। चांद और मंगल अभियान सहित इसरो अपने 100 से ज्यादा अंतरिक्ष अभियान पूरे करके पहले ही इतिहास रच चुका है। भविष्य में अंतरिक्ष में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी क्योंकि यह अरबों डॉलर की मार्केट है। कुछ साल पहले तक फ्रांस की एरियन स्पेस कंपनी की मदद से भारत अपने उपग्रह छोड़ता था पर अब वह ग्राहक के बजाय साझीदार की भूमिका में पहुंच गया है।

**लगभग** 41 दिनों की अद्भुत व अविस्मरणीय यात्रा के बाद 23 अगस्त 2023 का दिन। 140 करोड़ दिलों की धड़कनें और दुनियाभर की नजरें जिस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही थी, आखिरकार वो पल आ ही गया जब हमारे चंद्रयान-3 ने चाँद के साउथ पोल पर सफल लैंडिंग कर विश्वपटल पर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। इस शुभ लैंडिंग से पूरा देश उत्साह व ऊर्जा से सराबोर है। हमारे वैज्ञानिकों ने पूरे देश को गौरवान्वित करने का एक ओर मौका दिया है। अब से चाँद पर भी अशोक स्तंभ के रूप में भारत की छाप स्थापित हो गयी है।

**चंद्रयान-3 मिशन के उद्देश्यः** इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए तीन मुख्य उद्देश्य निर्धारित किए थे। पहला लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग कराना। दूसरा चंद्रमा पर रोवर की विचरण क्षमताओं का अवलोकन और प्रदर्शन और तीसरा चंद्रमा की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसके विज्ञान को अभ्यास में लाने के लिए चंद्रमा की सतह पर उपलब्ध रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करना। इस पूरी यात्रा में चंद्रयान-3 ने अपने इन तीनों उद्देश्यों को बखूबी पूरा किया है। आगे आने वाले समय में शायद चंद्रयान-3 से हमें ऐसी अनेकों जानकारियां मिल सकती हैं, जिसके बारे में अभी सोच पाना मुश्किल है।चंद्रयान -3 की यात्रा आसान नहीं थीः लगभग 615 करोड़ की लागत से बने और 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से यात्रा शुरू करने वाले चंद्रयान-3 के पूरे सफर ने पहले दिन से प्रत्येक भारतीय को अपने से जोड़े रखा और दुनियाभर से करोड़ों लोग टकटकी लगाए इस यात्रा से लगातार जुड़े रहे। इसरो ने पृथ्वी से दूर कई बार चंद्रयान-3 की कक्षाएं बदली थी। पृथ्वी की अलग-अलग कक्षाओं में परिक्रमा करते हुए एक अगस्त को स्लिंगशाट के बाद पृथ्वी की कक्षा छोड़कर यान चंद्रमा की कक्षा की ओर बढ़ा था। पांच अगस्त को इसने चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया। छह अगस्त को पहली बार कक्षा बदली। इसके बाद नौ, चौदह और सोलह अगस्त को कक्षाओं में बदलाव कर यह चंद्रमा के और नजदीक पहुंचा। सत्रह अगस्त को चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अलग-अलग हो गए और लैंडर मॉड्यूल चंद्रमा की सतह की ओर बढ़ा। 18 और 19 अगस्त को दो बार डीबूस्टिंग (धीमा करने की प्रक्रिया) के बाद लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से युक्त लैंडर मॉड्यूल चाँद की सबसे करीबी कक्षा में पहुंचा और इस असंभव लगने वाली चंद्रयान-3 की यात्रा को आखिरकार हमने चुनौतियों के बावजूद पूरा कर लिया। बीच- बीच में कई बार दिलों की धड़कनें तेज भी हुई और डर भी लगा, लेकिन अंत भला तो सब भला।

**साउथ पोल पर होने के मायनेः** भारत साउथ पोल पर पहुँचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। साउथ पोल से भारत को ऐसी सब जानकारियां मिल सकती है, जो वहां पर जीवन की संभावनाओं और अन्य संबंधित क्षेत्रों से जुड़ी संभावनाओं को ओर अधिक गति प्रदान करेगा। साउथ पोल पर पानी की सम्भावना की तलाश का मतलब होगा एक नई जिंदगी। इससे मंगल पर जाने के लिए चंद्रमा पर उतरकर फ्यूल ले सकेंगे। हाइड्रोजन-ऑक्सीजन मिलकर स्वच्छ राकेट फ्यूल बना सकते हैं, इससे पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में तोड़ा जा सकता है। साउथ पोल पर कीमती धातुओं के रूप में सोना, प्लेटिनमम, टाइटेनियम और यूरेनियम होने की संभावना है। वहां पर बड़ी मात्रा में नॉन रेडिओएक्टिव हीलियम गैस और इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने में काम आने वाली धातुएं भी मिल सकती है। चंद्रमा पर बर्फ के अणुओं का अध्ययन, चंद्रमा की सतह से अंतरिक्ष के अध्ययन की संभावना तलाशना, मिट्टी व प्राकृतिक संसाधनों का अध्ययन ऐसी अनेक संभावनाओं का भविष्य में पता चल सकता है।

**स्पेस में बढ़ता भारत का वर्चस्वः** स्पेस मार्केट में भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गई हैं। अंतरिक्ष में भी पूरी दुनिया आज भारत का लोहा मानने लगी है। भारत ने स्पेस में अमेरिका सहित कई बड़े देशों का एकाधिकार तोड़ा है। पूरी दुनिया में सैटेलाइट के माध्यम से टेलीविजन प्रसारण, मौसम की भविष्यवाणी और दूरसंचार का क्षेत्र बहुत तेज गति से बढ़ रहा है और चूंकि ये सभी सुविधाएं उपग्रहों के माध्यम से संचालित होती हैं, इसलिए संचार उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने की मांग में बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि इस क्षेत्र में चीन, रूस, जापान आदि देश प्रतिस्पर्धा में हैं, लेकिन यह बाजार इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि यह मांग उनके सहारे पूरी नहीं की जा सकती। ऐसे में चंद्रयान-3 की कम बजट में सफल लैंडिंग के बाद व्यवसायिक तौर पर भारत के लिए संभावनाएं पहले से अधिक बढ़ गयी हैं। आज कम लागत और सफलता की गारंटी इसरो की सबसे बड़ी ताकत बन गयी है। अंतरिक्ष बाजार में भारत की धमक का यह स्पष्ट संकेत है। इसके साथ ही भारत अब 200 अरब डॉलर के अंतरिक्ष बाजार में एक महत्वपूर्ण देश बनकर उभरा है। चांद और मंगल अभियान सहित इसरो अपने 100 से ज्यादा अंतरिक्ष अभियान पूरे करके पहले ही इतिहास रच चुका है। भविष्य में अंतरिक्ष में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी क्योंकि यह अरबों डॉलर की मार्केट है।

कुछ साल पहले तक फ्रांस की एरियन स्पेस कंपनी की मदद से भारत अपने उपग्रह छोड़ता था पर अब वह ग्राहक के बजाय साझीदार की भूमिका में पहुंच गया है। यदि इसी तरह भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे यान अंतरिक्ष यात्रियों को चांद, मंगल या अन्य ग्रहों की सैर करा सकेंगे। इसरो के मून मिशन, मंगल अभियान, स्वदेशी स्पेस शटल की कामयाबी और अब चंद्रयान-3 की सफलता के बाद इसरो के लिए संभावनाओं के नये दरवाजे खुल जाएंगे, जिससे भारत का निश्चित रूप से स्पेस में वर्चस्व पहले से अधिक बढ़ जाएगा। सच में चंद्रयान-3 की सफलता ने 2047 के अमृतकाल की शुरूआत बहुत बेहतरीन तरीके से की है और अब प्रत्येक भारतीय का विश्वास पहले से कई गुणा बढ़ गया।

### खास बात

#### फिल्म के टिकट दर

भारत में 31 थिएटर और 59 स्क्रीन वाली कंपनी मुक्ता दो सिनेमाज के ऑपरेशन इनचार्ज सात्विक लेले का मानना है कि मूवी टिकटों को इतना महंगा नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि थिएटर अलग-अलग बजट के लिए विकल्प देते हैं। उन्होंने कहा, जब आप फिल्म देखने के लिए बाहर जाते हैं तो आपको जो एहसास होता है वह अतुलनीय है। घर पर रेगुलर साउंड सिस्टम के साथ छोटी स्क्रीन पर देखना आपको बाहर मिलने वाले अनुभव की क्वालिटी से मेल नहीं खाता है। चाहे आप आईमैक्स का चयन करें, आरामदायक रिक्लाइनिंग सीटों वाली स्क्रीन, या नियमित, कीमतें अलग-अलग होंगी।टिकट की प्राइस हाई होने के बावजूद लोग प्रीमियम सिनेमा में जमकर जा रहे हैं। डेलॉयट के मंथा कहते हैं, हाई-एंड मूवी थिएटर टिकट की कीमत की परवाह किए बिना अधिक लोगों को आकर्षित करते हैं। प्रीमियम फिल्म के अनुभव की कीमत बेसिक टिकट की कीमत से 2 से लेकर 10 गुना तक हो सकती है। 2023 में अब तक 119 अलग-अलग फिल्मों की बदौलत मूवी टिकट बिक्री से कुल कमाई 6,200 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। ज्यादा से ज्यादा लोग फिल्म देखने जा रहे हैं और कुछ बड़ी फिल्में रिलीज होने के साथ यह ट्रेंड जारी रह सकता है।

27 साल के अमित शर्मा बेंगलुरु की आईटी इंडस्ट्री में कार्यरत हैं। उनका मानना है कि जब वह महंगे थिएटरों में फिल्में देखते हैं, तो वे उनके टेस्ट के हिसाब से होनी चाहिए। वह इन थिएटरों के लिए केवल वही फिल्में चुनते हैं जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से पसंद आती हैं। वह फिल्म में शामिल अभिनेताओं और स्क्रीनप्ले राइटर्स जैसी चीजों पर विचार करते हैं। वह सही विकल्प चुनने के लिए फिल्म की कहानी और रिव्यू के बारे में भी पहले से पढ़ते हैं।

दिल्ली के पीवीआर थिएटरों में एक रेगुलर मूवी टिकट की कीमत लगभग 250 रुपये है। लेकिन यदि आप अन्य पीवीआर फॉर्मेट चुनते हैं, तो कीमतें अधिक हैंः इंसिग्निया टिकटों की कीमत 1,100 रुपये से 1,200 रुपये प्रति व्यक्ति के बीच है, डायरेक्टर्स कट टिकट की कीमत 900 रुपये से 2,000 रुपये तक है। और आईमैक्स टिकटों की कीमत 600 रुपये है।

**सामाजिक** न्याय की बात करने वाली इस सरकार में आज एक भी मंत्री अनुसूचित जाति का नहीं है। सरकार की यह नीति इनकी नियत को दिखलाती है।

पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो ने आज डुमरी विधानसभा अंतर्गत डुमरी प्रखंड के खुदीसार, जितकुंडी और नागाबाद में जनसंपर्क किया।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

### आपके ट्वीट



**जनवरी** माह में अति दुर्गम बूढ़ा पहाड़ पहुँचकर वहां जनता से मैंने वादा किया था कि बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र का समग्र विकास मेरी प्राथमिकता है। बूढ़ा पहाड़ विकास परियोजना (बीपीडीपी) से संबंधित विस्तृत कार्ययोजना विभाग द्वारा तैयार है। **– हेमंत सोरेन, सीएम**



**#चंद्रयान3** मिशन की सफलता का जयघोष करनेवाले इसरो अध्यक्ष श्री एस. सोमनाथ ने ही बताया है कि प्राचीन समृद्ध भारतीय ज्ञान परंपरा में आज की वैज्ञानिक सफलताओं के सूत्र मौजूद रहे हैं।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## चंद्रयान -3: भारत की एक और छलांग

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

### सामयिक

**आज** याद आ रही है, उस भारत देश की जो वैश्विक नेतृत्व का अधिकारी रहा। एक बार पुनः भारत ने उसी दिशा की ओर अपने कदम बढ़ाए हैं, जो विश्व का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखता है। आज समूचे विश्व ने उस भारत का साक्षात्कार किया है, जो जगत की समस्त शक्तियों का भंडार है। बेशक वे भाजपा के नेता हैं, लेकिन हमें ऐसी दृष्टि विकसित करनी होगी, जो भारत के हित में है। यानी वह भारत का नेतृत्व कर रहे। वे देश के 140 करोड़ जनता के लोकतांत्रिक मुखिया हैं। जब हम यह दृष्टि विकसित करेंगे तो स्वाभाविक रूप से हमें नरेन्द्र मोदी में एक ऐसा सपूत दिखाई देगा, जिसकी भारत को जरूरत है। भारत ने चांद पर कदम रखते ही अपना नाम उस कतार में शामिल कर लिया, जो वैश्विक महाशक्ति बनने की ओर जाता है। चंद्रयान तीन की खास उपलब्धि यह है कि भारत ने यह यान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भेजा है, जहां आज तक विश्व का कोई देश नहीं पहुंच सका है। इसका आशय यही है कि भारत में वह शक्ति है, जो विश्व को आश्चर्यचकित कर सकती है। चंद्रमा पर भारत के तिरंगा लहराने के साथ ही आज वर्षों पूर्व का यह भ्रम भी टूट गया है, जिसमें कहा जाता था कि भारत ऐसा नहीं कर सकता। हालांकि भारतीय जनमानस में इस प्रकार धारणा स्थापित करने के लिए एक सुनियोजित नरेटिव स्थापित किया गया। इसके कारण भारत की जनता के मानस में यह पूरी तरह से स्थापित हो गया था कि हम बहुत पीछे हैं, जबकि यह सत्य नहीं था।

हमें एक वैश्विक योजना के तहत पीछे करने का षड्यंत्र किया गया। यह षड्यंत्र आज भी चल रहा है। इसलिए कुछ लोग विदेशी शिक्षा को भारत की शिक्षा से बेहतर बताने का कुत्सित प्रयास करते है, जबकि यह सत्य नहीं है। पुरातन और श्रेष्ठ भारत की कल्पना का अध्ययन किया जाए तो हमारे शास्त्र इस बात को परिभाषित करने में पूरी तरह से सक्षम हैं कि हमारा भारत ज्ञान और विज्ञान के मामले में अन्य देशों से कहीं अधिक श्रेष्ठ है। इस प्रकार यही कहा जा सकता है कि जहां विश्व का ज्ञान और विज्ञान समाप्त हो जाता है, वहां से भारत का ज्ञान और विज्ञान का प्रारंभ होता है।

कौन नहीं जानता कि भारत के पास विश्व की सबसे बड़ी शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षा संस्थान थे, लेकिन गुलामी के काल खंड में इन शिक्षा केंद्रों को नष्ट कर दिया। इसके बाद भी भारत के पास ज्ञान और विज्ञान की कोई कमी नहीं रही, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। आज हम चांद पर पहुंचे हैं, जो भारत की शक्ति का प्रस्फुटन है। अब विश्व के सभी देश यह स्वीकार करने की ओर विवश हुए हैं कि भारत एक बड़ी महाशक्ति है। अब भारत को इस महाशक्ति का ज्ञान हो चुका है। भारत अपनी निद्रा से बाहर आ चुका है। अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे का भारत और भी ज्यादा अपने सामर्थ्य का प्रदर्शन करेगा।

हमारे देश के वैज्ञानिकों विश्व को कई बार इस बात का अहसास कराया है कि हम किसी भी मामले में कम नहीं है। आज का भारत उन सभी चीजों का निर्माण करने में सक्षम है, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। चाहे वह कम्प्यूटर का मामला हो या फिर रेल की बात हो। आज तकनीकी ज्ञान में हम विश्व का मुकाबला करने में सक्षम हैं। ऐसा इसलिए भी दावे के साथ कहा जा सकता है, क्योंकि आज से पूर्व जिन देशों ने चांद पर पहुंचने का प्रयास किया, वह बहुत ही महंगे थे, लेकिन भारत ने उनसे बहुत कम व्यय करके अपने आपको स्थापित किया। चंद्रयान तीन ने भारत के यश को स्थापित किया है। विश्व में भारत का जय गान हो रहा है। जो हमें गौरव की अनुभूति करा रहा है। एक श्रेष्ठ भारत का अहसास कराने का बोध करा रहा है।

## बेमेल गठबंधन से थाइलैंड में सौदेबाजी, भारत में भी हुई तो?

**के. विक्रम राव**

### राजनीति

**थाईलैंड** में ग्यारह छोटे परस्पर-विरोधी राजनीतिक दलों ने 22 अगस्त 2023 को एक वक्ती गठबंधन बना कर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। सम्राट महा वाचिरालोंगकोन शायद उनके नेता श्रेष्ठा थावसिन को प्रधानमंत्री बनने का मौका दे भी दें। थाई महाराज अपने को रामदशम (अयोध्या वंश वाले) मानते हैं। मगर यह बेमेल महागठबंधन भारत की अठारहवीं लोकसभा के चुनाव (2024) की दृष्टि से खराब दृष्टांत होगा। सिर्फ सत्ता के लिए पैंतरेबाजी जैसा। दृष्टि केवल राष्ट्रीय संसाधनों की लूट पर गड़ी रहेगी। तिजोरी की चाभी पर। ऐसा हो चुका है।

गत मई माह में थाईलैंड में संसदीय चुनाव हुए थे। तब 42 वर्षीय विपक्षी नेता पिटा लिमजारोएनराट देश के प्रधानमंत्री बनने वाले थे। उनकी मूव फॉरवर्ड पार्टी (आगे बढ़ो दल) संसदीय चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। लिमजारोएनराट ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर कहा भी था कि वे थाईलैंड के 30वें प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि इस दल को थाई मतदाताओं ने उनको स्पष्ट जनादेश दिया था। मगर लोकतंत्र-समर्थक को सत्तारूढ़ सैन्य-समर्थित सरकार ने पछाड़ दिया था।

चुनाव जीतने वाली पार्टी के नेता होकर भी पिटा लिमजारोएनराट प्रधानमंत्री नहीं बन पाए। उनकी उम्मीदवारी को ही राजाज्ञा द्वारा पाबंद कर दिया गया। थाईलैंड की संसद ने मई के आम चुनाव में पहले स्थान पर रहने वाली प्रगतिशील मूव फॉरवर्ड पार्टी के नेता की दूसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति के प्रस्ताव के खिलाफ इस गठबंधन को वोट दिया। हालांकि पिटा लिमजारोएनराट ने प्रतिनिधि सभा में अधिकांश सीटों पर जीतने वाली पार्टियों का एक अलग गठजोड़ बनाया था।

इस पूरे नजारे में विडंबना यह है कि ग्यारह दलों ने एक चलताऊ गठजोड़ बनाकर इस सबसे बड़ी संसदीय दल फियू थाई पार्टी के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। सबसे अधिक संसदीय सीटें जीतने पर भी युवा नेता पिटा को सेना के दबाव में सम्राट ने आमंत्रित नहीं किया। बल्कि नामित किया 60 वर्षीय बिल्डर व्यापारी श्रेष्ठा थावसिन को जिनकी छवि भू-माफिया सरीखी है। उसे सेना का समर्थन भी प्राप्त है। गत माह ही एक सांसद चुबिट कामोल बिसिट ने जांच की मांग की थी कि सांसिरी नामक निजी कंपनी के मालिक श्रेष्ठा थावसिन ने बड़ी मात्रा में कर की चोरी की है। रिश्वतखोरी भी। सरकार बनाने के दावेदार चान ओचा जो अभी रक्षामंत्री हैं, उन्होंने सेना का समर्थन थावसिन को दे दिया। उन्होंने 2014 में सैनिक षड्यंत्र कर सत्ता हथियाई थी। आज वे भी इस नए गठजोड़ में शरीक हैं। इस गठजोड़ में विशेष भूमिका है सलांग पार्टी की जो 2014 के सैनिक षड्यंत्र में भागीदार थी। लोकतंत्र-समर्थक सांसदों को कैद करने में कारगर रही। उसके नेता प्रयुत भी प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं।

सत्ता की इस दौड़ में दारोमदार महाराजा पर है जो वंशानुगत ही होता है। वर्तमान सम्राट महा वाचिरालोंगकोन स्पष्टतया सेना-समर्थन गठबंधन के पक्षधर हैं। दुर्भाग्यवश राजा ही गणतंत्र के राष्ट्रपति की भांति प्रधानमंत्री बनवाता है। तो कैसा है थाईलैंड का यह बादशाह? साल 2016 में अपने पिता भूमिबोल अदूल्यादेज की मौत के बाद वो थाईलैंड के सम्राट बने थे। भूमिबोल ने करीब 70 साल तक थाईलैंड पर शासन किया था और वो दुनिया में सबसे लंबे समय तक राजगद्दी पर बैठने वाले राजा थे।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95705-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### मजदूर यूनियन की एजेंडा मीटिंग



भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन द्वारा पूर्व में सौंपे गये मांग-पत्र के आलोक में गुरूवार को क्षेत्रीय कर्मशाला (ब) रिभर साईड भुरकुंडा में गुरूवार को प्रबंधन के साथ यूनियन की एजेंडा मीटिंग हुई। बैठक में यूनियन के नेताओं ने परियोजना पदाधिकारी क्षेत्रीय कर्मशाला (ब) भुरकुंडा के मजहर के समक्ष विभिन्न समस्याओं को रखा। साथ ही समस्याओं के निदान को लेकर क्रमवार चर्चा की गई। इसमें क्षेत्रीय कर्मशाला के चाहरदीवारी को अतिशीघ्र मरम्मत कराने, क्षेत्रीय कर्मशाला के कार्यालय एवं शप में टेबल कुर्सी की व्यवस्था करने व नाली की सफाई एवं ब्लीचिंग का छिड़काव कराने, हर माह छोड़ दिये जाने वाले मजदूरों की छुट्टी पर अविलंब कारवाई करने, एक शौचालय और यूनियन कार्यालय का निर्माण कराने, क्षेत्रीय कर्मशाला के आवासीय परिसर में पानी की आपूर्ति सही ढंग से कराने, मजदूरों को समय पर सेप्टी आईटम देने, जिन मजदूरों का कैडर पूरा हो गया है उन्हें शीघ्र प्रोन्नति देने, राजकुमारी को डीवीसी कराकर यथशीघ्र प्रोन्नति देने, मजदूरों को सैलरी मिलने से पहले सैलरी पर्ची देने, साइकिल स्टैण्ड की साफ-सफाई कराने, महिला कर्मियों के लिए रेस्ट रूम की व्यवस्था करने, क्षेत्रीय कर्मशाला में कार्यरत बाबुओं के काम को बैलेंस करने व कैंटीन की व्यवस्था करने, कर्मशाला का शेड का जो काम कराया गया है उससे पानी गिर रहा है इन समस्याओं पर प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसके समाधान की मांग की।

### चंद्रयान-3 के लैंडिंग पर आतिशबाजी



भुरकुंडा (रामगढ़)। चन्द्रयान-3 की चांद पर सफल लैंडिंग होने पर कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित पूरे देश में हर्ष का माहौल है। लोग आतिशबाजी करके व एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभाकामनाएं दे रहे हैं। साथ ही इसरो के वैज्ञानिको की भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं। इसी कड़ी में चैनगडा में भी युवकों ने भी भाजपा नेता सह समाजसेवी बिट्टू महतो के नेतृत्व में लोगों को मिठाई खिलाकर इसे खास बना दिया। साथ ही बिट्टू महतो, यदुनन्दन प्रसाद, साजिद अंसारी, आजाद अंसारी, राजदीप महतो, निरंजन ठाकुर, प्रमोद केसरी, अमित महतो, नागेश्वर उरांव, अप्पू, गणेश ठाकुर, शराफत अंसारी, चांद इराकी, मुकेश करमाली, हर्ष अग्रवाल आदि इसरो के वैज्ञानिक के प्रति आभार जताते हुए बधाई दी है। इधर कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव सह अल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ड आशीष कुमार ने भी इसरो के वैज्ञानिको सहित पूरे भारतवासियों को बधाई देते हुए कहा कि चन्द्रयान-3 की चांद पर सफल लैंडिंग से हमसभी काफी खुश हैं।

### दुर्गा पूजा में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम



उरीमारी (रामगढ़)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धूमधाम व भक्तिभाव से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर उरीमारी के हेसाबेड़ा दुर्गा मंडप शेड में गुरूवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता दुर्गा पूजा समिति के सचिव सीताराम किस्कू ने किया। बैठक में राजू यादव, विंध्याचल बेदिया, संजीव कुमार बेदिया, चरका करमाली, बिरसा प्रोजेक्ट मैनेजर रामेश मुंडा मौजूद थे। बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को ले साफ-सफाई, कोष संग्रह सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। कहा गया कि दुर्गा पूजा की सफलता को लेकर कमेटी द्वारा पंडाल, लाईट, सजवाट, माला, पूजा सामग्री, पंडित सभी को तय कर लिया गया। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि इस वर्ष दुर्गा पूजा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। मौके पर डॉ. जीआर भगत, कोषाध्यक्ष लालो महतो, कानू मरांडी, महादेव बेसरा, सोनाराम मांझी, विश्वनाथ मांझी, गणेश राम, मो.रूसतम, कंचन मांझी, रामनारायण सिंह, महावीर साव, सुरेश महतो, मुनिश मांझी, अजय मिश्रा, दीपक कुमार यादव, रवि पावरिया, संजय यादव, भोला, रविन्द्र सहित पूजा कमेटी के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं सीसीएल उरीमारी परियोजना के पदाधिकारी मौजूद थे।

### सभी को संडे ड्यूटी नहीं मिली तो मजदूर करेंगे बहिष्कार: झाकोमयू



उरीमारी (रामगढ़)। संडे ड्यूटी कटौती को लेकर गुरूवार को न्यू बिरसा साइट अफिस में न्यू बिरसा परियोजना में कार्यरत सभी पाली के मजदूरों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह झाकोमयू के जोनल कोषाध्यक्ष सोनाराम मांझी व संचालन टुरा मांझी ने किया। बैठक में संडे ड्यूटी कटौती को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। सोनाराम मांझी ने कहा कि संडे ड्यूटी कटौती को लेकर न्यू बिरसा परियोजना पदाधिकारी को पत्र सौंपा गया है।उन्होंने कहा कि इतना होने के बावजूद भी सीसीएल प्रबंधन द्वारा न्यू बिरसा परियोजना के सभी मजदूरों को संडे ड्यूटी नही दिया जा रहा है जो गलत है। बैठक में सभी मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि यदि सभी मजदूरों को संडे ड्यूटी नही दिया जाएगा तो हम सभी मजदूर मिलकर संडे ड्यूटी का बहिष्कार करेंगे।

### आंगनबाड़ी सेविका चयन को ले हंगामा

कुजू। आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर बुधवार को ग्राम सभा कराने पहुंची मांडू सीडीपीओ प्रतिमा कुमारी एवं सुपरवाइजर सुल्ताना परवीन को ग्रामीणों ने घेर लिया। काफी मशक्कत के बाद पूर्व मुखिया शक्ति कुमार महतो एवं कुजू ओपी के सअनि हीरालाल मुंडू ने उन्हें छुड़ाया। मामला मांडू प्रखंड अंतर्गत करमा उत्तरी पंचायत के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरवे की. आंगनबाड़ी की सेविका अनीता देवी के पति के मृत्यु के बाद उनका सीसीएल में नौकरी लग गया। सेविका का पद खाली हो गया था। सेविका चयन को लेकर सीडीपीओ और सुपरवाइजर उक्त गांव में चुनाव करने पहुंचे थे। चयन को लेकर ग्राम सभा में सरकार के मानक के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सात महिलाओं ने सेविका के लिए फॉर्म भरकर जमा किया। गंभीरता से कागजातों की जांच करने के बाद योग्यता और प्रतिशत के आधार पर सुलेखा कुमारी पति संजय मुंडा के नाम को प्रस्तावित किया गया।

# बड़कागांव में सदर विधायक का लोगों ने किया जोरदार स्वागत

## मनीष जायसवाल ने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के विस्तार को लेकर गुरुवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बड़कागांव प्रखंड का दौरा किया।यहां विधायक ने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के आयोजन को लेकर विशेष रणनीति बनाई। इससे पूर्व विधायक मनीष जायसवाल ने रोड शो के दौरान बड़कागांव चौक पर स्थित काली मंदिर में माथा टेका एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान साथ चल रहें भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के हाथों में भाजपा झंडे के साथ चंद्रयान- 3 के सफलता को लेकर सफेद रंग में चांद पर चंद्रयान की तस्वीर से लैस इसरो पर गर्व करने संबंधी स्लोगन से युक्त झण्डे लहरा रहे थे। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हमें गर्व है की जहां कुछ देशों के झंडों में चांद हैं वहीं हमारे देश का झंडा चांद पर हैं। चंद्रयान-3 की सफलता पर जहां संपूर्ण देश गर्व कर रहा है । नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर बड़कागांव में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारना और निचले स्तर तक भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि साल 2016 में कटकमदाग प्रखंड से शुरू हुआ यह टूर्नामेंट अब लोकउत्सव का रूप धारण कर रहा है और इसकी ख्याति दूर तलक तक पहुंच रही है। विजेता टीम को 31 हजार रुपए नगद, आकर्षक नमो ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र और उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए नगद, आकर्षक नमो ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र के अलावे सर्वश्रेष्ठ प्लेयर, सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर, सर्वश्रेष्ठ अनुशासित खिलाड़ी सहित अन्य को भी सम्मानित किया जाएगा। मौके पर से बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा नेता अनिल मिश्रा, मुकुटधारी महतो, जयनारायण प्रसाद, जुगनू सिंह, बचनदेव कुमार, कृष्णा राम, कैलाश साव, बैजनाथ साव, मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# रामगढ़ में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी होंगे बहाल

### एनएचएम से रोस्टर क्लियर का काम पूरा : सिविल सर्जन

खबर मन्त्र संवाददाता/एजेंसी



**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार ने गुरुवार को स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक अहम बैठक की। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में डीएमएफटी के तहत चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति को लेकर तैयार किए गए प्रस्ताव की जानकारी दी। तैयार प्रस्ताव के अनुसार डीएमएफटी के तहत जिले में 1 रेडियोलॉजिस्ट, 2 एनेस्थेटिक, 1 पैथोलॉजिस्ट, 3 मेडिकल ऑफिसर, 2 फार्मासिस्ट, 15 स्टाफ नर्स, 11 लैब टेक्नीशियन, 20 एएनएम, 3 एसटीएस, 1 काउंसलर, 1 ईसीजी टेक्नीशियन, 2 रेडियोग्राफर (एक्स-रे टेक्निशियन), 3 ओटी असिस्टेंट, 8 ड्रेसर, 2 कंप्यूटर ऑपरेटर, 6 वार्ड बॉय एवं 7 स्वीपरों की नियुक्ति की जाएगी। सिविल सर्जन ने उपायुक्त को बताया कि इन पदों पर नियुक्ति के लिए एनएचएम से रोस्टर क्लियर कराने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उपायुक्त ने विभिन्न पदों पर चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया को योजनाबद्ध तरीके से ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। राज्य स्तरीय चिकित्सा संस्थानों से समन्वय कर टीम गठित करने एवं उनके माध्यम से ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन से वर्तमान में जिले में कार्यरत आयुष्मान मित्रों की जानकारी ली।

आयुष्मान सुविधाओं को और भी बेहतर करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि आयुष्मान मित्रों से केवल आयुष्मान संबंधित कार्य ही लिए जाए। चिकित्सकों को प्रेरित कर ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को आयुष्मान का लाभ दिया जाए। उपायुक्त ने सिविल सर्जन, उपाधीक्षक सदर अस्पताल एवं डीपीएम-एनएचएम को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए सितंबर के पहले सप्ताह तक सदर अस्पताल सहित जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान मित्रों की रिक्तियों का आंकलन करने तथा जिले में व्यवस्थित तरीके से मरीजों को आयुष्मान का लाभ देने का प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला मलेरिया पदाधिकारी से मलेरिया व डेंगू संबंधित बीमारियों से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

### उपायुक्त ने छावनी परिषद के असैनिक क्षेत्र को ले की बैठक

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय सभाकक्ष में रामगढ़ छावनी परिषद के असैनिक क्षेत्र को विमुक्त करने संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा द्वारा उपायुक्त सहित समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी दी गई कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा रामगढ़ छावनी परिषद के असैनिक क्षेत्र के विमुक्त होने के उपरांत किए जाने वाले कई महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित मंतव्य की मांग की गई है। जिसके उपरांत उपायुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ चर्चा के क्रम में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में तीन दिनों के अंदर विकास कार्यों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़, श्रम अधीक्षक रामगढ़, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल रामगढ़, अंचल अधिकारी रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

### रामगढ़ में भाजपा का वोटर चेतना महा अभियान आज से



**रामगढ़।** सांसद जयंत सिन्हा ने गुरूवार को चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश के आम चुनाव और राज्यों के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी जरूरी है। कहा कि इसी से लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने बताया कि आगामी 25-26 अगस्त को पार्टी द्वारा वोटर चेतना महा अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि इसमें उन युवाओं को जिनकी उम्र 18 वर्ष हो गई है और मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज नही है उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने में मदद की जाएगी। ताकि वे आनेवाले चुनाव में भाग लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में योगदान दें। सांसद ने बताया कि जिन युवाओं की उम्र 18 वर्ष हो गई है और उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है उन्हें फॉर्म 6 भरना होगा। बताया कि यदि किसी मतदाता का देहांत हो गया है और सूची ने नाम हटवाना है तो फॉर्म 7 भरना पड़ेगा। यदि मतदाता सूची में किसी प्रकार का बदलाव करना है तो इसके लिए फॉर्म 8 भरना होगा। सांसद ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए चुनाव में लोगों की भागीदारी जरूरी है। इसलिए जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नही है वे 25 और 26 अगस्त को पार्टी द्वारा वोटर चेतना महा अभियान के दौरान मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाएं और चुनावों में भाग लें। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रकाश मिश्रा,नारायण चंद्र भौमिक, राजू चतुर्वेदी मौजूद थे।

# पलायन को लेकर श्रम मंत्री भोक्ता से मिले किशोरी राणा



**हजारीबाग।** जिले की समस्याओ को लेकर नव झारखंड फाऊंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मिलने रांची स्थित उनके कार्यालय पहुंचे। किशोरी राणा ने मंत्री से आग्रह किया कि राज्य के मजदूरों के हालात बाहर के राज्यो में ठीक नहीं है। उनकी स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। इसको सुधारने व पलायन को रोकने के लिये रोजगार सृजन की आवश्यकता है ताकि पलायन पर लगाम लगायी जा सके। साथ ही उन्होने उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव परनव कुमार पाल से मुलाकात कर कुटीर उद्योग को बढावा देने की बात कही। श्री राणा की बात पर अधिकारी ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार इस पर काम कर रही है। आगे भी करेगी। पलायन के मुद्दे पर राज्य सरकार संवेदनशील है। इस मौके पर समाज सेवी सावंत इंटर कालेज के राम किशोर सावंत, मोहम्मद रसीद खान एवं अन्य उपस्थित थे।

## प्रेस क्लब बरही का होगा विस्तार : अनुज यादव



**बरही।** बरही के एनएच आईबी में प्रेस क्लब हजारीबाग प्रखंड इकाई बरही के पत्रकारों ने चुनाव के बाद पहली बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब बरही के अध्यक्ष अनुज कुमार यादव एवं संचालन सचिव अनुज सिंह ने किया। बैठक में पत्रकारों ने संयुक्तरूप से कई अहम मुद्दों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा किया। जिसमें संगठन विस्तार व आपसी एकता पर विचार करते हुए कोष संग्रहण पर विशेष बल दिया गया। इस बाबत प्रेस क्लब बरही के अध्यक्ष अनुज कुमार यादव ने कहा कि प्रेस क्लब बरही द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिसमे कुछ नए सदस्यों को प्रेस क्लब हजारीबाग का सदस्यता दिलाया जायेगा। साथ ही जल्द ही प्रेस क्लब बरही का विस्तार किया जायेगा। मौके पर केंद्रीय सदस्य आनंद प्रसाद प्रधान, अब्दुल मनान वारसी, रितेश कुमार, उपाध्यक्ष पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश रोशन, कार्यकारिणी सदस्य सुजीत कुमार मौजूद थे।

# खोपड़िया बाबा हनुमान मंदिर में जागरण आयोजित

### हे दुखभंजन मारूती नंदन सुनलो मेरी पुकार गीतों पर झूमे श्रद्धालू



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा बाजार खोपड़िया बाबा प्राचीन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार एवं चंद्रयान तीन के सफलता पूर्वक चंद्रमा पर उतरने की खुशी में बुधवार की रात्रि मंदिर प्रांगण में भव्य श्री हनुमंत जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का शुभारंभ अखंड ज्योत प्रज्वलित कर एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। जागरण में बीएमजी जागरण मंडली के कलाकारों ने पूरी रात भक्ति गीतो से समां बांधे रखा। गायक पवन दांगी, विनय मिश्रा, कमल बगाड़िया, ध्रुव सिंह, गायिका पायल भगवाधारी, जुगनू जोगी, प्रदीप, ष्णा बिहारी द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीतो की प्रस्तुति दी गई। जागरण में हे दुखभंजन मारूती नंदन सुनलो मेरी पुकार, राम पर जब-जब बिपदा आई कौन बना रखवाला, मेरा बजरंग बाला आदि भक्ति गीतो से आयोजन स्थल जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारो से गूंज उठा। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयकारे भी गूंजते रहें। जागरण में वाद्य यंत्रो पर संजीत, गोलू, सोनू, विशाल ने सहयोग किया। बारिश के बावजूद भी भीड़ कम नहीं हुई और श्रोता भक्त जन नाचते-गाते रहें। जागरण मे बेहतरीन झांकियो की भी प्रस्तुति की गई। राजू हलचल के द्वारा भव्य हनुमान जी की झांकी ने जागरण में भक्तिमय वातावरण को और बढ़ा दिया। मौके पर पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, प्राचार्य विजयंत कुमार, जगतार सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, परमजीत सिंह धामी, विजय बंसल, गुलाब मिश्रा, अजय गुप्ता, संजय अग्रवाल, विश्वरंजन सिन्हा, अशोक सोनी, युगल किशोर पांडेय, जयप्रकाश सिंह, नंदकिशोर पांडेय, राजू पांडेय, रोबिन मुखर्जी, सुदर्शन प्रसाद, लालमुनी ठाकुर, राजेन्द्र सिंह, सुरेंद्र यादव, दिनेश प्रसाद, अजय मिश्रा आदि मौजूद थे। जागरण को सफल बनाने मे संतोष अग्रवाल, योगेश दांगी, राजेन्द्र सिंह, बाबूलाल नायक, नरेश साव, अशोक साव, अभिषेक मिश्रा, अजय रजक, नंदकिशोर मिश्रा, बिल्लू अग्रवाल, ष्णा मिश्रा, प्रेम कुमार साहु, संतोष मिश्रा, प्रेम विश्वकर्मा, बृजनंदन दास, राजेंद्र रोशन, अमित शर्मा, रूपेश दुबे, नंदे राम, विनोद शर्मा, बंटी, कुल्लू मिश्रा, ष्णा यादव, अन्नु राम आदि ने योगदान दिया।

**चंद्रयान लैंडिंग भारतवासियों के लिए गर्व की बात : निशि पांडेय**

सामाजसेवी निशि पांडेय ने कहा कि आज बहुत खुशी का माहौल है कि चंद्रमा पर चंद्रयान की सफलता पूर्वक साफ्ट लैंडिंग हुई है। यह देश और सभी भारतवासियो के लिए गर्व की बात है।

**हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार बेहतरीन ढंग से हुआ है : योगेन्द्र साव**

जागरण में शामिल अतिथि पूर्व कृषि मंत्री योगेन्द्र साव ने कहा कि प्राचीन हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार बहुत बेहतरीन ढंग से हुआ है। मंदिर और मंदिर के अंदर स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा मनमोहक है। उन्होंने कहा कि भक्ति जागरण ने वातावरण को और भक्तिमय बना दिया है। ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन है।

## एक नजर में

### जागृति महिला संघ ने घरेलू सामान बांटा



**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की स्वयंसेवी संस्था जागृति महिला संघ के द्वारा आरएनआर कॉलोनी ढेंगा में रह रहे विस्थापित परिवारों को घरेलू सामान बांटा गया। सामान पकरी बरवाडीह परियोजना की नैगमिक सामाजिक विभाग के सहयोग से जागृति महिला संघ की अध्यक्षता ज्योति जलोटा ने 25 विस्थापित परिवारों को बर्तन, गैस चूल्हा और अन्य घरेलू सामान मुहैया करवाया। मौके पर मुख्य अतिथि ज्योति जलोटा ने विस्थापित परिवारों की महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के लिए जल्द कदम उठाए जाएंगे। मौके पर मुख्य अतिथि जागृति महिला संघ की अध्यक्षा ज्योति जलोटा, महिला संघ की सदस्य राखी गुप्ता ,अजीत कुमार, एसके सेनापति, राज किशोर महतो, संतोष कुमार सीनियर मैनेजर, सुश्री रिचा नंदा एग्जीक्यूटिव, रजनीश कुमार, एग्जीक्यूटिव एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। 24 है पी 2: वितरण करते अधिकारी

### चेडरा पंचायत में अखंड कीर्तन आयोजित

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के अस्पताल चौक में अवस्थित संकट मोचन मंदिर में मंगलवार की रात्रि से अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया था, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अखंड कीर्तन में प्रसाद के अतिरिक्त खिचड़ी का भी भोग लगाया गया था। खिचड़ी प्रसाद का वितरण उपस्थित हनुमान भक्तों के द्वारा किया गया। खिचड़ी वितरण की विशेषता थी, जितना मांगो उतना पाओ। परंतु कुछ भक्तों का विश्वास खिचड़ी वितरण में,पायो कण का भयो नहाल के अनुसार था।

### संकल्प रैली को सफल बनाएं कार्यकर्ता : विधायक



**टाटीझरिया।** बरकट्ठा विधानसभा टाटीझरिया और दारू प्रखंड के भाजपा कार्यकतार्यों की बैठक उच्चाबेडा में बसंत नारायण सिंह के अध्यक्षता एवं महेश अग्रवाल के संचालन में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से 5 सितम्बर को आयोजित भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पुर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के बरकट्ठा विधानसभा स्तरीय संकल्प रैली को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कार्यक्रम के संयोजक सह बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि संकल्प महारैली में टाटीझरिया और दारू प्रखंड के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और केंद्र और राज्य में भाजपा के सरकार बनाने का संकल्प ले। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने का रूप रेखा तैयार किया गया। प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत दारू प्रखंड के कार्यकर्ता देवकुली एवं टाटीझरिया के कार्यकर्ता खैरा चौक में स्वागत करेंगे साथ ही कार्यक्रम से पहले खैरा चौक को भाजपा के झंडा और बैनर से सजाया जायेगा। बैठक में विधायक प्रतिनिधि दशरथ नारायण सिंह, प्रवील प्रसाद,सोबरन महतो,विनोद महतो,मनीष यादव,महेंद्र कुमार,बद्री साव,राजेंद्र प्रसाद ,दारू उपप्रमुख प्रतिनिधि विजय प्रसाद, मुखिया भोला तुरी,राजेश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

### रेनबो स्कूल में छात्रों ने इसरो वैज्ञानिकों को दी बधाई



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल शिक्षक सहित विद्यार्थियों ने चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर लैंडर विक्रम के सफल सॉफ्ट लैंडिंग लेकर खुशी जाहिर करते हुए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि भारत के चंद्रयान-3 मिशन के तहत बुधवारको चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर लैंडर विक्रम के सफल सॉफ्ट लैंडिंग कर भारत ने पूरी मिशन मून के क्षेत्र नई इबारत लिख दी। इसके साथ ही, चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखने के मामले में भारत दुनिया का पहला देश और चंद्रमा पर पहुंचने वाला चौथा देश बन गया है। उन्होंने कहा कि ये क्षण अभूतपूर्व है। ये क्षण विकसित भारत के शखनांद का है। मौके पर प्राचार्य पंचम पांडेय, शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, राजेश यादव, संकेश कुमार, नरेश कुमार, रंजीत यादव, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी, कुमारी स्वेता, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, खुशबू कुमारी, रौशनी कुमारी, अंशु कुमारी, अंजुम प्रवीण, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

### अंतरिक्ष में भारत ने रचा इतिहास : रोहित सिंह



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग की झलक प्रस्तुत की गई। जिसे देख बच्चों में उत्साह की सीमा चरम पर देखी गयी। बच्चों ने उमंग से लबरेज होते हुए वंदे मातरम का नारा लगाने लगे। इस कार्यक्रम की प्रस्तुति पर विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि आज हमारा देश अंतरिक्ष में एक इतिहास रचा है।यह पूरे भारतवर्ष की ऐतिहासिक जीत है। हमें हमारे देश के वैज्ञानिकों पर गर्व है जिनकी वर्षों की मेहनत ने आज रंग लाई है। भारत दुनिया का पहला देश है जिसने चंद्रमा के साउथ पोल पर अपना कदम रखा। उन्होंने बताया कि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को 14 जुलाई को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शहर से एलवीएम-3 पर सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। उन्होंने बच्चों को इसरो से संबंधित पूर्ण जानकारी भी दी।

### 15 लाभुकों के बीच बकरी का वितरण

विष्णुगढ़। प्रखंड में पशु धन योजना के तहत 15 लाभुकों के बीच बकरी का वितरण किया गयो पशु चिकित्सालय विष्णुगढ़ परिसर में लाभुकों के बीच 4 बकरी व एक बकरे का वितरण किया गया साथ हीं बाल्टी,गमला, व दवाई भी दी गयी। वितरण कार्यक्रम के बीच चेड़रा के संदीप पाण्डेय द्वारा बकरी वितरण में भेदभाव का आरोप लगाया। कहा की योजना की जानकारी ग्रामीणों को नहीं दी जाती है, जिससे उचित लाभार्थी भी वंचित रह जाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पशु चिकित्सक, चंदेश्वर प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, राजू श्रीवास्तव, विनोद कुमार आदि उपस्थित थे।

### श्राद्ध कर्म में शामिल हुए संजीव बेदिया

**बड़कागांव।** झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव कुमार बेदिया फागु यादव के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री बेदिया ने कहा कि फागु यादव एक विकास पुरुष थे। समाज के विकास के लिए हमेशा खड़ा रहते थे। पुष्पांजलि करते हुए संजीव कुमार बेदिया ,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ चौबे,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, चुरामन गोप, कमल यादव, नवलेश यादव, विनोद यादव,अवध किशोर यादव सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### चरही के श्यामपट्टी से ट्रक की चोरी

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र के श्यामपट्टी से एक ट्रक चोरी हो जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। ट्रक सह मालिक जरबा निवासी नंदलाल प्रजापति ने थाना में मामला दर्ज कराने को लेकर आवेदन दिया है। जिसमें लिखा है कि अपनी ट्रक नंबर जेएच02भी/2271 को चरही थाना क्षेत्र के श्यामपट्टी निवासी सिया राम प्रजापति के घर के सामने एनएच 33 के किनारे तर्क को 8 अगस्त को खड़ा किया था। आवेदन में लिखा है कि चोरी हुई ट्रक में उडीसा माइनिंग विभाग का जीपीएस लगा हुआ है। लोकेशन से पता चला कि चोरी गई ट्रक केदला 15 नंबर में होने की लोकेशन मिला। लेकिन वहां पर भी कोई पता नहीं चला। थक-हारकर चरही में पहुंचकर भुक्तभोगी ने आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## स्पीड न्यूज

### चंद्रयान प्रश्नमंच में भारतवर्ष सदन विजेता



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चंद्रयान-3 की सफलता की खुशी प्रश्नोत्तर माध्यम से मनाई गई। जिसमें चंद्रयान 3 अभियान से जुड़े लगभग 100 प्रश्न छात्र-छात्राओं से पूछे गये। सही उत्तर के आधार पर अधिकतम प्रश्नों के उत्तर देकर भारतवर्ष सदन विजेता बना। दूसरा स्थान हिमवर्ष सदन और तीसरा स्थान संयुक्त रूप से हिंदुस्तान एवं बिरसा मुंडा सदन ने प्राप्त किया। विजेताओं में छात्राएं अधिक रही। पुरस्कार जीतने वालों में रोहित साहू, राजन साहू, सत्यम कुमार, बबली कुमारी, सुषमा अभिषेक लकड़ा, शिवाजीत ठाकुर, पंचम साहू, आकांक्षा पांडे, सुहानी टोप्पो, सुहानी कुमारी, प्रिया कुजूर, प्रफुल्लित केरकेट्टा, अनिमा कुमारी एवं रोशनी उरांव शामिल है।

### सफल लैंडिंग गौरव का क्षण : राजीव

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर की वंदना सभा में उपस्थित भैया बहनों को चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर सफल लैंडिंग की जानकारी दी गयी। विद्यालय के विज्ञान आचार्य राजीव सिंह ने कहा कि विश्व का पहला देश भारत बना जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपने चंद्रयान 3 को सफलतापूर्वक लैंडिंग करवाया। यह भारतीय वैज्ञानिकों के अथक परिश्रम एवं प्रतिभा का परिणाम है। इसके लिए विद्यालय परिवार सभी वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना ज्ञापित करता है।

### जिम्मेदारी निभायें सभी पदाधिकारी : निशा



**लोहरदगा।** जिला युवा कांग्रेस कमेटी की कार्यकारणी बैठक राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग की अध्यक्षता एवं जिला प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष निशा भगत की उपस्थिति में हुई। जिला प्रभारी निशा भगत ने कहा कि प्रदेश निर्धारित कार्यक्रमों को जिम्मेदारीपूर्वक करें अन्यथा पदाधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी और जल्द विधानसभा कमेटी, पंचायत कमेटी एवं बूथ कमेटी बनायी जाये। इसके साथ युद्ध स्तर पर चल रहे 35 वर्ष तक कि महिला बहनों को इंदिरा फेलोशिप से सशक्त कराया जा रहा है। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष सह वरिष्ठ कांग्रेसी आजाद खान, जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, उपाध्यक्ष लाल विकास नाथ शाहदेव, गुलाम जिलानी, दुर्गा उरांव, कविश जयसवाल, इमरोज अंसारी, रंजीत लकड़ा, कैश आलम, असलम अंसारी, सौरभ भगत, खुशी तिग्गा, सुहैल अख्तर आदि थे।

### वन विभाग ने लोगों को दिया मुआवजा



**घाघरा।** प्रखंड के आदर वन विभाग कार्यालय में विभाग ने जंगली हाथियों से प्रभावित गुटवा जोकारी के पीड़ित ग्रामीणों को गुरुवार को मुआवजा राशि दी। इस क्रम में विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव व विभाग के कर्मियों ने 7 पीड़ित ग्रामीणों के बीच 13,3200 का चेक दिया। चेक लेने वालों में नोबेर्ट किंडो, एरनियुस किंडो, अशोक टोप्पो, अभय मुंडा, बलि उरांव, रामकेवल मुंडा, अमरुश कुजूर के नाम शामिल हैं। संजीव ने कहा कि कुछ महीने पूर्व जंगली हाथी ने कई ग्रामीणों के घर फसल सहित कई चीजों को नुकसान पहुंचाया था। जिसका विभाग द्वारा क्षतिपूर्ति दिया गया है ताकि कुछ हद तक उनका सहयोग किया जा सके। मौके पर लालदेव उराव सहित ग्रामीण व बिभाग के कर्मी उपस्थित थे।

### चंद्रयान की सफलता पर जश्न, बंटी मिठाई



**रायडीह।** इसरो के वैज्ञानिकों के द्वारा भारतीय चंद्रयान 3 को चंद्रमा पर बुधवार की शाम को सफल लैंडिंग कराने पर झारखंड-छत्तीसगढ़ की सीमावर्ती क्षेत्र रायडीह प्रखंड के शंख मोड़ कार्तिक उरांव चौक मांझाटोली में लोग खुशी से सड़कों पर आकर जमकर आतिशबाजी कर उत्साह प्रकट किया। सभी ने पटाखे के साथ नाच गाकर खूब खुशियां मन्इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय चंद्रयान का गगनभेदी नारा सामूहिक रूप से लगाया गया। सभी को न्यू मिथिला स्वीट्स होटल मांझाटोली ने मोती चूर का लड्डू खिला कर मुंह मीठा कराया। मौके पर कमलेश झा, प्रेम प्रसाद, विनोद गुप्ता, राकेश झा, विजय राय, नजमुद्दीन खान, अब्दुल गफ्फार खान, नसीम ताज, उमर कैश, सुबोध प्रसाद, शंभू प्रसाद, सुमित प्रसाद, रवि प्रसाद, तस्लीम अली थे।

### चंद्रयान से भारत ने रचा इतिहास : रमेश

**गुमला।** चंद्रयान 3 की सफलता पर जिले के लोग खुशी से झुम उठे है। कांग्रेस ने भी इस उपलब्धि पर प्रशंसा व्यक्त की है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि भारत के चंद्रयान-3 उपग्रह ने विक्रम लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारकर इतिहास रच दिया है। विक्रम लैंडर को दक्षिणी ध्रुव के करीब सॉफ़्ट लैंड करना था जो बड़े अच्छे ढंग से हुआ। ये भारत के साथ-साथ दुनिया भर के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। वर्तमान सरकार व वैज्ञानिकों ने भी इस ऐतिहासिक कार्य के लिए अपना योगदान सुनिश्चित किया है। इसके लिए सभी को बधाई।

### तुंजो में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**घाघरा।** जय सरना समिति तुंजो घाघरा द्वारा आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अरुण पांडे, कांग्रेस शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अगस्टिन महेश कुजूर, विधानसभा उपाध्यक्ष दिलबहार अंसारी ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच टोटो नवाटोली बनाम सत्यम एफसी के बीच खेला गया।

# उपायुक्त ने जानी रायडीह प्रखंड के दूरस्थ क्षेत्र लोहराडेरा की हकीकत

- जनसंवाद आयोजन कर सुनी ग्रामीणों की समस्या, ग्रामीणों ने गांव में रोजगार सृजन की मांग की
- लोहराडेरा विद्यालय का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, गांव में रहती है 24 घंटे बिजली

खबर मन्त्र संवाददाता





जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों की समस्या सुनते उपायुक्त और लोहराडेरा में लगे सोलर प्लांट का निरीक्षण करते उपायुक्त।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुरूवार को रायडीह प्रखंड के दुरस्त क्षेत्र कोंडरा पंचायत के लोहराडेरा गांव का दौरा किया। लोहराडेरा जाने के लिए लगभग 3 किलो मीटर की दूरी बाइक से व कुछ दूरी पैदल तय कर उपायुक्त पहुंचे। जहां ग्रामीणों से बैठक कर क्षेत्र में जनसंवाद किया व एक एक कर सभी लोगों की समस्या सुनी। उक्त ग्राम में 2021 से पहले ग्राम वासियों ने बिजली भी नहीं देखी थी।

जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रदान संस्था के द्वारा 22 परिवारों वाले इस लोहराडेरा ग्राम में 2021 के अंत तक सोलर लाइट की व्यवस्था की। जिससे की प्रत्येक घरों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। प्रदान संस्था के सदस्यों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त ग्राम में कुल 20 सोलर पैनल लगाये गये हैं जिसमें कि प्रत्येक सोलर पैनल में 335 वोल्ट की बिजली उत्पादक क्षमता है। उन्होंने बताया कि प्रदान संस्था द्वारा बैंक ऑफ अमेरिका मरीन लिंच प्रोजेक्ट के तहत उक्त ग्राम में लगभग 23 लाख रुपये की लागत से सोलर पैनल लगाये गये हैं।

टेक्नोलॉजी पार्टनर ग्राम ऊर्जा के सहयोग से टेक्निकल कार्य को पूर्ण किया गया। अब इसकी देख रेख ग्राम वासियों के द्वारा समिति बनाकर किया जाता है। उपायुक्त ने सोलर पावर का निरीक्षण करते हुए संचालन संबंधित अन्य आवश्यक जानकारी ली। ग्राम वासियों के साथ जनसंवाद के क्रम में उन्होंने इस बात की पुष्टि की की प्रत्येक घरों में बिजली की निरंतर आपूर्ति हो रही है या नहीं।

## पेयजल है ग्रामीणों की प्रमुख समस्या

ग्राम वासियों ने बताया कि केवल अधिक बारिश के मौसम में बिजली आपूर्ति में समस्या आती है बाकी दिनों में 24 घंटे बिजली की सुविधा है। इस दौरान उपायुक्त ने ग्राम वासियों से उक्त ग्राम की अन्य समस्याओं के बारे में पूछा। ग्राम वासियों ने पेयजल एवं सड़क की समस्या को मुख्य रूप से उपायुक्त के समक्ष रखा। इसके अलावा विद्यालय की मरम्मत, गांव में रोजगार के अवसर प्रदान करने, सामुदायिक भवन निर्माण तथा अन्य कई प्रमुख बिंदुओं से भी उपायुक्त को अवगत करवाया। ग्राम वासियों ने अपने गांव के साथ साथ आस पास के भी गांवों की भी समस्या को उपायुक्त से साझा किया। ग्रामवासियों की समस्याओं की सूची बनाते हुए जनसंवाद के दौरान ही उपायुक्त ने क्षेत्र भ्रमण के पश्चात संबंधित अधिकारियों को अपने कार्यालय में बुला कर एक बैठक का आयोजन करने का निर्णय लिया। उपायुक्त सहित सभी वरीय पदाधिकारियों से मुलाकात कर ग्राम वासियों ने हर्ष प्रकट किया और कहा कि इससे पूर्व गांव में किसी भी बड़े अधिकारी ने कदम नहीं रखा था। उपायुक्त के गांव में आ जाने से ग्राम वासियों के मन में उम्मीद की एक लहर जाग उठी। इस दौरान उपायुक्त ने लौटने के क्रम में उक्त क्षेत्र अंतर्गत संचालित विद्यालय का भी निरीक्षण किया। विद्यालय की स्थिति एवं बच्चों को मिलने वाले मिड डे मिल की भी जानकारी ली। क्षेत्र भ्रमण के दौरान बीडीओ रायडीह, एडीएफ फेलो, एपीआरओ, प्रदान संस्था के प्रतिनिधियों सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

विधायक ने रायकेरा में पीसीसी का शिलान्यास और महुगांव में पुल निर्माण का किया उद्घाटन

# गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने का दिया निर्देश

- बीडीओ व सीओ के साथ बैठक कर गरीबों को सरकार की योजनाओं का लाभ देने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



बीडीओ, सीओ व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते विधायक।

**भरनो।** प्रखंड के रायकेरा में गुरुवार को विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। साथ ही महुगांव में नव निर्मित पुल निर्माण का उद्घाटन किया। जिसके बाद सीओ कार्यालय में बीडीओ व सीओ के साथ बैठक की। बैठक में असहाय गरीब और जरूरतमंद लोगों को कुएं, टीसीबी, डोभा, अबुआ आवास, सुखा राहत कोष आदि जैसे योजनाओं का ससमय लाभ देने का निर्देश दिया। बैठक में आमजनों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए विधायक ने मौके पर बीडीओ तेज कुमार हस्सा, सीओ संजीव कुमार एवं प्रखंड के जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आम लोग प्रखंड से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित हैं। उन्हें हर हाल में उनका अधिकार मिलना ही चाहिए। इंदिरा आवास, टीसीबी, डोभा, राशन कार्ड, विधवा पेंशन जैसे सरकार सुविधा हर जरूरत मंद को मुहैया कराया जाए। जबकि जिनके पास वास्तिक रूप से रहने के लिए आवास नहीं है ऐसे लोगों को खास कर सरकार की सुविधा से लाभान्वित करें। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जॉनसन बड़ा, जहांगीर आलम, मकसूद अंसारी, मीर इमरान, बुधराम सर, शिव उरांव, मोकतार खान आदि जनप्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे।

# प्रदेश में भ्रष्टाचार और अत्याचारी सरकार के खिलाफ एकजुट होकर करेंगे संघर्ष : मनीर

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में मौजूद भाजपा के पदाधिकारी व अन्य।

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा की संयुक्त मोर्चा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष बैठक जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में बक्शीडिप्पा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का आगमन व जनसभा (19 सितंबर) की तैयारियों के निमित्त हुई। बैठक में पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व माटीकला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गीत के साथ में किया गया।

बैठक में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में मोर्चा संगठन की रीढ़ बनकर कार्य करती है। और प्रदेश अध्यक्ष का निर्धारित कार्यक्रम प्रदेश में भ्रष्टाचार और अत्याचारी सरकार के खिलाफ एक बुलंद आवाज है। पूरे प्रदेश में सत्ताधारी लोग सत्ते के नशे में स्वयं तो राजा बन बैठे। प्रवीण सिंह ने कहा कि मोर्चों का भाजपा के कार्यक्रमों में अहम भागीदारी होती है। निर्धारित कार्यक्रम में मोर्चा के प्रत्येक पदाधिकारी अपना सुनिश्चित जिम्मेवारियों के अनुसार कार्यों का निर्वहन करेंगे। बाबूलाल मरांडी के इस कार्यक्रम की शुरूआत से हम देख पा रहे हैं की जनता का प्यार भरपूर मिल रहा है उसका मूल कारण यह है कि वह सदैव जनता के लिए संघर्षरत रहे हैं।जनता के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया। वर्तमान की झारखंड की सरकार के कुप्रबंधन के कारण उत्पन्न हुई अराजकताओं का जवाब सामूहिकता में देने का समय आ गया है।

### चंद्रयान की सफलता ऐतिहासिक : विवेक चौहान



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के भाजपा महामंत्री विवेक चौहान ने चन्द्रयान 3 के दक्षिण ध्रुव में सफलता पूर्वक लैंडिंग करने पर हर्ष जताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चन्द्रमा के दक्षिनी ध्रुव में उतरने वाला भारत विश्व का पहला देश बन गया है। चंद्रयान 3 की सफलता सभी भारतवासियों के लिए ऐतिहासिक पल है।हमारे वैज्ञानिकों ने अपने अथक प्रयास से एक ऐतिहासिक कार्य कर दिखाया है। प्रधानमंत्री जी ने सही कहा है चंदा मामा दूर के नहीं अब टूर के होंगे, इन सभी वैज्ञानिकों को और साथ में सभी देशवासियों को इस ऐतिहासिक पल के लिए बधाई देता हूं। हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रखंड अध्यक्ष सूरज दसौंधी, शंभु सिंह, भैया गंधर्वनाथ शाह, अमित लोहरा, गोसाई भगत, आदर्श चौहान, सुनील महली, श्याम किशोर, ममता सिंह, दीपक साहू, मिथलेश, श्यामनंदन, रोहित, अलाबक्स, बीगल मुंडा, अनिता देवी, सुमन देवी, बिनोद साहू, प्रवीण इत्यादि लोग शामिल हैं।

### भंडरा पुलिस ने तीन आरोपियों को भेजा जेल



**भंडरा।** पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के आदेशानुसार भंडरा पुलिस ने बीती रात तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को लोहरदगा जेल भेज दिया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश से बीती रात्रि में भंडरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के अभियुक्तों के विरूद्ध समकालीन अभियान के तहत छापामारी की। जिसमें लोहरदगा के वारंटी जितिया उरांव (30), पिता स्व गजा उरांव ग्राम नवडीहा, सुरेंद्र उरांव उर्फ सुलेंद्र (32), पिता जौरू उरांव ग्राम धनामुंजी, लोहरदगा एवं भंडरा थाना कांड सं.-24/2019 धारा-379/411 भादवि के वारंटी रिजवान अंसारी (22), पिता रमजान अंसारी ग्राम बलसोता टंगरा टोली की गिरफ्तारी की गयी और सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासात में मंडल कारा लोहरदगा भेज दिया गया।

### ससुर की हत्या में दामाद गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**गुमला।** पुलिस ने ससुर बली खड़िया की हत्या करने वाले दमाद झरिया खड़िया को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। गुरुवार को गुमला थाना परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि कांड के उदभेदन के लिए एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी बिनोद कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड के प्राथमिक अभियुक्त झरिया खड़िया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसका ससुर नशा कर उसे गाली गलौज कर रहा था और उसके साथ मारपीट की थी।

## सड़क सुरक्षा टीम ने विभिन्न स्कूलों में चलाया जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** सड़क सुरक्षा टीम ने गुरुवार को शिशु सदन पब्लिक स्कूल गुमला, राजकीयकृत मध्य विद्यालय करौंदा, एवं डीएस होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल चैरंबा में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया। जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गयी। स्कूल में जागरूकता अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों का इस्तेमाल कर सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और साथ ही अपनी व कई लोगों की जान की रक्षा कर सकते हैं। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने (वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना खतरनाक है) जानकारी दी। साथ बताया। अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया।

## झारखंड पार्टी के अध्यक्ष बने राजेश मुंडा और चौधरी भगत बने उपाध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुडू/ लोहरदगा।** झारखंड पार्टी की बैठक कुडू प्रखंड के ककरगढ़ पंचायत के ककरगढ़ ग्राम में महिला प्रखंड अध्यक्ष ससीता उरांव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष पवन तिग्गा, केंद्रीय सदस्य राहुल भारती, बिष्णु उरांव एवं महिला मोर्चा जिला सचिव रेशमी टोप्पो मुख्य रूप से उपस्थित हुए। पवन तिग्गा ने कहा मदरसा चौक एनएच 75 से लेकर ककरगढ़ पंचायत भवन तक के रास्ते पर लगभग दो हजार गड्ढे हैं और सरकार विकास की गिनती गिनाती है। राहुल भारती ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार सुखाड़ राहत योजना की अगली राशि भी अबतक सभी किसानों तक नहीं पहुंचा पायी है, राज्य में दुसरी बार सुखाड़ की स्थिति हो रही है किसान लाचार और बेबस हैं। बैठक में सर्व सहमति से कुडू प्रखंड अध्यक्ष (पूर्वी) राजेश मुंडा और उपाध्यक्ष (पूर्वी) चौधरी भगत को बनाया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत नौ को आवश्यक तैयारियां जोरों पर

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेर्शानुसार तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 9 सितंबर 2023 को लोहरदगा सिविल कोर्ट परिसर में किया जाना है जिसको लेकर तैयारियां जोर-जोर से चल रहा है। इसी क्रम में लोहरदगा जिले के समस्त न्यायाधीशगणों की एक मीटिंग प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यालय कक्ष में बुलायी गयी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल ने न्यायिक प्राधिकारियों को यह निर्देश दिया कि तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए तथा ज्यादा से ज्यादा वादों को लोक अदालत के माध्यम से निष्पादित करने के लिए वादों का वर्गीकरण करना सुनिश्चित करें।

### पेंशनधारियों के भौतिक सत्यापन की जानकारी दी

**सिसई।** बीडीओ सुनिला खलखो ने सभी पंचायत सचिव, जनप्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कि प्रखंड के सभी पेंशनधारियों का भौतिक सत्यापन पंचायत स्तर पर चल रहा है। पूरी सूची सभी को पंचायत में उपलब्ध करायी गयी है। मृत व्यक्ति के साथ गलत अनुशंसा के आधार पर स्वीकृत पेंशन धारियों की सूची बनाकर एवं चिह्नित कर प्रखंड को उपलब्ध करायें ताकि आवश्यक कार्रवाई हो सके। ये भी कहा कि जानकारी छिपाने या गलत भौतिक सत्यापन होने से समस्या हो सकती है।

## सिविल सर्जन राजू कच्छप से मिला चेंबर का प्रतिनिधिमंडल

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल चेंबर उपाध्यक्ष राजेश सिंह की अगुवाई में सिविल सर्जन राजू कच्छप से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान चेंबर के नवनिर्वाचित टीम के बारे में जानकारी दी गयी।

वहीं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सदर अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या, आपातकाल में उपस्थित रहने वाले महिला डॉक्टर व अन्य डॉक्टरों के बारे में जानकारी ली गई। सचिव बबलू वर्मा ने एम्बुलेंस और ब्लड बैंक की व्यवस्था को और अच्छे ढंग से सुधार करने की बात कही। सिविल सर्जन द्वारा हर बिंदु पर

# धूमधाम से मना रोटरी क्लब का 40वां पदस्थापना समारोह

- चंद्रयान-3 की सफलता पूर्वक चंद्रमा पर लैडिंग होने पर इसरो के वैज्ञानिकों के प्रति सम्मान प्रगट किया

खबर मन्त्र संवाददाता




कार्यक्रम में शामिल रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

**गुमला।** रोटरी क्लब गुमला सिटी का 40 वां स्थापना दिवस एवं चंद्रयान 3 के विक्रम लैंडर का चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग पर रोटरी भवन पालकोट रोड गुमला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर भैरव प्रसाद, सत्यनारायण प्रसाद, तपेश्वर लाल व भगवान साबू ने रोटरी के अपने 40 वर्षों के अनुभवों को सदस्यों के साथ साझा किया। चार्टर सदस्य पी राम एवं विनय कुमार लाल अपनी व्यस्त कार्यक्रम के कारण गुमला में नहीं थे। उन्होंने अपना शुभकामना संदेश क्लब में भेजा। जिसे क्लब के सचिव विमल कुमार पंकज ने पढ़कर सदस्यों को सुनाया। वर्तमान अध्यक्ष डॉ सुगेन्द्र साय ने वर्तमान में क्लब की उपलब्धियां को बताया एवं पॉल हरीश फेलो की सदस्यता ग्रहण करने के लिए भी सदस्यों को प्रेरित किया। डॉ साय ने चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग के लिए सभी सदस्यों से खड़े होकर इसरो के वैज्ञानिकों के प्रति सम्मान में ताली बजाने का आग्रह किया।

**ये रहे मौजूद :** इस कार्यक्रम में राम जी गुप्ता, विजय दी ग्रेट, पवन गुप्ता, राजकुमार जायसवाल, वसंत कुमार, विजय ओझा, प्रकाश चंद्र, अनमोल गुप्ता, संदीप गुप्ता, मनोज शर्मा, दीपक गुप्ता, प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, अनिल आनंद, अजय कुमार, हीरा सोनी एवं पवन साहू उपस्थित थे।

# आदर्श ग्राम भौरों में आयोजित विशेष ग्रामसभा में आजीविका बढ़ाने पर चर्चा

- ग्राम पंचायत में चलने वाली सभी योजनाओं की दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में मौजूद बीडीओ रंजीत सिन्हा।

**खास बातें :** गर्भवती महिलाओं के पोषण को लेकर जागरूकता अभियान चलायें। शिक्षा विभाग विद्यालय के शिक्षकों की कमी, भवन की कमी, चहारदीवारी आदि कार्य को पूरा करे और प्रगति उपयोगिता जमा करें। स्वच्छता एवं पेयजल विभाग नलकूप सहित पेयजल की व्यवस्था पर गति दें। बाल विकास आंगनबाड़ी केंद्रों को समय से चलायें और गुणवत्तापूर्ण पोषाहार बच्चों को दें। जेएसएलपीएस अधिक से अधिक महिला समूह को जोड़कर स्वरोजगार दें। सड़क खराब है तो ग्राम सभा से पारित कर योजना लें। मौके पर पंचायत बीपीएम विजय प्रसाद, सचिव तिवारी उरांव, पशुपालन पदाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। मौके पर पंचायत के मुखिया सुमंती तिग्गा ने कहा कि भौरों ग्राम के साथ भौरों पंचायत को भी आदर्श पंचायत बनाना है।

**भंडरा।** प्रखंड के भौरों पंचायत भवन के सभा भवन में गुरुवार को पंचायत के मुखिया सुमंती तिग्गा की अध्यक्षता में आदर्श ग्राम के तहत विशेष ग्राम सभा की गयी। इस ग्राम सभा में पंचायत के हर वार्ड से ग्रामीण पहुंचे हुए थे। ग्राम सभा मे आदर्श ग्राम में आजीविका बढ़ाने पर विचार विमर्श किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने ग्राम सभा के माध्यम से ग्राम पंचायत में चलने वाली सभी योजनाएं के बारे में आवश्यक जानकारी दी गयी। ग्राम सभा में उपस्थित पंचायत के रोजगार सेवक के द्वारा मनरेगा से पंचायत में होने वाले काम पर भी विशेष चर्चा की गयी। ग्राम सभा में पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बीडीओ रंजीत सिन्हा ने कहा की आदर्श ग्राम भौरों में विकास योजना के तहत सभी विभाग को काम करना है स्वास्थ्य विभाग नियमित टीकाकरण करे।

## स्पीड न्यूज

### उपायुक्त ने नगर विकास विभाग के योजनाओं की समीक्षा की

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में झुमरीतिलैया नगर पर्षद, कोडरमा व डोमचांच नगर पंचायत में नगर विकास विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में तीनों शहरी क्षेत्रों में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम स्वनिधि योजना समेत विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए नगर प्रशासकों को तीनों शहरी क्षेत्रों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीसी ने नगर प्रशासकों को नियमित रूप से टीम के माध्यम से शहरी क्षेत्रों के चौक चौराहों और वार्डों की नियमित साफ सफाई सुनिश्चित करने, लम्बित आवास योजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने, डोर टू डोर कचरा उठाव नियमित रूप से करने, शहरी क्षेत्रों में बने सामुदायिक शौचालयों और सुलभ शौचालय की साफ सफाई करवाने, नियमित रूप से होल्डिंग टैक्स और वाटर टैक्स का कलेक्शन करवाने, दुकानदारों को ट्रेड लाइसेंस के लिए प्रेरित करने, तीनो शहरी क्षेत्रों में वेडिंग जोन बनाने, ग्रे और ब्लैक वाटर प्रबंधन का प्रस्ताव तैयार करने आदि को लेकर निर्देश दिया गया।

### भारत पहुंचा चांद पर, वैज्ञानिकों को हृदय से बधाई : पुनीत यादव

**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर सभी शिक्षकों ने इसरो की इस ऐतिहासिक सफलता पर सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी। वहीं भारत की इस शानदार सफलता पर प्राचार्य पुनीत यादव ने कहा की हमारे वैज्ञानिकों ने जो संकल्प जमीन पर लिया उसे चांद पर साकार कर दिखाया। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है जो नित्य नए कीर्तिमान स्थापित करते जा रहा है। यह चंद्रयान-3 की सफलता विकसित भारत के सपने को पूरा करेगा और भारत विश्व गुरु बनेगा। वहीं उन्होंने कहा कि इसरो के निदेशक सोमनाथ के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की टीम ने भारत को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर उप प्राचार्य अर्जुन चंद्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, संतोष कुमार आदि शिक्षकों ने इसरो के सभी वैज्ञानिकों को देश का परचम लहराने के लिए हृदय से बधाई दी।

### शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में सत्र 2023-24 के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता तथा प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने सभी नव-निर्वाचित छात्रों को शपथ दिलाई। छात्रों को अपने संबोधन में विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने छात्रों को उनके द्वारा ली जा रही शपथ को आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया और इस बात पर जोर दिया कि यह मूल्य न केवल उनके शैक्षणिक प्रयासों को आकार देंगे, बल्कि उनके व्यक्तिगत विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने छात्रों को अपनी जिम्मेदारियों को शुद्ध अंत:करन से निर्वाहन करने की सलाह दी तथा छात्रों को उनके नए दायित्वों का ज्ञान कराते हुए उनकी सफलता की मंगल कामना की। वही प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने छात्रों को कहा की यह समारोह छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ावा देता है और उन्हें नेतृत्व की ओर एक कदम आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। मौके पर बच्चों ने सांसतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कार्यक्रम प्रभारी शारीरिक शिक्षक अमित दास एवं एनसीसी के एएनओ थर्ड ऑफिसर अभिजीत आनंद, शिक्षक दीपक पांडेय, मोमिता दास गुप्ता, रणविजय सिंह, राज कुमार राम, शफीक आलम, आदि का योगदान सराहनीय रहा। मंच संचालन छात्रा अनुष्का भदानी एवं श्रद्धा कुमारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन स्कूल कैप्टन भूमि दक्ष ने किया।

### छात्राओं ने निकाली जन आक्रोश रैली, उपायुक्त से लगाया गुहार

**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड के भोंडों पंचायत के छात्राओं ने गुरुवार को समाहरणालय के समक्ष जन आक्रोश रैली निकाला और उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर भोंडों के आंगनबाड़ी केंद्र एक और आंगनबाड़ी केंद्र 2 की सेविका पर उचित कार्रवाई करने की मांग की। उपायुक्त को दिए आवेदन में छात्राओं ने कहा है कि चंदवारा प्रखंड के भोंडों पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एक कि सेविका सोनी देवी और आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 2 की सेविका अंजू देवी द्वारा सावित्रीबाई फुले योजना समेत सरकार के अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ देने के लिए दोनों सेविकाओं के द्वारा अवैध वसूली किया जाता है, इससे सम्बंधित बिगत 21 जुलाई को लिखित शिकायत के आलोक में जांच भी किया गया, जिसमे मामला सत्य पाए जाने पर दोनों सेविकाओं से स्पष्टीकरण पूछा गया, मगर अभी तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही हुई। छात्राओं ने उपायुक्त से उचित कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में पूजा कुमारी, रानी कुमारी, बबिता कुमारी, चांदनी कुमारी, निशा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, काजल कुमारी, पवन कुमार आदि के हस्ताक्षर है।

### पंकज प्रजापति की जमानत याचिका खारिज

**चतरा।** अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी चतरा की अदालत में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता पंकज कुमार प्रजापति ने जमानत का आवेदन दिया था। जिसे न्यायालय के द्वारा खारिज करते हुए जेल भेज दिया गया। गौरतलब हो की पंकज प्रजापति के विरोध में सदर थाना में कांड संख्या 85 /2013 मामला दर्ज कराया गया था और इस केस में कभी भी वह हाजिर नहीं हुए थे। इसलिए पुलिस ने इन्हें फरार घोषित करते हुए उनके खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र समर्पित किया था। इनके ऊपर सदर एसडीओ के आदेश पर सदर वीडियो ने राशन दुकान का अनाज का कालाबाजारी करने के आरोप का मामला दर्ज कराया गया था ।उनके पास से 407 ट्रक पर 27 बोरा चावल (प्रत्येक 50 के. जी)और 60 लीटर किरासन तेल जप्त किया गया था। सारा सामान ट्रक पर लोड करके कालाबाजारी करने के लिए ले जाया जा रहा था। इन्होंने पहले भी न्यायालय में अग्रिम जमानत का आवेदन दिया था। जो न्यायालय के द्वारा खारिज कर दिया गया था।

### विद्यालय का ताला तोड़कर की गयी चोरी

**चतरा।** हंटरगंज के उत्क्रमित मध्य विद्यालय झिकटिया में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरों के द्वारा विद्यालय में रखे मध्याह्न भोजन के 6 क्विंटल चावल की चोरी कर ली गई। चोरी की घटना की जानकारी दूसरे दिन स्कूल खोलने पहुचे शिक्षकों और बच्चों को हुई। प्रभारी प्रधानाध्यापक देवव्रत कुमार ने बताया कि जब वह स्कूल पहुंचे तो देखें की विद्यालय के कार्यालय का ताला कुंडी सहित कबाड़ा हुआ है। इसके बाद जब कार्यालय के अंदर गए तो उसमें रखा 6 क्विंटल चावल गायब पाया गया।

टाउन पुलिस व आरपीएफ के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर अपने-अपने दावे

# रेलवे का लोहा से भरा ट्रक को आरपीएफ ने किया बरामद चालक व खलासी फरार



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र के गझांडी रोड स्थित प्रतीक स्टील प्लांट के मुख्य द्वार से रेलवे का लोहा (पटरी) से भरा ट्रक को आरपीएफ ने बरामद किया है। जबकि ट्रक चालक व खलासी चाबी लगा छोड़कर फरार हो गया।

ट्रक में लगभग 35 पीस रेलवे का कटिंग पटरी लोड था। फिलहाल टाउन पुलिस व आरपीएफ के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर अपने-अपने दावे करने में लगी है। मामला जो भी हो अब तो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही यह तय हो पाएगा की रेलवे का कटिंग पटरी कहां से चुराया गया है।

चुराया गया रेलवे का कटिंग पटरी इसी वर्ष का बना हुआ बताया गया। संभावना जताया जा रहा है की फैक्ट्री संचालक को पुलिस की आने की सूचना मिलने के बाद ट्रक को आनन-फानन में फैक्ट्री परिसर के बाहर खड़ा करवा दिया गया।

फिलहाल आरपीएफ मामले को लेकर हर पहलू पर जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक आरपीएफ निरीक्षक जवाहरलाल एवं तिलैया थाना के अवर निरीक्षक तथा जवान मौके पर मौजूद थे।

### रेलवे लाइन बाउंड्री के बाहर से युवक का शव बरामद



**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लाराबाद रेलवे लाइन के बाउंड्री के बाहर से 24 वर्षीय युवक का शव पुलिस ने गुरुवार की सुबह बरामद किया है। वहीं युवक की पहचान गया जिला के मोहनपुर थाना अंतर्गत डुमरी गांव के 24 वर्षीय नीतीश कुमार पिता मनोज प्रसाद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली थी कि एक शव लगभग दो तीन दिन पूर्व से पड़ा था, सूचना मिलने पर एएसपी प्रवीन पुष्कर, थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, एसआई पंचम तिग्गा, जयप्रकाश सिंह एवं कई पुलिस जवान घटना स्तर पर पहुंचे और शव को बरामद किया। बताते चलें कि शव के पास से युवक का बैग बरामद हुआ है। जिसमें रखे कागजात से युवक की पहचान की गयी। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया एवं मामले की जांच में जुट गई है।

### हादसों को आमंत्रण दे रहा है शहर के गहरे गड्ढे : सईद

**कोडरमा।** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने जिला उपायुक्त को ट्वीट कर बदहाल सड़क की मरम्मती की मांग करते हुए कहा कि बरसात एवं सड़क के किनारे बेतरतीब लगे खम्भे व बेतरतीब ढंग से लगाये गए डिवाइडर के कारण महाराणा प्रताप चौक से सुभाष चौक तक झुमरीतिलैया की लाइफ लाइन कही जाने वाली सड़क जिसमे रेलवे स्टेशन रोड भी शामिल हैं, इन सड़क में इतने गड्ढे हो गए हैं कि इससे वाहन चालकों व पैदल चलने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क जल्द मरम्मत नहीं करवाई गई तो लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा एवं सड़क में गड्ढे इतने हैं कि कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है।

## एक नजर में

### मध्याह्न भोजन का हो समय समय पर मॉनीटरिंग: उप विकास आयुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदार्शानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग - सह-मॉनीटरिंग कमिटी की बैठक की गई। बैठक में उप विकास द्वारा द्वारा राज्य में मध्याहन भोजन की स्तिथि की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाय की मध्याहन भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का ध्यान हमेशा रखा जाए। किसी भी प्रकार का खाद्य पदार्थ जो कि विद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच भोजन के लिए दिया जाता है उसके गुणवत्ता की जांच हमेशा की जाए। उप विकास आयुक्त ने विद्यालय परिसर में जंगल झाड़ी की साफ सफाई, स्टोर रूम और भोजन बनने वाले स्थान को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। विद्यालयों में छात्र छात्राओं के नामांकन के विरुद्ध उपस्थिति में प्रगति हेतु प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से संकुल साधन सेवी के द्वारा किए गए विद्यालय विजिट की मांग की गई। साथ ही सिविल सर्जन चतरा को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में नियमित छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य जांच कराएं। आगे उन्होंने उपस्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को कहा कि यह सुनिश्चित करें विद्यालयों के छात्र छात्राएं पोषण से संबंधित दवा का सेवन करे और शत प्रतिशत विद्यालयों द्वारा एसएमएस करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में सीविल सर्जन जगदीश प्रसाद, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# टेबल टेनिस प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



टेबल टेनिस प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन करते डीएफओ व अन्य

**गढ़वा।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ का वन विभाग के सामुदायिक भवन में प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन डीएफओ दिलीप कुमार यादव, प्रशिक्षु डीएफओ एबिन बेन्नी अब्राहम, संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

मौके पर डीएफओ दिलीप कुमार यादव ने कहा कि गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ खेल को आगे बढ़ाने के लिए काफी काम कर रहा है। उनके प्रयास से जिले के 16 खिलाड़ी नेशनल खेल रहे हैं। टेबल टेनिस संघ और खिलाड़ियों का सपना ओलंपिक खेलने का है और उनके सपने को साकार करने के लिए उन्होंने खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए सामुदायिक भवन को गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ को उपलब्ध कराया है। इस सामुदायिक भवन में टेबल टेनिस का प्रशिक्षण केंद्र संचालित होगा। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आप अपने पढ़ाई के साथ साथ खेल को भी खेले। आप लोगों की जो भी समस्याएं होगी उसे भी दूर किया जाएगा।

डीएफओ एबीन बेन्नी अब्राहम ने कहा कि आप लोगों ने जिस मेहनत के साथ खेलकर आगे बढ़ रहे हैं उससे भी आगे बढ़कर देश के लिए नाम रौशन करें। संघ के संरक्षक ने कहा कि वन विभाग की ओर से टेबल टेनिस के खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए भवन उपलब कराया गया है इसके लिए संघ उनका ऋणी है। संघ सामुदायिक भवन को बेहतर तरीके से रखेगा। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सचिव आनंद सिन्हा आदि ने कहा कि जो भी लोग टेबल टेनिस खेलना चाहते हैं वे संघ में अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। विशेष जानकारी के लिए संघ के कोषाध्यक्ष सह कोच कमलेश कुमार दुबे के मोबाईल नंबर 9304168422 पर संपर्क कर सकते है। धन्यवाद ज्ञापन संघ के उपाध्यक्ष अमित सिंह ने किया। मौके पर उपाध्यक्ष सुशील केशरी, अशोक कुमार दुबे, नवनीत शुक्ला, अशोक विश्वकर्मा, आमोद पांडेय, नागेन्द्र चौधरी, राम प्रवेश तिवारी, आशुतोष रंजन, प्रणव शंकर झा, संजीत सिन्हा सहित काफी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

### झुमरी तालाब में विक्षिप्त महिला ने कूद कर की आत्महत्या

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतगर्त झुमरी तालाब में गुरुवार को एक विक्षिप्त महिला ने कूदकर आत्महत्या कर लिया। वहीं मृतका की पहचान छतरबर निवासी 32 वर्षीय सोनी देवी पति वीरेंद्र लाल के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक उक्त महिला की मानसिक स्थिति ठीक नही था और उसका इलाज चल रहा था, गुरुवार की सुबह बिना किसी को बोले घर से निकली थी, जिसके बाद खोजबीन किया गया। इसी दौरान पता चला झुमरी तालाब में उसके कूदने की सूचना मिली, जिसके बाद उसे तालाब से निकाला गया। हालांकि तक तक उसकी मौत हो चुकी थी, इधर घटना की जानकारी मिलते ही तिलैया पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### चंद्रयान -3 मिशन की सफलता पर भाजयुमो ने मनाया जश्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग के खुशी में भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी के नेतृत्व में गुरुवार को शहर के केसरी चौक पर पटाखे जलाकर और और लोगों को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी ने कहा इस कामयाबी को लेकर पूरा देश मे खुशी की लहर है पूरा देश खुशी मना रहा है।

आज पूरा देश सोशल मीडिया के माध्यम से क्रफ्ह और उनकी पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दे रही रही है। इस सफल लैंडिंग के लिए पूरे देश को क्रफ्ह पर गर्व है। पूरे विश्व में भारत अपना एक कृतिमान स्थापित किया है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रामविलास सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, भाजपा नेता अशोक खंडेलवाल, शिवकुमार चौबे, भीम सिंह, गुड्डू रजक, भोला साव, शंकर सोनी, नगर अध्यक्ष विद्यासागर आर्य, सांसद प्रतिनिधि चंपा देवी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, भाजयुमो जिला महामंत्री दीपक शर्मा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार, जितेंद्र यादव, कार्यलय मंत्री शत्रुधन ठाकुर, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नीरज सोनी बबलू सिंह, नगर महामंत्री राजकुमार वर्मा, राजा मालाकार, कुंदन कुमार, भवानी राय, कन्हैया सिंह, विजय यादव,संजय ठाकुर अमित कुमार कांस्यकर सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

# आज के दौर में शिक्षा के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं : मिथिलेश

मंत्री ने किया कौशल मेला सह मेगा युवा कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला एवं नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



उद्घाटन करते मंत्री





वितरण करते मंत्री

**गढ़वा।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड के तत्वावधान में जिला कौशल कार्यालय एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में कौशल मेला-सह-मेगा युवा कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने जिला कौशल बुकलेट का अनावरण किया। साथ ही मंत्री ने डिजी विद्यालय निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से शहर के रंका मोड़ राजकीय हरिजन मध्य विद्यालय में इस निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का संचालन किया जाएगा।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कौशल मेल सह मेगा युवा करियर मार्गदर्शन कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए उपस्थित बच्चों से इसका लाभ उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शिक्षा का काफी महत्व है, इसलिए अच्छी शिक्षा प्राप्त करना एवं शिक्षित होना काफी आवश्यक है। मंत्री ने कहा कि आज के दौर में शिक्षा के बिना हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। गढ़वा जिला में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हर किसी में विभिन्न प्रकार के हुनर होते हैं, जिसे हमें पहचानने की आवश्यकता है। इसलिए सरकार का यह उद्देश्य है कि बच्चों का करियर काउंसलिंग के मायम से उन्हें उनके हिसाब एवं उनके प्रतिभा के अनुसार विषय का चयन करने में सहयोग प्रदान किया जा सके। जिससे उन्हें रोजगार पाने में काफी सहयोग मिलेगा। आज का दौर आधुनिक दौर है जहां विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाई हो रही है एवं कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज के दौर में तकनीकी शिक्षा काफी आवश्यक है। इसे देखते हुए नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंडों में खोले जा रहे हैं।

मंत्री ने प्रमंडल स्तर पर भी कौशल मेला सह मेगा युवा करियर मार्गदर्शन कार्यशाला के आयोजन की बात कही। डीसी शेखर जमुआर ने करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 10वीं, 11वीं एवं 12वीं कक्षा के बच्चों के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए उन्हें करियर के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने करियर से जुड़े निर्णय लेने में काफी समस्या होती है। इसलिए जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से आज करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया है।

करियर काउंसलिंग में मेडिकल, इंजीनियरिंग समेत अन्य प्रतियोगिता परीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए कई करियर काउंसलर एवं मोटिवेशनल स्पीकर को बुलाया गया है। जो बच्चों को उनके आगे की पढ़ाई करने एवं उसका चयन करने में सहयोग करेंगे। मौके पर जिला श्रम अधीक्षक एतवारी महतो ने भी विचार व्यक्त किया।

**प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को मंत्री ने दिया ऑफर लेटर :** जिला कौशल विभाग द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों को मंत्री श्री ठाकुर ने ऑफर लेटर प्रदान किया।

ऑफर लेटर प्राप्त करने वालों में सरिता कुमारी आईसेक्ट, नेहा कुमारी दक्ष एकेडमी, सोनी कुमारी, अमरजीत कुमार यूनिवर्सल रमना, कमलेश कुमार फेस सोसाइटी, आरती कुमारी एक्सेल डेटा सर्विसेज भवनाथपुर का नाम शामिल है। साथ ही प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्ष्ट कार्य करने वाले संस्थान यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति एवं आईसेक्ट के प्रतिनिधि को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मंत्री ने कार्यशाला परिसर में कौशल केंद्रों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टल का भी निरीक्षण किया। इनमें मुख्य रूप से रजिस्ट्रेशन एवं क्वेरी, यूआईएसएस गढ़वा, एक्सल डाटा सर्विसेज भवनाथपुर, फेस सोसाइटी सहिजना, यूआईएसएस रमना, आइसेक्ट मेराल, दक्ष एकेडमी झलुआ, यूआईएसएस रंका, जेआरएस टेक्नोलॉजी डंडई, जेएसएलपीएस, आरसेटी, कल्याण गुरुकुल जन शिक्षण संस्थान, पीएम कौशल केंद्र, श्री सोमेश्वर महादेव ट्रस्ट का स्टॉल लगाया गया था। कार्यशाला में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, एसपी अंजनी कुमार झा, डीएफओ उत्तरी दिलीप कुमार यादव, डीएफओ दक्षिणी शशि कुमार आदि ने अपने अनुभवों को साझा किया एवं बच्चों द्वारा करियर से जुड़े निर्णय लेने में आ रही समस्याओं से जुड़े प्रश्नों का उत्तर दिया। जिससे उन्हें अपने करियर से जुड़ी विषयों का चुनाव करने में सहायता मिले। कार्यशाला में मंच संचालन शिवानी कुमारी ने की। मौके पर जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, डीडीसी राजेश कुमार राय, गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत सहित 10वीं, 11वीं एवं 12 वीं कक्षा के बच्चे आदि उपस्थित थे।

### चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग पर मिश्रौल टंडवा में मनाया गया जश्न,खूब बटी मिठाइयां



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** चंद्रयान-3 की सफल लैंडिग के खुशी में मिश्रौल टंडवा में मनाया गया जश्न। खुशी में एक दूसरे को खिलाया मिठाई।देश के वैज्ञानिकों और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए दिया बधाई। उपस्थित लोगों ने यह कहते हुए खूब जश्न मनाया कि जीत गया विज्ञान, चांद पर हिंदुस्तान। देश के वैज्ञानिकों की मेहनत ने भारत का नाम विश्वपटल पर रोशन किया है, यह पूरे देश के लिए गौरव का पल है। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि हर कोई के लिए ये उपलब्धि महान देश के नागरिक के तौर पर गर्व का क्षण है। मौके पर विशेष रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह,खाद्य आपूर्ति विभाग सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा, भागवत प्रसाद गुप्ता, मो. सेराजुद्दीन व अन्य उपस्थित थे।

### युवक की गला रेत कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के कृषि फॉर्म स्थित होटल में अज्ञात अपराधकर्मियों ने एक युवक की गला रेत कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर इटखोरी थाना प्रभारी बिनोद कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर हत्या की तफ्तीश में जुट गए हैं। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र दुधौरी निवासी सालीग्राम उपाध्याय के रूप में हुई है। घटना को लेकर मौके पर उपस्थित पुलिस निरीक्षक शिव प्रकाश कुमार ने बताया कि झोपड़पट्टी नुमा होटल में बीते रात अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। घटना स्थल से पुलिस ने एक जोड़ी चप्पल एवं स्प्लेंडर बाइक , शराब की बोतल भी बरामद किया है। उन्होंने कहा बहुत जल्द अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।

स्पीड न्यूज

### ट्रक व कार के बीच भिंड़त दो महिला समेत एक ही परिवार के चार घायल

**चंदवा।** एनएच 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के मेनो नाईट मिशन के पास गुरुवार की सुबह ट्रक और कार के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में 2 महिला समेत एक ही परिवार के 4 लोग घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों की पहचान आसमा खातून, संयोगा बीवी, मंजूर आलम व सद्दाम हुसैन (सभी मनिका लातेहार) के रूप में हुई। ये सभी कार में सवार होकर आसमा खातून का इलाज कराने रांची जा रहे थे। जानकारी के अनुसार ट्रक चंदवा से लातेहार की ओर जा रही थी, इसी दौरान लातेहार से चंदवा की ओर आ रही बेकाबू कार ने ट्रक में सीधी टक्कर मार दी। घटना के बाद राहगीरों ने मानवता दिखाते हुए सभी घायलों को कार से बाहर निकाल कर निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इधर घटना की सूचना के बाद पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी थी।

### मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा मुख्य मार्ग एनएच 22 पर गीद्दी मोड़ के समीप गुरुवार की देर शाम मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लालु यादव 19 वर्ष पिता उत्तिम यादव ग्राम चौराही जांगी थाना सिमरिया निवासी अपने घर से मोटरसाइकिल में सवार होकर बालूमाथ की ओर आ रहा था। इसी दौरान जिद्दी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । घटना के बाद बारियातु पुलिस के सहयोग से युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### तीन टन अवैध लोहा लदा पिकअप वैन किया जब्त

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तीन टन अवैध लोहा लदा पिकअप वैन जप्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार ने बताया कि पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ रांची मुख्य मार्ग एनएच 99 पर चितरपुर ग्राम के पास एक पिकअप वैन जेएच01डीजे2812 को पकड़ा गया। जिसमें तीन टन अवैध लोहा लदा हुआ था। हालांकि इस दौरान पुलिस को देखकर वाहन चालक वाहन छोड़कर भागने में सफल रहा। जिसके बाद पुलिस ने बालूमाथ थाना कांड संख्या 112/23 धारा 379,414,34 भा०द०वी के तहत मामला दर्ज करते हुए वाहन को जब्त कर कर लिया है। वही इस छापेमारी दल में बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार, मुकेश चौधरी, नितेश कुमार, धीरज कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### जंगली हाथियों के झुंड ने चार घरों को किया क्षतिग्रस्त

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार तीसरे दिन जारी रहा। जंगली हाथियों के झुंड ने बुधवार की देर रात बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धाधु ग्राम में चार घरों को ध्वस्त कर दिया और उसमें रखा हुआ खाने पीने का समान चट कर गए एवं घर में रखे कई समान पलंग, बर्तन, बक्सा समेत समान को तोड़ दिया। जंगली हाथियों के झुंड ने जिन चार घरों को ध्वस्त किया। उसमें सरस्वती मसोमात पति स्व० सुनील भगत, रमेश भगत पिता तेतरा भगत और भांदु भगत पिता स्व. तुरी उराँव, झूलन उराँव पिता स्व. नीचु उराँव के मकान शामिल है। इसके अलावा हाथियों के झुंड ने बुधराम उरांव पिता स्व. हौडा उरांव के खेत में लगे एक एकड़ धान की फसल को रौंद दिया एवं भादू उराँव के 50 डिसमिल जमीन में लगे पेकची की फसल को रौंद डाला।

## अवैध रूप से जमीन का बंदोबस्त करा कर जमीन का जोत कोड़ करने के मामले में ग्रामीणों नें उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

# बंदोबस्त रद्द करने एवं दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की लगाई गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के समीप पतरातू खेल मैदान में वर्षो से लगते चले आ रहे रामनवमी का अखाड़ा साप्ताहिक बाजार बच्चों का खेल मैदान को कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से जमीन का बंदोबस्त करा कर जमीन का जोत कोड़ कर दिया गया है। जिससे आस पास के सभी सामुदाय के लोगों के भावनाओं को ठेस पहुंचाया गया है। इसके रोकथाम को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने जिले की उपायुक्त हिमांशु मोहन से मुलाकात की और लिखित आवेदन देते हुए कहा कि हल्का नंबर 02 में जिसका पुराना खाता 01 प्लॉट नंबर 230 एवं नया खाता नंबर 164 तथा प्लॉट नंबर 1116, 1117, 1118, है जो उपरोक्त जमीन सरकारी है अर्थात हाल सर्वे में अनावाद बिहार सरकार दर्ज है। इस जमीन में पिछले कई वर्षों से साप्ताहिक बाजार रविवार के दिन लगता चला आ रहा है। साथ ही इस खेल मैदान में चार गांव पतरातु, निगाई, ओवर, विश्रामपुर का रामनवमी जुलूस का अखाड़ा भी वर्षो से लगते चले आ रहा है। इसके बावजूद भी सांसग पंचायत के पतरातू ग्राम निवासी कीशुनलाल उर्फ लालो साव पिता स्वर्गीय बेचन साव के द्वारा हाल सर्वे में खाता नंबर 164 प्लॉट नंबर 1117 रकबा 1 एकड़ 59 डिसमिल जमीन पर इन लोगों के द्वारा पैसे के बदोलत एवं चोरी छिपे वर्षों से चले आ रहे खेल मैदान को अवैध तरीके से बंदोबस्त करा लिया गया है जबकि उनके द्वारा पूर्व में कभी भी ना तो इनका दखल कब्जा या ना ही किसी प्रकार का जोत कोड़ किया गया है। इसके बावजूद भी आला अधिकारी को गुमराह कर अवैध तरीके से जमीन का सेटलमेंट कर लिया गया है। जबकि उपरोक्त जमीन का उपयोग साप्ताहिक बाजार रामनवमी का अखाड़ा तथा बच्चों के खेल के मैदान के रूप में पूर्वजों से होते आ रहा है इसके बावजूद भी बिना जांच किए हैं या ग्रामीणों के बिना जानकारी के ही अवैध रूप से जमीन का बंदोबस्त कर लिया गया है। वहीं सांसग पंचायत के पतरातू ग्राम निवासी शाहिद खान उर्फ सदन खान पिता अमीर हसन खान, (2) नेखान खान उर्फ बनू खान पिता स्वर्गीय हजरत खान( 3) नियाजुल खान पिता लियाकत खान के द्वारा खाता नंबर 164 प्लॉट नंबर 1116 एवं 1118 में पिछले दिनों शनिवार दिनांक 5 अगस्त 2023 को इनके द्वारा जबरन तरीके से एवं दबंगई के जोर पर जमीन पर जोत कोड़ कर दिया गया है यहां तक की इनके द्वारा लगने वाले साप्ताहिक बाजार को बंद कर दिया गया है। यहां तक कि पूर्व में जब किशुनलाल साव उर्फ. लालो साव के दो पुत्र ददन साव एवं मदन साव के द्वारा जब जमीन का कब्जा करने हेतु जमीन का जोत कोड़ किया जा रहा था उसी वक्त सभी ग्रामीण जनता के द्वारा इसका विरोध भी किया गया लेकिन इन लोगों ने किसी का एक नहीं सुनी और अपने बलबूते पर जमीन का जोत कोड़ कर दिया गया।


बंदोबस्त जमीन

**ग्रामीणों ने उपायुक्त से अविलंब अवैध तरीके से कराए गए बंदोबस्त को रद्द करने एवं दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की लगाई गुहार :** जिसके बाद हम लोग थक-हार कर अंचलाधिकारी को भी लिखित आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया मगर जांच के लिए जब अंचलाधिकारी के द्वारा कर्मचारियों को धरातल पर भेजा जाता है तो उनके द्वारा पैसे के बदौलत या तानाशाही के बदोलत सभी रिपोर्ट को दबा दिया गया है। जिसके कारण अब तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है जिससे सभी समुदाय के लोगों के भावनाओं को ठेस पहुंचाया गया है। आगे ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त हिमांशु मोहन से अविलंब अवैध तरीके से कराए गए बंदोबस्त को रद्द करने एवं दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। मौके पर संजय कुमार गुप्ता, रियाज मियां, अतीक मियां, पवन चरण, राहुल कुमार, पिंटू सिंह, चंदन साहू, शिशुपाल सिंह, गोपाल साहू, श्यामलाल प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद, प्रमोद तेली, कैलाश प्रजापति, रविंद्र उरांव, बालेश्वर उरांव, राजेश उरांव, अनिल नायक, प्रदीप नायक, संतोष नायक, सुरजीतूरी, लालदेव तुरी समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## पलामू आयुक्त ने किया चंदवा अंचल का औचक निरीक्षण, दिया निर्देश

# जनता को कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े, रखें ख्याल : मनोज

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** पलामू प्रमंडल के प्रभारी आयुक्त मनोज जायसवाल गुरुवार को रांची से मेदिनीनगर जाने के क्रम में प्रखंड सह अंचल कार्यालय चंदवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं की जानकारी ली व बीडीओ सह सीओ विजय कुमार व अंचल निरीक्षक ऋषि देव कमल के साथ बैठक कर जमीन संबंधी मामलों की जांच पड़ताल भी की। आयुक्त श्री जायसवाल ने अधिकारियों का स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि समस्याओं के निराकरण को लेकर आम जनता को कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े, इसका ख्याल रखें। जनता की समस्याओं निवारण को लेकर सिस्टम को ऑनलाइन किया गया है। इसलिए आम जनता को दौड़ने के बजाय उनके कार्यों के निष्पादन पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के बाद वे अंचल कार्यालय का पूर्ण निरीक्षण करेंगे, उस समय किसी प्रकार की त्रुटि नहीं मिलनी चाहिए। इस दौरान ऑनलाइन निवारण (परिशोधन पोर्टल) पर विशेष जोर देने, टेबल वर्क के बजाय जमीन पर जाकर काम करने, म्यूटेशन के साथ-साथ अंचल के सभी कार्यों एवं भूमि संबंधी विवादों के निष्पादन पर गम्भीरता दिखाने की भी बात कही।


निरीक्षण करते आयुक्त

इस दौरान उन्होंने कुछ फरियादियों की जमीन संबंधी समस्याओं को भी सुना और समाधान को लेकर अंचलाधिकारी को निर्देशित भी किया। बता दें कि प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल पूर्व में चंदवा अंचल के अंचल अधिकारी भी रह चुके हैं। वर्ष 1993 में लंबे समय तक चंदवा अंचल में सेवा भी दे चुके हैं।

## व्यवहार न्यायालय लातेहार में प्री राष्ट्रीय लोक अदालत सुलह बैठक का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** नालसा दिल्ली एवं झालसा रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार व्यवहार न्यायालय लातेहार मे नौ जुलाई से आठ सितंबर तक व्यवहार न्यायालय लातेहार में प्री राष्ट्रीय लोक अदालत सुलह बैठक का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्तर्गत न्यायालय शशि भूषण शर्मा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लातेहार में वर्ष 1993 से लम्बित उत्पाद के एक वाद का निष्पादन किया गया। न्यायालय मिथिलेश कुमार अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी लातेहार से दो वाद का निष्पादन किया गया तथा न्यायालय राहुल कुमार, सिविल जज, जुनियर डिविजन, लातेहार से एक वाद का निष्पादन किया गया। इस मौके पर दोनो पक्षकार उपस्थित थे। अखिल कुमार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार ने बताया कि नालसा एवं झालसा के तत्वावधान में नियमित समयांतराल पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है।


बैठक में उपस्थित पदाधिकारी

वहीं स्वाति विजय उपाध्याय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार ने प्री राष्ट्रीय लोक अदालत सुलह बैठक के महत्व के बारे में जानकारियां दी तथा आम लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न बैकों, वन विभाग, परिवहन विभाग, उत्पाद विभाग, बिजली विभाग इत्यादी में लम्बित वादों के निष्पादन हेतु आम लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की गई।

## बीडीओ व बैंक मैनेजर ने पीएमईजीपी स्कीम के तहत रुद्र स्टील प्लांट का किया शुभारंभ


शुभारंभ करते बीडीओ व बैंक मैनेजर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित प्रिंस भारत ग्रामीण वितरक के समीप पीएमईजीपी स्कीम के तहत आयरन, वर्क गोदरेज, अलमीरा और बॉक्स मैन्युफैक्चरिंग प्लांट रुद्र स्टील का शुभारंभ गुरुवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी, सेंट्रल बैंक के मैनेजर संतोष कुमार, संचालक सुरेन्द्र कुमार, समाज सेवी मोहम्मद शमीम, गैस एजेंसी के संचालक मुंशी साव, ने विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल फोड़, व फीता काट कर किया। शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को बैंक मैनेजर संतोष कुमार ने कहा की पीएमईजीपी स्कीम के तहत केंद्र सरकार आपको लोन की रकम का 15-35 फीसदी तक सब्सिडी देती है। इसलिए आप सभी मैन्युफैक्चरिंग के लिए लोन लें और रोजगार बनाये लोन के लिए हर संभव मदद किया जाएगा। वहीं संचालक सुरेन्द्र ने कहा कि मेरे यहाँ आयरन वर्क में सभी प्रकार का गोदरेज अलमीरा, बॉक्स का मैन्युफैक्चरिंग किया जायेगा और उचित मुल्य पर थोक एवं खुदरा बिक्री भी किया जायेगा।

## प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय कृषि सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में प्रखंड स्तरीय कृषि सलाहकार समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, परियोजना निर्देशक डॉ. दिवयेश कुमार सिंह, राज्य कृषि पदाधिकारी उद्यान विकास के डॉ. विद्याधार मुंडा, जिला परामर्श के बलवीर सिंह व बीएफएसी अध्यक्ष चांदनी देवी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में सर्वप्रथम उपस्थित कृषि सलाहकार समिति के सदस्यों से परिचय लिया गया। इसके पश्चात परियोजना निर्देशक डॉ सिंह ने कहा कि आप सभी कृषक मित्रों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर विभाग के विभिन्न योजनाओं को पारदर्शी तरीके से गाँव में संचालित करने को लेकर निर्देशित किया। साथ ही किसानों की समस्याओं से अवगत हुए। उनकी समस्याओं को समीति के पंजी में प्रस्ताव के रूप में लेकर जिला को भेजने की बात कहा और उनके अनुरूप प्रशिक्षण देकर उनकी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुये उप प्रमुख निशा शाहदेव ने कहा कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा गरीब मजदूर एवं किसानों का उत्थान को लेकर कई महत्वकांक्षी योजनायें सरकार चला रही है। सभी योजनाओं को योग्य व्यक्तियों तक पहुँचाने को लेकर पूर्व में प्रखंड कृषक सलाहकार समिति की गठन किया गया था। सलाहकार समिति के माध्यम से किसानों में गतिशीलता प्रदान करना ही मूल लक्ष्य है।


बैठक करते लोग

पंचायतवार सभी ग्रामों में कृषक हीत समुह का गठन, डेरी प्रशिक्षण, बकरी पालन प्रशिक्षण, खेती और अभी के समय में जनवरों से फसल की सुरक्षा, सोलर संचालित उपकरण, किसानों को अनुदान उपलब्ध कराने, कृषक हीत समुह और महिला खाद्य सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की। वहीं जिला परामर्श बलबीर सिंह ने कहा कि आने वाले रवि मौसम में कलस्टर बनाने हेतु सभी कृषक मित्रों को संबंधित जनप्रतिनिधियों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुची तैयार करने को निर्देशित किया, ताकि ब्लॉक चैन टेक्नोलॉजी एवं कृषक मित्रों की उपस्थिति में किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जा सके। आगे उन्होंने ने कृषकों के द्वारा बनाया गया। समस्याओं के समाधान व विभिन्न प्रकार के रोगों से निपटने को लेकर दवाईयों के प्रयोग का विस्तृत जानकारी भी दिया गया। मौके पर कई कृषक मित्र व सलाहकार समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## एक नजर में

### प्रखण्ड उप प्रमुख ने चेटर पंचायत में कई विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**चंदवा।** प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी गुरुवार को प्रखण्ड के चेटर पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालग आन व प्राथमिक विद्यालय चेटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में दोनो विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था, विद्यार्थियों व शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान भोजन, विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली व प्रधानाध्यापक को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इस दौरान मवि आन की रसोइया उषा देवी, सिगी देवी व सरिता देवी ने अपनी समस्याओं से उप प्रमुख को अवगत कराया व विद्यालय में पानी की समुचित प्रबंधन करने व रसोइया की संख्या बढ़ाने की गुहार लगायी। समस्या सुनने के बाद उप प्रमुख ने समाधान को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से बात करने का भरोसा दिया। मौके पर आन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सोमर उरांव, चेटर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोपाल प्रसाद समेत कई शिक्षक मौजूद थे।

### डीटीओ के नेतृत्व में गांधी इंटर कॉलेज लातेहार में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**लातेहार।** जिला परिवहन पदाधिकारी लातेहार सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गांधी इटर कॉलेज लातेहार में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूल बच्चों के बीच सुरक्षा दुर्घटना से बचाव के बारे मे बतलाया गया, साथ ही सड़क दुर्घटना को कैसे रोका जा सके या कम किया जा सके इसकी भी जानकारी दी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी लातेहार के द्वारा सभी विद्यार्थियों को जीवन के मूल्यों के बारे में समझाते हुए कहा की जीवन बहुत अनमोल है, सड़क दुर्घटना में जान गवाना बहुत बड़ी दुर्भाग्य की बात है इसलिए हमें सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। सभी विद्यार्थियों को अपने-अपने परिवार में हेलमेट के महत्व की चर्चा करने को कहा गया। थोड़ी सी चूक के कारण होने वाली दुर्घटना से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया जाये ताकि भविष्य में विद्यार्थी ऐसी गलती न करें। अंत में विद्यार्थियों के बीच सड़क सुरक्षा सम्बंधित टेंपलेट एवं बुकलेट भी बांटा गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य गांधी इटर कॉलेज दशरथ साहू, सड़क सुरक्षा प्रबंधक तनवीर हुसैन, ऋषि राज उपस्थित थे।


जागरूक करते डीटीओ

### महुआडांड़ प्रखण्ड कार्यालय सभागार में विकास योजनाओं को लेकर किया गया समीक्षात्मक बैठक

**महुआडांड़।** प्रखण्ड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री मंत्री, आवास, बिरसा आवास, अंबेडकर आवास, खेल मैदान, पीडीएस, बाल विकास, 15 वें वित्त फाइलेरिया व अन्य योजनाओं को लेकर समीक्षात्मक बैठक किया गया। जिसमें सभी पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही और जिस पंचायत में 15 वें वित्त को लेकर योजनाओं का चयन नहीं किया गया है वहां मुखिया व पंसस को योजनाओं को चयनित कर कार्य कराने की बात कही गई। वहीं मनरेगा से प्रखंड के प्रति एक ग्राम में पांच पांच योजनाओं का संचालन करने का निर्देश दिया साथ ही मानव दिवस बढ़ाने की बात कही गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर,उप प्रमुख अभय मिंज, पंचायत समिति सदस्य पंचायत सचिव प्रखण्ड कर्मी अंचल कर्मी व अन्य विभाग के लोग मौजूद थे।

### दादी प्रकाशमणि का मनाया गया 16 वां पुण्य स्मृति दिवस

**लातेहार।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धर्मपुर सेवाकेन्द्र में दादी प्रकाशमणि की 16 वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। सेवा केंद्र की संचालिका ने बताया कि दादी मुख्य संस्था की संचालीका थी उन्होंने कहा प्रभु ने उनके हाथ में सारे जिम्मेदारी सौंप दी क्योंकि सदा ही सभी को प्रेम भाव और सच्ची भावना से मदद की है। उन्होंने सबके दुख को अपना दुख समझे और सुख को सभी में बांटती थी। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष पूनम देवी ने संबोधन कर कहा कि दादी का कर्तव्य को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है। वहीं समाजसेवी सीमा राय ने कहा कि दादी जी की जीवन सादगी वह तपस्विनी थी हमें भी दादी जी के तरह बनने की जरूरत है मौके पर अधिवक्ता सविता गुप्ता, रानी देवी, प्रीति, रंजू माता, बसंती, शीला, कविता, निरंजन, कृष्णा, चंद्रदेश, राघव पांडे, जगन्नाथ, रामदेव सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।


स्मृति दिवस मनाते लोग

## मनिका प्रखंड के कोपे में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

### विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को गिरजानंदन सिंह ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के कोपे पंचायत स्थित जेरुआ गांव के खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूनामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप शिरकत किये राजद के वरिष्ठ नेता सह मनिका विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी। वहीं ग्रामीणों ने ढोल,मांदर,नगाड़े एवं ब्यास नागेन्द्र यादव के द्वारा अपने गानों के माध्यम से उनका स्वागत किया गया। वहीं गिरजानंदन सिंह ने टूनामेंट के अंतिम मैच का शुरूआत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व बॉल को किक मारकर किया जिसके बाद विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों में बालिका वर्ग प्रथम पुरस्कार खसी+सील्ड और द्वितीय को खसी+मेडल एवं कमिटी को टीम टी शर्ट देकर सम्मानित किया और बालक वर्ग के एक टीम के खिलाड़ियों को नहीं होने के कारण अगला मैच रविवार को सुबह 09:00 बजे उसी खेल के मैदान में खेलने का समय निर्धारित किया गया।


मौके पर उपस्थित खिलाड़ी व अन्य

मौके पर राजद नेता श्री सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को पूरे लग्न और मेहनत से खेलने की जरूरत है। खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करते हुए उन्होंने कहा कि खेल को हमेशा खेल की हीं भावना से खेलें और अपने प्रखंड के साथ- साथ पूरे जिले का नाम रौशन करें। मौके पर राजद युवा प्रखंड अध्यक्ष मनिका रूपेश यादव,राजद नेता ब्यास नागेंद्र यादव, श्यामबिहारी भुइयां, अवधबिहारी सिंह,ग्राम प्रधान अरुण सिंह,कोपे पंचायत मुखिया पति सुदेश्वर सिंह, समाजसेवी रवीना बीबी, इनुश मियां, प्रेम कुमार सिंह, भूखन सिंह, खुर्शीद आलम, विकाश सिंह, फूटबॉल कमिटी अध्यक्ष प्रदीप सिंह, सचिव सरजू सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह, विशाल सिंह, बालकेश्वर सिंह, जीवनंदन सिंह, निर्मल सिंह, सतीश कुमार यादव, बबलू सिंह, राकेश तिवारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बनहरदी में फुटबॉल टूर्नामेंट 17 सितंबर से

**चंदवा।** प्रकृति परब करमा के उपलक्ष्य में फुलवारी फुटबॉल क्लब बनहरदी के तत्वावधान में आगामी 17 सितंबर से भव्य बालक व बालिका वर्ग फुटबाल टूनामेंट का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष हीरेन्द्र उरांव व अरविंद उरांव ने बताया कि बालक वर्ग में 32 व बालिका वर्ग में 12 टीमें उक्त टूनामेंट में भाग लेंगी। बालक वर्ग के लिए प्रवेश शुल्क 1650 व बालिका वर्ग के लिए 1250 रुपये निर्धारित की गई है। बालक वर्ग के विजेता उप विजेता को मांदर, खस्सी व ट्राफी, तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को नगाड़ा, खस्सी व ट्राफी, चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को घन्टा, खस्सी व ट्राफी प्रदान की जाएगी वहीं बालिका वर्ग विजेता व उपविजेता को खस्सी व 11 पीस लालपाड़ साड़ी व तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को खस्सी व सरना गमचा दिया जाएगा।

## एसपी कॉलेज इग्नू अध्ययन केंद्र नामांकन 31 अगस्त तक

**दुमका।** एसपी कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र 3604 के समन्वयक प्रो सुनील बेसरा, सहायक समन्वयक अमन राज एवं प्रतिभा टुडू ने संयुक्त प्रेस बयान जारी कर बताया कि इग्नू में जुलाई 2023 सत्र के लिए नामांकन तिथि विस्तारित कर दी गई है। अब नामांकन की तिथि 31 अगस्त हो गई है। इच्छुक आवेदक इग्नू के ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपना ऑनलाइन नामांकन करवा सकते है। इग्नू में एसटी-एससी ट्रांसजेंडर के लिए नामांकन शुल्क कुछ कोर्स में इसमें छूट का भी प्रावधान है। एसपी कॉलेज अध्ययन केंद्र पर स्नानतक तक के सभी विषयों और स्नातकोत्तर के हिंदी अंग्रेजी अर्थशास्त्र ग्रामीण विकास आदि विषयों में नामांकन अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। इग्नू का स्टडी मैटेरियल बहुत ही स्तरीय है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुकूल है। छात्र नामांकन लेकर सामग्रियों का उपयोग कर सकते हैं।

# सीबीआइ टीम के साहिबगंज पहुंचते ही पत्थर व्यवसायियों में हड़कंप

### हाइकोर्ट के आदेश पर हो रही है अवैध खनन घोटाले की सीबीआइ जांच




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** सीबीआइ की टीम गुरुवार की सुबह साहिबगंज पूरी टीम के साथ दस्तक देगी। रांची से 7 सदस्य सीबीआई की टीम रांची भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस से साहिबगंज पहुंच चुकी है। सीबीआई सुबह 7 बजे का स्टेशन पर पहुंची और जिला प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराया गया वाहन से टीम सर्किट हाउस पहुंची। इसको लेकर उपायुक्त को पहले ही सूचना दी गयी है।

सीबीआई यहां अवैध खनन और परिवहन मामले की जांच करेगी। सीबीआई की टीम तीसरी बार साहिबगंज में देगी दस्तक, खनन घोटाला मामले में करेगी जांचइससे पहले उपायुक्त ने बुधवार की सुबह पुराना सर्किट हाउस के प्रथम फ्लोर पर चार कमरा को बुक कराने का आदेश दिया है। जिसको लेकर सर्किट हाउस के केयर टेकर के द्वारा साफ सफाई व एसी ठीक कराया गया। सीबीआई की टीम सुबह पहुंचने के साथ नींबू पहाड़ की जांच करने जा सकती है।

इसके अलावा संबंधित लोगों से पूछताछ भी कर सकती है। सीबीआई के आने की खबर के बाद जिला में एक बार फिर हड़कंप मच गया है। क्योंकि इसको लेकर खनन करने वाले कारोबारियों और पदाधिकारी से पूछताछ की जा सकती है। बता दें कि साहिबगंज में एक हजार करोड़ से अधिक खनन मामले में पहाड़ों का अवैध उत्खनन व परिवहन को लेकर झारखंड हाई कोर्ट के निर्देश पर अब सीबीआई जांच करेगी। इसके पूर्व ईडी भी जांच कर रही है, सीबीआई इस मामले में कई लोगों को जेल पहुंचा चुकी है। जिसमें मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, बच्चू यादव, पत्थर व्यवसायी भगवान भगत, कृष्णा साह सहित अन्य लोग शामिल हैं। इस मामले में साहिबगंज मंडल कारा में बंद विजय हांसदा भी ईडी का गवाह है, जो जिरवाबाड़ी के नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा सहित 14 लोगों के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर किया था। इसके अलावा ईडी के गवाह को धमकाने के मामले में जिला सदर डीएसपी राजेंद्र दूबे से भी ईडी ने पूछताछ की थी। जिसमें उन्होंने अपनी गलती पर माफी मांगी है। ईडी ने एक बार 4 सिंतबर को राजेंद्र दूबे को रांची जोनल कार्यालय बुलाया है। इस मामले में सीबीआई भी उनसे पूछताछ कर सकती है।

## सीवान में परीक्षा केंद्र पर बवाल

**सीवान।** बिहार में शिक्षक नियुक्ति के लिए बीपीएससी की परीक्षा गुरुवार से शुरू हुई है। वहीं, सीवान में परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया। प्रथम पाली में परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों ने करीब दो घंटे तक विरोध किया। हंगामा की सूचना मिलते ही सीवान सदर अनुमंडल पदाधिकारी रामबाबू बैठा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। बीपीएससी शिक्षक नियुक्ति के परीक्षार्थियों ने बायोमेट्रिक नहीं होने से नाराज होकर हंगामा किया है। मामला शहर के डॉन बॉस्को हाई स्कूल में बने परीक्षा केंद्र का है। बताया जा रहा है कि प्रथम पाली में करीब 50 परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक नहीं हो पाया था। परीक्षार्थी जब परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकले तो केंद्र पर मौजूद मजिस्ट्रेट से बायोमेट्रिक को लेकर उनकी बहस हो गई। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र के बाहर हंगामा करने लगे. परीक्षार्थियों का कहना है कि एडमिट कार्ड में साफ साफ शब्दों में लिखा है कि परीक्षा समाप्ति के बाद बायोमेट्रिक कराने के बाद ही वापस निकलना है।

**एक नजर में**

## गरीब व असहाय के बीच वस्त्र व बिस्कुट का वितरण



वितरण करती प्रदिप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** लिओ क्लब ऑफ गढ़वा ज्ञान गंगा की सदस्य प्रदिप्ता आर्या ने अपने जन्मदिन पर गरीबों एवं असहायों के बीच वस्त्र, बिस्कुट व टफी का वितरण किया। मौके पर प्रदिप्ता आर्या के पिता डिस्ट्रिक्ट 322 ए के पूर्व रिजन चेयरमैन अमित कुमार ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन बहुत ही सराहनीय है। बच्चो में सेवा का जूनून है। लिओ ज्ञान गंगा के सभी सदस्य मिलजुल कर कार्य को करते है। लायंस डिस्ट्रिक्ट 322 ए सर्विस अफ़ फिजिकली चैलेज के चेयरमैन हर्ष अग्रवाल ने बताया कि लियो क्लब अफ गढ़वा ज्ञान गंगा के सदस्य जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा की अनूठी मिसाल पेश कर रहे है।

प्रदिप्ता ने कहा कि मुझे आज अपना जन्मदिन मनाकर बहुत ही खुशी महसूस हो रही है। सभी युवा पीढ़ी से आग्रह करती हूं कि आपलोग भी इस तरह का कार्य करें। मौके पर लियो अयक्ष तेजश्व अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अनुप ठाकुर, मानस अग्रवाल, दीपक सोनी, लोकेश कश्यप, अंकेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# भाजपा का मतदाता चेतना महाअभियान शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन की गुरुवार को एडमिशन कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि एक बार पुनः 29 अगस्त से 9 सितम्बर तक यूजी चार वर्षीय प्रोग्राम के बीए, बीएससी और बीकॉम में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल खोला जायेगा। जिससे वैसे छात्र-छात्राएं जो किन्हीं कारणों से पूर्व में नामांकन के लिए आवेदन नहीं कर पाये है। वह नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। बैठक में कुलपति ने प्राचार्य को निर्धारित सीट से अधिक नामांकन किसी भी विषय में नहीं लेने का निर्देश दिया। ज्ञात हो अब तक विश्वविद्यालय के 35 मॉडल, अंगीभूत एवं सम्बद्ध कॉलेजों में कुल 26785 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों में नामांकन लिया हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की नई शिक्षा नीति के तहत नामांकित सभी छात्र-छात्राओं के लिए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। ज्ञात हो विश्वविद्यालय में अभी कुल दो सत्र नई शिक्षा नीति के तहत चल रहा है। पहला सत्र 2022-26 है। जिसकी सेमेस्टर-1 की परीक्षा संपन्न हो चुकी है और दूसरा 2023-27 का सत्र है जिसका नामांकन अभी चल रहा है। उक्त दोनों सत्र के छात्र-छात्राओं के लिए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। अगर कोई छात्र-छात्राएं रजिस्ट्रेशन नहीं कराते है तो उनका पंजीयन के साथ-साथ रिजल्ट प्रभावित हो सकता है।

# विनीता देवी हत्याकांड में नया खुलासा

### प्रेमी ने पहले प्रेमिका के साथ मिलकर कर दी उसके पति की हत्या, फिर प्रेमिका की भी ले ली जान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरियातू गांव के मसूरिया गांव निवासी विनीता देवी हत्याकांड में गुरूवार को उस समय नया मोड़ आया जब मृतका के भैंसुर चंदर भुईयां ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर प्रेमी उपेंद्र यादव पर हत्या का आरोप लगाया है। चंदर भुईयां का आरोप है कि उसकी मृत भावो विनीता देवी के साथ गांव के ही उपेंद्र यादव का दस वर्षों से प्रेम संबंध था। प्रेम संबंध को लेकर आपसी समझौता भी हुआ था। वहीं इस मामले में एक सनसनीखेज खुलासे ने पूरे मामले में नया मोड़ ला दिया है। इस मामले मे मृतका विनीता देवी द्वारा पांच वर्ष पूर्व 2018 में पुलिस अधीक्षक को दिये गए एक हस्तलिखित आवेदन ने सनसनी फैला दी है। एसपी के नाम से जारी आवेदन में प्रेमी उपेंद्र यादव पर पति रोहन भुईयां की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। आवेदन के सामने आने के बाद तत्कालीन स्थानीय पुलिस पदाधिकारी पर सवालिया निशान खड़े होने शुरू हो गए हैं। आवेदन में दिए गए आरोप के मुताबिक 3 अगस्त 2018 को उपेंद्र यादव उसके घर आए और यह कहकर हजारीबाग ले गए कि चलो वहां काम धंधा करेंगे। मेरी जाने की इच्छा नहीं थी लेकिन जिद करके मुझे, मेरे पति व बच्चों को लेकर हजारीबाग जबड़ा रोड में एक किराए के मकान में ले गया, जहां हमलोग रहने लगे। आरोप के मुताबिक 05 अगस्त 2018 को 12 बजे रात में जब हमारे बच्चे सो रहे थे तो उपेंद्र यादव ने हमारे पति को फांसी पर लटका दिया और मुझे धमकी दी कि किसी से कुछ कहोगी तो तुमलोगों को भी जान से मार देंगे। फिर दूसरे दिन मकान से 300 मीटर दूर जंगल में जाकर पति की लाश को जमीन में गाड़ दिया। आरोप के मुताबिक बिनीता समेत सभी लोग मसूरिया गांव आ गए। वह काफी डर गई थी इसलिए किसी को कुछ नहीं बताया। इस दौरान जान से मारने की धमकी देकर उपेंद्र यादव उसके साथ जबरन शारीरिक शोषण करता रहा। इस घटना की जानकारी उसने अपने भैसुर चंदर भुईयां को दी। भैंसुर के कहने पर पुलिस अधीक्षक को आवेदन दे रही है। आवेदन की कॉपी थाना प्रभारी गिद्धौर, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया और महिला थाना प्रभारी चतरा को भी दी गई थी। इस खुलासे में मामले ने नया मोड़ ला दिया है। अब सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जब पांच वर्ष पूर्व मृतिका के पति रोहन भुईयां की हत्या उपेंद्र यादव के द्वारा किए जाने की बात सामने आई थी तो स्थानीय पुलिस ने इसपर संज्ञान लेना उचित क्यों नहीं समझा था। अगर उसी वक्त उपेंद्र पर कार्यवायी हो जाती तो शायद दोहरे हत्याकांड की स्थिति पैदा नहीं होती। बहरहाल दोहरे हत्याकांड का अभियुक्त उपेंद्र यादव महिला विनीता देवी का शव मिलने के बाद से फरार बताया जा रहा है। इधर उपेंद्र यादव की पत्नी देवंती देवी ने कहा मेरे पति और विनीता देवी दोनों मिलकर मेरे साथ मारपीट करते थे जिसको लेकर हमने अपने पति पर महिला थाना एवं गिद्धौर थाना में आवेदन दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुआ दर असल विनीता हत्याकांड को लेकर अखिल भारतीय भूईयां समाज कल्याण समिति ने हजारों की संख्या में हत्याकांड में जो लोग संलिप्त है उसको जल्द गिरफ्तार करने की मांग को लेकर थाने का घेराव किया वहीं एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि मामले की जांच त्वरित गति से की जा रही है। जल्द ही विनीता देवी के हत्या मामले का खुलासा किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो घायल

**कोडरमा।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के खबारो करौंजिया पुल के पास गुरुवार को तीन बाइक के बीच हुई टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गये। मृतकों की पहचान सूरज कुमार पिता बहादुर यादव व निकेश कुमार यादव पिता महेश यादव निवासी करौंजिया चंदवारा के रूप में हुई है। वहीं घायलों में नितेश कुमार पिता मुंशी यादव निवासी कराँजिया व मिथुन राणा भटबिगहा निवासी शामिल हैं। मिली जानकारी केअनुसार दो बाइक व एक स्कूटी पर सवार चार युवक चंदवारा की ओर से आ रहे थे, इसी दौरान खबारो पुल करौंजिया के पास इनका वाहन आपस में टकरा गयी जिसमे चारों घायल युवकों को तत्काल सदर अस्पताल, ले जाया गया, जहां सूरज कुमार व निकेश कुमार यादव को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर सदर अस्पताल में लोगों की भीड़ लग गई। वही पुलिस दोनों शवों को कब्जे में ले लिया है।

## तेज प्रताप की भविष्यवाणी से बीजेपी की बढ़ेगी बेचैनी

**पटना।** आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बड़े पुत्र मंत्री तेज प्रताप यादव गुरुवार को पार्टी कार्यालय पहुंचे हुए थे। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब से 'इंडिया' गठबंधन बना है तब से बीजेपी को आग लगी हुई है। आगे लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भविष्यवाणी करते हुए उन्होंने कहा कि 2024 और 2025 चुनाव में बीजेपी का सफाया तय है। पूरे देश में नहीं आने वाली है। दूसरे राज्यों में भी देख लीजिए बीजेपी की क्या दुर्गति हो रही है।

# प्रेस वार्ता का आयोजन कर मतदाताओं को किया गया जागरूक




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव मेहता, जिला महामंत्री कृष्ण कन्हैया और जिला मीडिया प्रभारी श्री बिमंत साह ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस रखा। जिलाध्यक्ष राजीव मेहता ने बताया कि भाजपा पूरे देश से लेकर राज्य स्तर पर नए मतदाताओं खासकर 18 वर्ष के सभी युवाओ युवतियों और भारत के प्रत्येक कर्तव्यनिस्ठ , जिम्मेदार नागरिकों के लिए लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित हो सके इसके लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा वोटर चेतना महा अभियान के रूप में सकारात्मक पहल की गई हैं। इसके तहत जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है या अन्य कोई परेशानी हो रही है भारतीय जनता पार्टी इसके समाधान को करने के लिए तत्पर हैं। आगामी 25 और 26 अगस्त को दो दिवसीय भारतीय जनता पार्टी द्वारा वाटर चेतन महा अभियान चलाया जा रहा है। सभी मतदाताओं को जागरूक रहना है वोट देने का अवसर नहीं छोड़ना चाहिए। 18 वर्ष के मतदाता फॉर्म 6 भरे । इसके लिए एक फोटो, आधार कार्ड, जन्मतिथि का प्रमाण पत्र और पता के प्रमाण की स्वप्रमाणित प्रति। अगर यदि कोई मतदाता सूची में अनधिकृत रूप से वोटर बन चुके हैं तो फॉर्म नंबर 7 भरा जाएगा। यदि आप अपने मतदाता विवरण में कोई सुधार करवाना चाहते हैं तो फॉर्म नंबर 8 भरे जिसमें मतदाता का पता भी चेंज हो सकता है। सभी मतदाताओं को हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं। और किसी तरह की कोई परेशानी होने पर मतदाता बंधु गोड्डा जिला के सभी बुथ में जाकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी ,बूथ अर्जेंट से संपर्क किया जा सकता है। इसके बाद दूसरे बिंदू पर श्री राजीव मेहता जी ने कहा कि 1 से 15 सितंबर तक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मंडल स्तर से लेकर शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक गांव में सभी घरों से मिट्टी को कलश में घर भर के मंगल कार्यालय तक लाना है। प्रत्येक गांव में 75 पौधे अमृत वाटिका लगाने का कार्य चलेगा।

## सफाई कर्मियों की हड़ताल आज खत्म हुई

**गोड्डा।** झारखंड लोकल बॉडी एम्प्लॉय फेडरेशन की कई दिनों से चली आ रही हड़ताल आज खत्म हुई । आज भूख हड़ताल के प्रथम दिन ही गोड्डा उपायुक्त जिशान कमर ने संगठन के नेताओं को बुला कर बात की और उन्हें आश्वासन दिया की उनकी मांगों पर विधि सम्मत विचार करते हुए उनकी मांगों पर कार्रवाई करेंगे दो दिनों के अंदर। आज न्यू समनालय गोड्डा में सफाई कर्मियों का भूख हड़ताल का कार्यक्रम सफल रहा जिसमें उपायुक्त और राज्य कमेटी के अध्यक्ष के साथ वार्ता हुई। साथ ही सभी सफाई कर्मियों को काम पर ले लिया जाएगा। आज के इस कार्यक्रम में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह महामंत्री अनूप लाल हरी और साहिबगंज के जिला अध्यक्ष शिव हरी गिरिडीह जिले के अध्यक्ष अजीत चंद्र और जिले के तमाम संगठन के पदाधिकारी गण भूख हड़ताल मे मौजूद थे और साथ ही हमारे सफाई मजदूर गार्डन बिजली मिस्त्री मौजूद थे।

# चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रायन थ्री के उतरने पर लोगों में उमंग



खुशी मनाते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रायन थ्री के सफलतापूर्वक उतरने पर रमना में भी लोगों में उमंग देखा गया। बुावार की रात्रि सर्वेश्वरी चौक के समीप कई समाजिक, राजनीतिक व गणयमान लोगों ने जश्न मनाकर चंद्रायन मिशन में लगें इसरों के वैज्ञानिकों का हौसला बढ़या। विदित हो कि दुनिया का पहला देश भारत है जिसका लैंडर चांद के दक्षिणी ्रुव पर सफलापूर्वक उतरा है। लोग हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के जय जयकार लगा रहें थे तथा एक दूसरों को मिठाई खिलाकर बााई दिया। ज्ञात हो कि चंद्रमा पर लैंडर भेजने का मिशन साल 2008 में आरंभ किया गया था। दो मिशन फेल होने के बाद भी भारतीय वैज्ञानिकों ने आस नहीं छोड़ी। तीसरे मिशन चंद्रायन थ्री में लैंडर को दक्षिणी ्रुव पर उतारने में सफल रहे। इसकें पहले रुस ने भी प्रयास किया था लेकिन सफलता नहीं मिली। चीन ने भी अपना लैंडर चांद पर भेजा है लेकिन चीन का लैंडर दक्षिणी ्रुव पर नहीं उतर सका। मौके पर मुन्ना प्रसाद, रोहित वर्मा, अनुज कुमार, भीम कुमार, अमीत कुमार, राजु सोनी, राजन आदि उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष

### इडी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट...

**इडी दफ्तर के बाहर रहा जमावड़ा :** गुरुवार को ईडी ऑफिस के बाहर मीडिया का जमावड़ा लगा रहा। अतिरिक्त फोर्स भी तैनात किये गये थे। समय बीतने के साथ सस्पेंस भी बढ़ता जा रहा था। इसी बीच खबर आयी कि सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी डाली है। 7 अगस्त को इडी ने उनको पहला समन जारी कर संपत्ति से जुड़ा ब्यौरा मांगते हुए पूछताछ के लिए 14 अगस्त को बुलाया था। इसपर सीएम ने तल्ख अंदाज में इडी के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा के नाम पत्र भेजा था। सीएम ने स्वतंत्रता दिवस से ठीक एक दिन पहले 14 अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाने के तरीके पर सवाल उठाया था। पहले समन के खिलाफ इडी के असिस्टेंट डायरेक्टर को कोट करते हुए लिखे पत्र में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा था, आप और आपके पॉलिटिकल मास्टर अच्छी तरह जानते हैं कि मुख्यमंत्री को 15 अगस्त को ध्वजारोहण करना होता है। इसकी तैयारी एक सप्ताह पहले से शुरू हो जाती है। साफ है कि जानबूझकर न सिर्फ उनकी बल्कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गयी सरकार और झारखंड के लोगों की प्रतिष्ठा धूमिल करने का प्रयास हो रहा है। ऐसे में समन वापस लें। उन्होंने आरोप लगाया था कि पिछले 1 साल से केंद्र की सरकार तालमेल बनाने के लिए दबाव डाल रही है। ऐसा नहीं करने पर केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा था कि समन वापस लें, मैं कानूनी सलाह ले रहा हूं। कानूनी प्रक्रिया के तहत ईडी से निपटेंगे। आपका इस मामले में किया गया समन गैरकानूनी है। वे कानूनी सलाह लेकर ही आगे बढ़ेंगे।

### अगले महीने लांच होगा...

**रोवर ने चंद्रमा पर अपना काम शुरू किया :** चंद्रयान-3 को लेकर इसरो ने गुरुवार को बड़ा अपडेट दिया है। इसरो ने बताया कि सभी गतिविधियां निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सभी प्रणालियां सामान्य रूप से काम कर रही हैं। लैंडर मॉड्यूल पेलोड आइएलएसए, आरएएमबीएचए चालू हो गये हैं। रोवर ने चंद्रमा पर अपना काम शुरू कर दिया है। इसरो ने बुधवार को शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान3 की सफल लैडिंग कराकर इतिहास रच दिया। वहीं पीएम मोदी 26 अगस्त को इसरो वैज्ञानिकों को बधाई देने बेंगलुरु जायेंगे। **मिशन 14 दिनों तक ही नहीं रहेगा :** इसरो को उम्मीद है कि इस मिशन की अवधि एक चंद्र दिवस या पृथ्वी के 14 दिन तक सीमित नहीं रहेगी। चांद पर फिर से सूर्य निकलने पर यह पुनः सक्रिय हो सकता है। लैंडर और रोवर के उतरने के बाद, उन पर मौजूद प्रणालियां अब एक के बाद एक प्रयोग करने के लिए तैयार हैं, ताकि उन्हें 14 पृथ्वी दिनों के भीतर पूरा किया जा सके, इससे पहले कि चंद्रमा पर गहरा अंधेरा और अत्यधिक ठंडा मौसम हो जाये। इसरो ने कहा, भारत ने चांद पर चहलकदमी की। **जहां पर उतरना था, वहीं पर उतरा लैंडर :** सोमनाथ ने गुरुवार को कहा कि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान का लैंडर विक्रम चंद्रमा की सतह पर चिह्नित क्षेत्र के अंदर उतरा। 'लैंडर चिह्नित स्थान पर सही से उतरा। उस स्थान पर, और उसके सटीक केंद्र की पहचान उतरने के स्थल के रूप में की गयी थी।

### तनाव के बीच ब्रिक्स सम्मेलन...

सम्मेलन में जिनपिंग के हिस्सा लेने पर अभी संशय बना हुआ है। लद्दाख के गलवान घाटी में खूनी हिंसा के बाद से ही भारत और चीन के बीच संबंधों में तनाव बना हुआ है। दोनों नेताओं के बीच इस मुलाकात को बहुत रोचक घटना माना जा रहा है। दोनों देशों की सेनाओं के बीच 19 दौर की बातचीत हो चुकी है लेकिन अभी तक कोई सर्वमान्य हल नहीं दिख रहा है। हाल ही में हुई ताजा बातचीत में दोनों सेनाओं के बीच सीमित वापसी पर सहमति बनी है। वहीं मीडिया ब्रीफिंग में मोदी ने कहा कि अर्जेंटीना, मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को नये सदस्यों के रूप में शामिल करने से समूह को नयी ऊर्जा और दिशा मिलेगी। मुझे खुशी है कि तीन दिनों के विचार-विमर्श से कई सकारात्मक नतीजे निकले।

# किसान आंदोलन में भटक कर दुमका पहुंच गया था पंजाब का मूक-बधिर बालक

### सीडब्ल्यूसी ने बालक के परिजनों को खोज निकाला, एस्कोर्ट आर्डर जारी कर भेजा मोगा, उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने उपहार देकर बालक को एस्कोर्ट टीम को सौंपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** पंजाब राज्य के मोगा जिले का एक 10 वर्षीय बालक अपने पिता के साथ किसान आंदोलन में दिल्ली गया था। उसके बाद से पिता-पुत्र के बारे में उनके परिवार को कोई जानकारी नहीं थी। पिता से बिछड़ कर यह बालक किसी तरह से दुमका पहुंच गया। मूक-बधिर होने के कारण बालक के घर और परिवार के बारे में जानकारी हासिल करना कठिन काम था पर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने अंततः इस बाल के परिवार को खोज निकाला। गुरूवार को उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने इस बालक को उसके घर पंजाब पहुंचाने के लिए उपहार देकर उसे एस्कोर्ट टीम को सौंप दिया। इस मौके पर समिति के चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डा राज कुमार उपाध्याय और कुमारी विजय लक्ष्मी एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चंद्र भी मौजूद थे। सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि पत्रकार दशरथ महतो को शहर के प्राईवेट बस स्टैण्ड में कालिका होटल के पास से 27 जुलाई 2022 को यह 10 वर्षीय बालक मिला था। चाइल्डलाइन के टीम मेंबर निक्कु कुमार ने इस बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया था। बालक के मूक और बधिर होने के कारण न तो उसका बयान लिया जा सका और न ही



किसी तरीके से वह अपने बारे में कुछ बता पाया । समिति ने बालक को सीएनसीपी घोषित करते हुए बालगृह में आवासित कर दिया है। समिति ने बालक के परिजनों की खोजबीन करने के लिए उसी दिन उसका फोटो भी अखबारों में जारी किया और मिसिंग एंड फाउण्ड पोर्टल पर उसका फोटो सहित विवरण अपलोड करने का आदेश दिया पर उसके बारे में कुछ पता नहीं चल पाया। बच्चे के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए विशेषज्ञ की भी सेवा ली गयी पर यह प्रयास भी असफल रहा। अंततः समिति के आदेश पर बालक का आधार कार्ड बनाने के लिए आवेदन दिया गया। पहले से उसका आधार कार्ड बना होने के कारण आवेदन रिजेक्ट हो गया और उसके आधार का विवरण प्राप्त हो गया। आधार कार्ड में मिले बालक के पता के आधार पर पंजाब के मोगा के डीसीपीओ से एसआईआर मांगा गया। वहां के डीसीपीओ ने एसआईआर में बताया कि दिये गये पता पर बालक की नानी से मुलाकात हुई। नानी ने बताया कि बालक मूक-बधिर है। उसके मां की मृत्यु हो चुकी है। पिता उसे लेकर किसान आंदोलन में दिल्ली गया था। उसके बाद से दोनों का कुछ पता नहीं चल रहा था कि दोनों जिन्दा हैं या मर चुके हैं। काफी ढूंढने पर भी उनका पता नहीं चला। अब पता चला है कि उनका नाती जिंदा है और झारखण्ड में है। नानी ने कहा ह्यह्यमैं हाथ जोड़कर बिनती करती हूं कि मेरा नाती मुझे दिया जाये ह्लह्ल समिति ने 20 जुलाई को ही एस्कोर्ट आर्डर जारी करते हुए बालक को उसके घर पहुंचाने का आदेश दिया था, पर इस आदेश का अनुपालन नहीं हा पाया। उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने इस बाल को उसके घर तक पहुंचाने के लिए राशि की स्वीकृति दी। 23 अगस्त को समिति ने एस्कोर्ट आर्डर को संशोधित करते हुए बालगृह के प्रभारी संजु कुमार और पीओ दिनेश पासवान को बालक को मोगा के बाल कल्याण समिति को सौंपने का आदेश जारी किया। गुरूवार को दोनों बालक को लेकर धनबाद रवाना हो गये जहां से वे ट्रेन से पंजाब के मोगा पहुंचेंगे।

स्पीड न्यूज

## प्रसिद्ध 'मछली प्रसादम' देने वाले गौड़ का निधन



हैदराबाद। अस्थमा के रोगियों के लिए लोकप्रिय मछली प्रसादम देने वाले बथिनी हरिनाथ गौड़ का निधन हो गया है। वह 84 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके परिवार ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बथिनी हरिनाथ गौड़ का परिवार हैदराबाद में अस्थमा के रोगियों के लिए लोकप्रिय मछली प्रसादम की व्यवस्था करता है। बथिनी हरिनाथ गौड़ बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे और उन्होंने बुधवार रात अपने घर पर अंतिम सांस ली। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और दो बेटियां हैं।

## रेलवे में एक ही जगह तैनात होंगे पति-पत्नी

नयी दिल्ली। रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे को निर्देश दिया है कि अपने जीवनसाथी की तैनाती वाले स्थानों पर तबादला करने से जुड़े कर्मचारियो के अनुरोधों को शीघ्रता से निपटाएं। 17 अगस्त को 15 जोन के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारियों को पत्र तब भेजा गया जब बोर्ड को रेलवे कर्मचारियों और उनके संघों से निर्धारित नीति के बावजूद पति या पत्नी की तैनाती वाले स्थानों पर तबादला करने के कर्मचारियों के अनुरोध पर अमल करने में देरी की गई या फिर अनुरोध को मानने से इनकार कर दिया गया।

## काशी की तरह होगा विंध्यवासिनी धाम

मीरजापुर। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने कहा कि विंध्य कॉरिडोर का निर्माण होने के बाद जगविख्यात मां विंध्यवासिनी धाम काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह भव्य दिखेगा और धार्मिक पर्यटन केंद्र बनेगा। भक्तों की संख्या भी बढ़ेगी। इससे रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। निमार्णाधीन विंध्य कॉरिडोर की झलक देख राज्यपाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट की काफी सराहना की। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल पत्नी संग गुरुवार को मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने विंध्य दरबार आए थे।

## मातृत्व लाभ महिला की पहचान : कोर्ट

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि मातृत्व लाभ उस महिला की पहचान और गरिमा का मौलिक और अभिन्न अंग है जो संतान को जन्म देना चुनती है और किसी महिला संविदा कर्मी को भी मातृत्व लाभ अधिनियम के तहत राहत पाने का हक है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने गुरुवार को जारी आदेश में कहा कि कार्य स्थल का माहौल ऐसा होना चाहिए कि यदि कोई महिला कॅरियर और मातृत्व दोनों चुनती है तो उसे कोई एक निर्णय लेने के लिए बाध्य नहीं होना पड़े।

# द कश्मीर फाइल्स को मिलेगा नरगिस दत्त पुरस्कार

### पुष्पा के लिए अल्लू अर्जुन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार, 'रॉकेट्री : द नंबी इफेक्ट' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का अवार्ड

एजेंसी

नयी दिल्ली। साल 2021 के 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। 'रॉकेट्रीः द नंबी इफेक्ट' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म और सृष्टि लखेरा की 'एक था गांव' को सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर फिल्म का पुरस्कार दिया जाएगा। गुरुवार को 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की जूरी ने नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में पुरस्कार विजेताओं के नाम घोषित करते हुए फिल्म पुष्पा के लिए अल्लू अर्जुन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए संयुक्त तौर पर आलिया भट्ट और कृति सेनन के नाम की घोषणा की।

इसके साथ पंकज त्रिपाठी ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता, जबकि पल्लवी जोशी ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। द कश्मीर फाइल्स को राष्ट्रीय एकता पर सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार दिया जाएगा।





▸▸ आलिया भट्ट और कृति सेनन को गंगूबाई काठियावाड़ी और मिमी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री पुरस्कार की संयुक्त विजेता घोषित किया गया

जबकि आरआरआर को संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

आलिया भट्ट और कृति सेनन को क्रमशः गंगूबाई काठियावाड़ी और मिमी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री पुरस्कार की संयुक्त विजेता घोषित किया गया। फिल्म 'शेरशाह' को विशेष जूरी अवार्ड दिया जाएगा।

69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की घोषणा करते हुए जूरी के अध्यक्ष केतन देसाई ने कहा कि भारतीय फिल्मों का भविष्य उज्ज्वल है। न केवल तकनीकी रूप से, बल्कि इन दिनों जो फिल्में आ रही हैं, वे आशाजनक हैं। भारतीय सिनेमा सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

वहीं, फीचर फिल्मों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म रॉकेटरी, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार- लॉस्ट फिल्म शो के कलाकार भाविन राबरी, सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर(पुरुष)- काला भैरवा (फिल्म- आरआरआर), सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर (महिला)- श्रेया घोषाल, सर्वश्रेष्ठ सह अभिनेता- पंकज त्रिपाठी और अभिनेत्री पल्लवी घोष को दिया जाएगा।

### विजेताओं की सूची

1. सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ पुस्तक के लिए राजीव विजयकर द्वारा अंग्रेजी में लिखित लक्ष्मीकांत प्यारेलाल का संगीतः अविश्वसनीय रूप से मधुर यात्रा को स्वर्ण कमल पुरस्कार प्रदान किया जाएगा और 75,000 रुपये का चेक दिया जाएगा।

2. सर्वश्रेष्ठ फिल्म समीक्षक पुरस्कार- पुरुषोत्तम चायुर्लु (तेलुगु)- स्वर्ण कमल और 75,000 रुपये का चेक दिया जाएगा।

3. विशेष उल्लेख - आलोचक- सुब्रमण्य बदूर(कन्नड़)

### गैर-फीचर फिल्मों की श्रेणी में

सर्वश्रेष्ठ डेब्यू गैर-फीचर फिल्म पानचिका।

सर्वोत्तम मानवशास्त्रीय फिल्म- फायर ऑन एज,

सर्वश्रेष्ठ जीवनी फिल्म/ऐतिहासिक पुनर्निर्माण संकलन फिल्म का अवार्ड संयुक्त रूप से रुखू मतीर दुखू मांझी और बियोंड ब्लास्ट।

सर्वश्रेष्ठ कला फिल्म- टीएन कृष्णन बो स्ट्रिंग टू डिवाइन,

सर्वश्रेष्ठ विज्ञान और तकनीकी फिल्म- इथोस डार्कनेस,

सर्वश्रेष्ठ प्रोमोशनल फिल्म- इंडेंजरर्ड हेरिटेज वरली आर्ट,

सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण फिल्म- मुनम वलायु,

सामाजिक मुद्दों पर बनी सर्वश्रेष्ठ फिल्म- मिठ्ठु दी और थ्री टू वन,

सर्वश्रेष्ठ शिक्षा परक फिल्म सिरपिगलिन सिरपंगल,

सर्वश्रेष्ठ साहसिक और खोजी फिल्म- आयुष्मान,

सर्वश्रेष्ठ खोजी फिल्म - लुकिंग फॉर चालान,

सर्वश्रेष्ठ एनिमेशन फिल्म- कंडिट्टूंडु,

सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट फिक्शन फिल्म- दाल भात,

सर्वश्रेष्ठ पारिवारिक मूल्यों वाली फिल्म- चंद सांसें

इसी कैटीगरी के तहत सर्वश्रेष्ठ निर्देशन के लिए 'स्माइल प्लीज' के निर्देशक बकुल मतियानी, बेस्ट सिनेमेटोग्राफी के लिए बिट्टू रावत को पुरस्कृत किया जाएगा।

## जिन्ना हाउस अग्निकांड मामले में इमरान खान से होगी पूछताछ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। तोशाखाना मामले में तीन साल की सजा सुनाए जाने के बाद अटक जेल में बंद इमरान को अब लाहौर के आतंकवाद-रोधी अदालत ने 09 मई को हुई हिंसा और जिन्ना हाउस अग्निकांड मामले में गिरफ्तार कर पूछताछ के आदेश दिये हैं। बीती 09 मई को इमरान खान अल-कादिर ट्रस्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार हुए थे। इससे इमरान समर्थक भड़क गए और उन्होंने लाहौर से लेकर कराची तक जमकर हिंसा की। हैरानी वाली बात ये रही कि समर्थकों ने सेना के प्रतिष्ठानों को भी नहीं बख्शा और उनमें तोड़फोड़ व आगजनी की। पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना के लाहौर स्थित घर को भी आग के हवाले कर दिया गया। इमरान समर्थकों ने जिन्ना के लाहौर स्थित जिस घर को फूंका, उसे लाहौर कॉर्प्स कमांडर हाउस के तौर पर जाना जाता है।

# सेना को मिलेंगे अत्याधुनिक हथियार

### 7800 करोड़ रुपये से खरीदे जायेंगे हथियार, केंद्र सरकार की मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए गुरुवार को लगभग 7,800 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। भारतीय वायु सेना की दक्षता बढ़ाने के लिए एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों पर इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) सुइट की खरीद को स्वीकृति दी गई है। सेना के लिए 7.62x51 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी) खरीदने के प्रस्ताव को भी आगे बढ़ाया गया है। इसके अलावा भारतीय नौसेना के एमएच-60 आर हेलीकॉप्टरों की परिचालन क्षमता को बढ़ाने के लिए हथियारों की खरीद होनी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में लगभग 7,800 करोड़ रुपये के पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) दी गई। भारतीय वायु सेना की दक्षता बढ़ाने के लिए डीएसी ने भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों पर इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) सुइट की खरीद और स्थापना के लिए एओएन प्रदान किया है, जिससे इन हेलीकॉप्टरों की क्षमता और बेहतर होगी। ईडब्ल्यू सुइट भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) से खरीदा जाएगा। डीएसी ने मशीनीकृत पैदल सेना और बख्तरबंद रेजिमेंटों के लिए ग्राउंड-आधारित स्वायत्त प्रणाली की खरीद के लिए एओएन भी प्रदान किया है, जो मानवरहित निगरानी, गोला-बारूद, ईंधन और पुर्जों की रसद डिलीवरी और युद्ध क्षेत्र में हताहतों की निकासी जैसे विभिन्न कार्यों को सक्षम करेगा। इसके अलावा भारतीय नौसेना के एमएच-60 आर हेलीकॉप्टरों की परिचालन क्षमता को बढ़ाने के मकसद से डीएसी ने हथियारों की खरीद के लिए एओएन प्रदान किया है। भारतीय सेना के लिए 7.62गुणा51 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी) और ब्रिज लेइंग टैंक (बीएलटी) की खरीद के प्रस्ताव को भी डीएसी ने आगे बढ़ा दिया है। सेना में एलएमजी के शामिल होने से पैदल सेना बलों की लड़ने की क्षमता बढ़ेगी और बीएलटी के शामिल होने से सशस्त्र बलों की आवाजाही में तेजी आएगी। 'प्रोजेक्ट शक्ति' के तहत भारतीय सेना के लिए मजबूत लैपटॉप और टैबलेट की खरीद के लिए भी मंजूरी दी गई है। ये सभी खरीद केवल स्वदेशी विक्रेताओं से की जाएंगी।

▸▸ एमआइ-17 वी5 हेलीकॉप्टरों के लिए खरीदे जायेंगे इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सुइट

▸▸ 7.62X51 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी) का प्रस्ताव आगे बढ़ा






## शराब की पैकिंग पर अब पोषक तत्वों का उल्लेख नहीं कर पायेंगे विनिर्माता

नयी दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने अल्कोहल-युक्त पेय पदार्थों यानी शराब आदि के लिए नियमों में बदलाव किया है। अल्कोहल-युक्त पेय पर पोषक तत्वों की मौजूदगी से संबंधित कोई सूचना नहीं दी जाएगी और विनिर्माता सिर्फ कैलोरी में एनर्जी की मात्रा की स्वैच्छिक घोषणा ही कर सकेंगे। एफएसएसएआई ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक (अल्कोहल-युक्त पेय पदार्थ) पहला संशोधन नियमन, 2023 जारी किया है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

## उत्तर प्रदेश में अब कोई नहीं वसूलेगा 'गुंडा टैक्स' : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि राज्य में पहले रेहड़ी–पटरी वालों से पहले गुंडा टैक्स वसूला जाता था लेकिन अब कोई भी ऐसी रंगदारी नहीं वसूल सकता। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने यहां लोक भवन में पीएम स्वनिधि एवं स्वयं सहायता समूह ऋण योजना के तहत 11 हजार लाभार्थियों को ऋण वितरण के बाद कहा कि उत्तर प्रदेश से अब माफियाओं के साथ ही गंदगी की भी सफाई हुई है। पहले स्ट्रीट वेंडर्स से लोग गुंडा टैक्स वसूल करते थे। अब कोई गुंडा टैक्स वसूल नहीं कर सकता। आदित्यनाथ ने इस अवसर पर डिजिटल माध्यम से लगभग 32 करोड़ 49 हजार रुपये का ऋण लाभार्थियों के खातों में अन्तरित किया।



## कैलिफोर्निया के बार में अंधाधुंध गोलीबारी से पांच लोगों की मौत

एजेंसी

कैलिफोर्निया। अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित एक बार में अंधाधुंध गोलीबारी से पांच लोगों की मौत हो गई। इस गोलीबारी में छह लोग घायल हो गए। घटना के बाद गोलीबारी करने वाला व्यक्ति भी मारा गया है।

ट्रेबुको केनयन स्थित बाइकर बार कुक कॉर्नर में मौजूद लोगों पर अचानक एक शूटर ने गोलीबारी शुरू कर दी। ऑरेंज काउंटी पुलिस के अनुसार गोलीबारी करने वाला पूर्व सुरक्षा अधिकारी है। गोलीबारी में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। छह अन्य लोग जख्मी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी लोगों में कुछ लोगों की हालत गंभीर है। गोलियों की आवाज से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। लोग बार से भाग खड़े हुए। पुलिस ने पहुंच कर बमुश्किल स्थितियों पर नियंत्रण किया।

पता चला कि बाद में किसी ने शूटर को भी गोली मार दी और उसकी भी मौत हो गयी। पुलिस घटना की जांच कर रह है।




# चंद्रयान-3 की सफलता से अनंत संभावनाओं के खुले द्वार

### चंद्रमा पर जीवन की संभावना और सौर मंडल के रहस्यों को जानने में मिलेगी मदद : वैज्ञानिक

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र में चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अनंत संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं लेकिन वैज्ञानिकों का कहना है कि अब सबसे महत्वपूर्ण चुनौती चांद के दुर्गम दक्षिणी ध्रुवीय इलाके में पानी की मौजूदगी की संभावना की पुष्टि और खनिज एवं धातुओं की उपलब्धता का पता लगाने की होगी। वैज्ञानिकों का मानना है कि इन अध्ययनों से चंद्रमा पर जीवन की संभावना एवं सौर मंडल की उत्पत्ति के रहस्यों से परदा हटाने में भी मदद मिलेगी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर शांतब्रत दास ने बताया कि चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव बेहद दुर्गम और कठिन क्षेत्र है। इसमें 30 किलोमीटर तक गहरी घाटियां और 6-7 किलोमीटर तक ऊंचे पर्वतीय क्षेत्र आते हैं। इस इलाके में लैंडिंग करना ही अपने आप में काफी चुनौतिपूर्ण कार्य था। उन्होंने बताया कि चंद्रमा के इस हिस्से में कई इलाके ऐसे हैं जहां सूर्य की किरणें पड़ी ही नहीं हैं। ऐसे में यहां जमे हुए पानी के महत्वपूर्ण भंडार हो सकते हैं। चंद्रयान-1 से इस बारे में संकेत भी मिले थे। प्रो. दास ने बताया कि प्रज्ञान रोवर पर दो पेलोड लगे हैं। इसमें पहला लेजर इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप है जो चांद की सतह पर मौजूद रसायनों की मात्रा और गुणवत्ता का अध्ययन करने के साथ ही खनिजों की खोज करेगा। दूसरा पेलोड अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर है जो तत्वों एवं अवयवों की बनावट का अध्ययन करेगा और मैग्नीशियम, अल्यूमिनियम, सिलिकान, पोटैशियम, कैल्शियम, टिन, लोहे के बारे में पता लगायेगा। चंद्रमा पर धातुओं एवं खनिजों की उपलब्धता के बारे में एक सवाल के जवाब में आईआईटी गुवाहाटी के प्रोफेसर दास ने कहा कि मैं वहां धातुओं एवं खनिजों की मौजूदगी से इंकार नहीं कर रहा। लेकिन यह कितनी मात्रा में होगी, यह महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने बताया कि चंद्रमा की मिट्टी की संरचना का अध्ययन करने से यह बात सामने आई है कि इसका औसत घनत्व 3.2 ग्राम प्रति क्यूबिक सेंटीमीटर है जो पृथ्वी के औसत घनत्व 5.5 ग्राम प्रति क्यूबिक सेंटीमीटर से करीब करीब आधा है। चंद्रमा की उत्पत्ति पृथ्वी के बाद हुई है, ऐसे में वहां भारी धातुओं की मौजूदगी की मात्रा अध्ययन का विषय होगी। प्रो. दास ने बताया कि चंद्रमा पर आगे अध्ययन से निश्चित रूप से भविष्य के अभियान, वहां जल की मौजूदगी आदि के बारे में जानने में काफी मदद मिलेगी। वहीं, पुणे स्थित इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आईयूसीएए) के वैज्ञानिक प्रो. दुर्गेश त्रिपाठी ने बताया कि चंद्रयान-3 मिशन के तहत लैंडर और रोवर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा है और ऐसा अनुमान है कि यहां जमे हुए पानी के भंडार मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि इस मिशन का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य पानी की मौजूदगी का पता लगाना रहेगी।



# अन्नदाता की समस्या पर कौन चिंता करता है!



देश की सर्वोच्च अदालत ने किसानों की आत्महत्या को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार को ताकीद किया है कि वह ऐसी नीति बनाये जिससे कि किसानों को आत्महत्या के लिए विवश न होना पड़े। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि किसानों की मौत के बाद उनके पीड़ित परिवार को मुआवजा देना समस्या का हल नहीं है। इसे रोकने के लिए आत्महत्या की परिस्थितियों को ही खत्म करना होगा। भारत सरकार ने देश में किसानों और खेतिहर मजदूरों द्वारा आत्महत्या किए जाने की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए इसके मूल कारणों का पता लगाने और उसका निराकरण करने के उद्देश्य से व्यापक अध्ययन शुरू कराया है। इस अध्ययन में पाया गया है कि किसानों पर बढ़ता कर्ज, मानसून पर अत्यधिक निर्भरता, अपर्याप्त सिंचाई व्यवस्था, छोटे-छोटे हिस्सों में बंटे खेत और फसल बीमे की समुचित व्यवस्था का अभाव कृषि क्षेत्र की बदहाली का मुख्य कारण है।

**एन के मुरलीधर**

गौरतलब है कि अदालत ने यह सख्त टिप्पणी गैर-सरकारी संगठन सिटीजन रिसोर्स एंड एक्शन एंड इनीशिएटिव द्वारा दायर याचिका पर की है जिसमें गुजरात के 619 किसानों के परिवारों को मुआवजा दिये जाने की मांग की गई है। अदालत ने सरकार को यह भी कहा है कि वह किसानों की फसल की एक निश्चित कीमत तय करे। गौर करें तो किसानों की आत्महत्या के मसले पर सरकार के रवैए को लेकर पहले भी अदालत द्वारा अपनी नाराजगी जताया जा चुका है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि किसानों की आत्महत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभी गत माह पहले ही राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा खुलासा किया गया कि वर्ष 2015 में 8 हजार किसान और 12 हजार खेतिहर मजदूरों ने आत्महत्या की है। इस रिपोर्ट में आत्महत्या के लिए कर्ज को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना गया। रिपोर्ट में कहा गया कि 2015 में कर्ज न चुका पाने के कारण 2978 किसानों ने आत्महत्या की जबकि खेती से जुड़ी अन्य समस्याओं के कारण 1494 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

2015 के आंकड़ों पर गौर करें तो महिला और पुरुष किसानों को मिलाकर आत्महत्या करने वाले की कुल संख्या 12602 है, जो कि देश में आत्महत्या के कुल मामलों का तकरीबन 9.4 फीसद है। यह आंकड़े बताते हैं कि विगत वर्ष की तुलना में साल 2015 में किसानों द्वारा आत्महत्या की घटनाओं में तकरीबन तीन फीसद की बढ़ोतरी हुई है। चिंताजनक तथ्य यह है कि सरकार द्वारा किसानों और कृषि संबंधी कई लाभकारी योजनाओं को आकार दिए जाने और फसल बीमा योजना लागू किए जाने के बावजूद किसानों की आत्महत्या का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। कृषि मंत्रालय और राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट पर गौर करें तो 2004 में 4385, 2005 में 3175 और 2006 में 1901 किसानों ने आत्महत्या की। इसी तरह 2009 में 17 हजार, 2010 में साढ़े 15 हजार, 2011 में 14 हजार और 2013 में साढ़े 11 हजार किसानों ने आत्महत्या की। एक आंकड़े के मुताबिक 1998 से लेकर अब तक तकरीबन 6 लाख से अधिक किसान आत्महत्या कर चुके हैं। नेशनल सैंपल सर्वे रिपोर्ट से भी उदघाटित हो चुका है कि देश के 9 करोड़ किसान परिवारों में से 52 फीसद कर्ज में डूबे हैं और हर किसान पर औसतन 47 हजार रुपए कर्ज है। गत वर्ष पहले 'भारत में कृषक परिवारों की स्थिति के मुख्य संकेतक' शीर्षक वाली रिपोर्ट से भी उदघाटित हुआ कि आंध्रप्रदेश में 93 फीसद, उत्तर प्रदेश में 44 फीसद, बिहार में 42 फीसद, झारखंड में 28 फीसद, हरियाणा में 42 फीसद, पंजाब में 53 फीसद और पश्चिम बंगाल में 51.5 फीसद किसान परिवार कर्ज में डूबे हैं। देश में कृषि की हालत कितनी चौपट है इसी से समझा जा सकता है कि 2001 में देश में 12 करोड़ 73 लाख किसान थे, जिनकी संख्या आज घटकर 11 करोड़ से भी कम रह गई है। यानी 86 लाख किसान कृषि कार्य से विरत हुए हैं। माना जा रहा है कि प्रकृति पर आधारित कृषि, देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ एवं सूखा का प्रकोप, प्राकृतिक आपदा से फसल की क्षति और ऋणों के बोझ के कारण बड़े पैमाने पर किसान खेती छोड़ने को मजबूर हैं।

पिछले एक दशक के दौरान महाराष्ट्र में सर्वाधिक 7 लाख 56 हजार, राजस्थान में 4 लाख 78 हजार, असम में 3 लाख 30 हजार और हिमाचल में एक लाख से अधिक किसान खेती को तिलांजलि दिए। इसी तरह उत्तराखंड, मेघालय, मणिपुर और अरुणाचल जैसे छोटे राज्यों में भी किसानों की संख्या घटी है। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि इस दौरान देश में कृषि मजदूरों की संख्या में इजाफा हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2001 में जहां 10 लाख 68 हजार कृषि मजदूर थे, उनकी संख्या 2011 में बढ़कर 14 करोड़ 43 लाख हो गई। आंकड़े बताते हैं कि देश में 1990 से 2005 के बीच 20 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि कम हुई है। 2010 से 2015 के बीच विभिन्न राज्य सरकारों ने कुल 4,842 हेक्टेयर जमीन एसईजेड के लिए अधिसूचित की है। यह अलग बात है कि 80 फीसद जमीन का उपयोग नहीं हुआ है और कंपनियां इसे गिरवी रखकर बैंक से कर्ज ले रही हैं और इस जमीन का उपयोग अन्य दूसरे कामों में कर रही हैं।

## खेतिहर मजदूर बनते किसान



अपनी जमीन गंवाने के बाद किसानों के पास जीविका का कोई साधन नहीं रह गया है और वे खानाबदोशों की तरह जीवन गुजार रहे हैं। विस्थापित किए गए किसानों के लिए सरकार के पास कोई ठोस पुनर्वास नीति नहीं है। न ही उन्हें रोजी-रोजगार से जोड़ने के लिए कोई कारगर तरीका अपनाया जा रहा है। नतीजा कल तक जो किसान थे वे खेतिहर मजदूर बनते जा रहे हैं। निश्चित रूप से विकास के लिए भूमि का अधिग्रहण जरूरी है। लेकिन कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण कहां तक उचित है? देश में हाईवे निर्माण के नाम पर लाखों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि हड़पा जा चुका है। पिछले तीन दशक में कृषि पर निर्भर आबादी में इजाफा दर्शाता है कि गैर-कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का आनुपातिक फैलाव नहीं हुआ है। दूसरी ओर खेती के विकास में क्षेत्रवार विषमता का बढ़ना, प्राकृतिक बाधाओं से पार पाने में विफलता, भूजल का खतरनाक स्तर तक पहुंचना और हरित क्रांति वाले इलाकों में पैदावार में कमी आना के अलावा फसलों और बाजारों की दूरी न घटने, फसलों का उचित मूल्य न मिलने, कृषि में मशीनीकरण और आधुनिक तकनीकी का अभाव भी किसानों की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार है।

किसान क्रेडिट कार्ड और फसलों की बीमा योजनाओं के अलावा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, गुणवत्तापूर्ण बीज के उत्पादन और वितरण, राष्ट्रीय बागवानी मिशन जैसी अनगिनत योजनाओं से भी किसानों को राहत नहीं मिली है। बेहतर होगा कि सरकार किसानों और खेतिहर मजदूरों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए ठोस और कारगर उपाय करे।

गौरतलब है कि एक हजार हेक्टेयर खेती की जमीन कम होने पर 100 किसानों और 760 खेतिहर मजदूरों की आजीविका छिनती है। आज देश में प्रति व्यक्ति कृषि भूमि की उपलब्धता 0.18 हेक्टेयर रह गई है। 82 फीसद किसान लघु एवं सीमांत किसानों की श्रेणी में आ गए हैं और उनके पास कृषि भूमि दो हेक्टेयर या उससे भी कम रह गई है। कृषि क्षेत्र का विकास दर भी लगातार घट रहा है। आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 1950-51 में देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि की भागीदारी 51.9 थी, जो 1990-91 में 34.9 फीसद रह गई। आज 2012-13 में घटकर 13.7 फीसद पर आ गई है।

अब सरकार विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिये लाखों हेक्टर जमीन पूरे देश में अधिग्रहित कर रही है। इसमें खेती योग्य जमीन का एक बड़ा हिस्सा है। कृषि उत्पादों के मूल्य पर सदैव राजनीति ही हुई है जिसका एक बानगी प्याज को लेकर भी सामने आ रहा है जहां 20 लाख प्याज के उत्पादन के बाद भी सरकार ने विदेश भेजे जाने पर रोक लगा दी है। वही चावल के निर्यात पर भी चुनावी स्थितियों का दुष्प्रभाव पड़ा है। किसान विवश है। **(लेखक चीफ सब एडिटर खबर मन्त्र )**

## खाद्य महंगाई ने बढ़ा दी है आरबीआई की चिंता



**खाद्य** महंगाई ने बढ़ाई आरबीआई की चिंता, एमसीपी ने कड़ी नजर बनाये रखने पर दिया जोर।

आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो से छह प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। केंद्रीय बैंक का इसे चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य है।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी से महंगाई पर पर पड़ने वाले असर की आशंका के चलते नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने का विकल्प चुना। रिजर्व बैंक ने 10 अगस्त को अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति की बैठक में मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा था।एम डी पात्रा, शशांक भिडे, आशिमा गोयल, जयंत आर वर्मा और राजीव रंजन सहित सभी छह सदस्यों ने नीति दर पर यथास्थिति रखने के पक्ष में मतदान किया था।

गुरुवार को जारी मौद्रिक नीति समिति की बैठक के ब्योरे के अनुसार दास ने कहा, ह्यहमारा काम (मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने का) अब भी पूरा नहीं हुआ है। सब्जियों की कीमतों में उतार-चढ़ाव के मद्देनजर मौद्रिक नीति खुदरा मुद्रास्फीति पर इसके प्रारंभिक प्रभाव के असर को देख सकती है।

आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो से छह प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। केंद्रीय बैंक का इसे चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य है।गवर्नर ने कहा, साथ ही खाद्य कीमतों के आगे भी व्यापक मुद्रास्फीति पर दबाव बनाने और मुद्रास्फीति बढ़ने को लेकर जो आशंका है, उसे नियंत्रित करने के लिए जोखिम को पहले से ही भांपने तथा उससे निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

आरबीआई के डिप्टी गवर्नर पात्रा ने कहा कि मुद्रास्फीति को निर्धारित लक्ष्य तक नीचे लाने के एमपीसी के उद्देश्य के लिए मुख्य मुद्रास्फीति (कोर इनफ्लेशन) में निरंतर कमी सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

## नार्वे जलीय कृषि में विश्व में दूसरा अग्रणी देश भारत से किया समझौता



**केंद्रीय** मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री परशोत्तम रूपाला के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय शिष्टमंडल ने मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और मत्स्य पालन विभाग में संयुक्त सचिव (समुद्री मत्स्य पालन) सुश्री नीतू कुमारी प्रसाद के साथ नॉर्वे का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने एक्वा नॉर 2023 प्रदर्शनी में हिस्सा लिया और मत्स्य पालन और जलीय कृषि के क्षेत्र में भारत तथा नॉर्वे के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूती प्रदान करने वाले दृष्टिकोण के साथ विदेशी प्रतिनिधियों से बातचीत की।

प्रतिनिधिमंडल का दूसरा दिन बेल्सविक, नॉर्वे की यात्रा के साथ शुरू हुआ, जहां प्रतिनिधिमंडल ने नॉर्वे की कंपनी, लेरॉय की तटवर्ती रीसक्युर्लेशन एक्वाकल्चर सिस्टम (आरएएस) में स्मोल्ट उत्पादन सुविधा का अवलोकन किया।

उसके बाद, उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने नॉर्वे के स्टोर्सकोगोया में लेरॉय के सैल्मन हैचरी का भी दौरा किया। जलीय कृषि नॉर्वे में दूसरा सबसे बड़ा उद्योग है और देश में निजी कंपनियों ने अपतटीय क्षेत्रों में लगभग 1000 फॉर्म स्थापित किए हैं।

सैल्मन हैचरी की यात्रा के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने पूर्ण रूप से जलीय कृषि सुविधा अर्थात सिंटेफ एसीई, स्थल का दौरा किया। यह पूर्ण रूप से स्थापित एक प्रयोगशाला सुविधा है जिसे नई जलीय कृषि प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और परीक्षण के लिए डिजाइन किया गया है। इस बात पर चर्चा की गई कि प्रयोगशाला में, शोधकर्ता पूर्ण नियंत्रित और यथार्थवादी परिस्थितियों में व्यावहारिक प्रयोगों एवं परीक्षणों का संचालन किस प्रकार से कर सकते हैं।

स्थल का दौरा करने के बाद, प्रतिनिधिमंडल ट्रॉनहैम स्पेक्ट्रोम में एक्वा नॉर, 2023 प्रदर्शनी पहुंचे और उन्होंने इसमें शामिल होने वाले उद्मियों से बातचीत की और भविष्य में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। प्रदर्शनी की अवधि में, अकरबायोमरीन, सबसे बड़ा बायोटेक इनोवेटर और अंटार्कटिक क्रिल-हार्वेस्टिंग कंपनी में से एक, के स्टाल पर, चंद्रयान-3 के अंतिम चरण की लैंडिंग की स्क्रीनिंग की गई, जिसकी उपस्थित सभी लोगों द्वारा सराहना की गई। श्री स्केजेरन ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान की ऐतिहासिक लैंडिंग पर मंत्री को बधाई दी। संयोगवश नार्वे की ओर से 'लूना' नामक कमरे में ही बैठक आयोजित की गई थी और पृष्ठभूमि में चंद्रमा के साथ दोनों मंत्रियों की तस्वीर लेने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके बाद, श्री परशोत्तम रूपाला और डॉ. एल. मुरुगन ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों के लिए क्लेरियन होटल ट्रॉनहैम, ब्रैटोर्किया, ट्रॉनहैम पहुंचे। जहां एक्वाकल्चर विभाग, व्यापार, उद्योग और मत्स्य पालन मंत्रालय (एमटीआईएफ), भारत और वाणिज्यिक, परामर्शदाता, नवाचार, नॉर्वे के साथ बातचीत की। उन्होंने मत्स्य पालन और जलीय कृषि के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। मंत्री ने नॉर्वे में अपने समकक्ष को पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर भारत आने के लिए आमंत्रित किया।

## प्रसिद्ध बीकानेरवाले मिठाई का व्यापार अमेरिका,कनाडा और सिंगापुर तक फैला



**प्रियंका चन्द्रा**

**भारत** में मिठाई, नमकीन व रेस्तरां की श्रृंखला का परिचालन करने वाला बीकानेरवाला समूह अगले तीन साल में अपनी फूड कंपनी का आईपीओ लाने पर काम कर रहा है। समूह का राजस्व 3,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है। हालांकि आईपीओ लाने से पहले कंपनी प्राइवेट इक्विटी निवेशकों को भी जोड़ सकती है।

कम सुर्खियों में रहने वाली अग्रवाल परिवार के स्वामित्व वाले समूह बीकानेरवाला फूड्स प्राइवेट लिमिटेड को उम्मीद है कि साल 2030 तक उसका राजस्व 10,000 करोड़ रुपये के पार निकल जाएगा।

कंपनी भारतीय स्नैक्स बनाने के लिए नए प्लांटों पर भारी निवेश कर रही है। इसके अलावा कंपनी ब्रांडेड मसाला बाजार में उतरी है और आइटीसी से लेकर एचयूएल व देसी ब्रांड एमडीएच से मुकाबला कर रही है। कंपनी का इरादा डेयरी उत्पाद में भी उतरने का है, जिसके लिए विस्तृत योजना बनाई जा रही है।

बीकानेरवाला फूड्स के प्रबंध निदेशक 70 वर्षीय श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा, हम फूड बिजनेस में हर साल 20 फीसदी की वृद्धि चाहते हैं और तीन साल बाद हम कंपनी के आईपीओ पर विचार करेंगे। हम आईपीओ से पहले प्राइवेट इक्विटी फंडों व अन्य साझेदारों को जोड़ सकते हैं ताकि कारोबार में बढ़ोतरी हो। हमारा इरादा 2030 तक राजस्व को 10,000 करोड़ रुपये पर पहुंचाने का है और वित्त वर्ष 2024 में फूड का राजस्व 1,800 करोड़ रुपये पर पहुंचेगा, जो वित्त वर्ष 23 में 1,500 करोड़ रुपये था।

क्विक सर्विस रेस्टोरेंट बिजनेस के 165 आउटलेट हैं और करीब 30 वैश्विक स्तर हैं, जिनमें अमेरिका (न्यू यॉर्क व लॉस एंजलिस), कनाडा, सिंगापुर आदि शामिल हैं। अग्रवाल ने कहा कि उनका लक्ष्य साल 2030 तक 200 स्टोर की श्रृंखला बनाने का है।

फूड बिजनेस का एबिटा मार्जिन करीब 10 फीसदी है, जिसके बारे में विश्लेषकों का कहना है कि उद्योग में ऐसा ही है। हमने अभी ब्रांडेड मसाला कारोबार शुरू किया है क्योंकि हम पैकेज्ड फूड के लिए अपना मसाला खुद बनाते हैं। हम डेयरी कारोबार में भी उतरने पर विचार कर रहे हैं क्योंकि मिठाई के निर्माण के कारण हम दूध के बड़े उपभोक्ता भी हैं। कंपनी क्षमता विस्तार पर बड़ा निवेश कर रहे हैं, जिसमें जेवर एयरपोर्ट के पास पैकेज्ड स्नैक फूड्स बनाने के लिए 400 करोड़ रुपये का संयंत्र शामिल है, जिससे हमें स्नैक्स बनाने की अपनी मौजूदा 200 टन रोजाना से 400 टन रोजाना करने में मदद मिलेगी।

कंपनी हैदराबाद में 50 करोड़ रुपये की लागत से प्लांट लगा रही है, जो दक्षिण व पश्चिम भारत के बाजारों की मांग पूरी करेगा।

**विचार मंत्र**

**ओएमआरसी के अनुसार वर्ष 2022 में भारतीय पैकेज्ड स्नैक्स और मिठाई का बाजार 44,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था और वर्ष 2028 तक यह लगभग दोगुना होकर 86,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें एक बड़ा हिस्सा स्नैक्स का रहेगा।**

ओएमआरसी के अनुसार वर्ष 2022 में भारतीय पैकेज्ड स्नैक्स और मिठाई का बाजार 44,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था और वर्ष 2028 तक यह लगभग दोगुना होकर 86,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें एक बड़ा हिस्सा स्नैक्स का रहेगा।

लेकिन बीकानेरवाला भारतीय स्नैक और मिठाई कारोबार में आईपीओ पर विचार करने वाली पहली कंपनी नहीं होगी। हल्दीराम परिवार से अलग हुए भाइयों में से एक भाई शिव रतन अग्रवाल द्वारा संचालित बीकाजी फूड्स इंटरनैशनल ने पिछले साल नवंबर में बीकाजी ब्रांड नाम के साथ अपना आईपीओ लाने का फैसला किया, जिसे अच्छी प्रतिक्रिया मिली।

इससे पहले इसने लाइटहाउस और आईआईएफएल जैसी निजी इक्विटी फर्मों को अपने साथ जोड़ा था। बीकाजी फूड्स इंटरनैशनल ने वित्त वर्ष 23 में पिछले साल की तुलना में 22 प्रतिशत से अधिक की मूल्य वृद्धि के साथ 1,966 करोड़ रुपये का राजस्व तथा 126.5 करोड़ रुपये के करोपरांत लाभ की घोषणा की है। इसका एबिटा मार्जिन लगभग 13.4 प्रतिशत रहा।

## उत्पादन में कमी से चढ़े मेंथा तेल के भाव



**बाजार जानकारों के मुताबिक आगे मेंथा तेल की कीमतों में 100 से 150 रुपये किलो की तेजी और आ सकती है।**

मेंथा तेल की कीमतों पर तेजी सवार है। इसकी वजह प्रतिकूल मौसम से इसके उत्पादन में कमी आना है। इस महीने मेंथा तेल के भाव करीब 100 रुपये किलो बढ़ चुके हैं। बाजार जानकारों के मुताबिक आगे इसकी कीमतों में 100 से 150 रुपये किलो की तेजी और आ सकती है। इसकी वायदा कीमतों में आ रही तेजी को थामने के लिए एमसीएक्स ने इवेंट आधारित 2.5 फीसदी अतिरिक्त मार्जिन लगा दिया है।

### मेंथा तेल के भाव 100 रुपये किलो चढ़े

एमसीएक्स पर एक अगस्त को मेंथा तेल का सितंबर कॉन्ट्रैक्ट 889 रुपये किलो के भाव पर बंद हुआ था, इसने आज 1,005 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर छू लिया। हालांकि मुनाफावसूली और अतिरिक्त मार्जिन लगने से खबर लिखे जाने के समय आज यह 975 रुपये किलो के भाव पर कारोबार कर रहा था। उत्तर प्रदेश के मेंथा उत्पादक क्षेत्र बाराबंकी में मेंथा तेल के हाजिर भाव 1,120 रुपये किलो चल रहे हैं। इस माह इसकी कीमतों में 100 रुपये की तेजी आ चुकी है।

### उत्पादन में कमी से महंगा हो रहा है मेंथा तेल

उत्तर प्रदेश के मेंथा तेल कारोबारी अनुराग बताया कि बारिश के कारण मेंथा की फसल को नुकसान हुआ था। जिससे मेंथा तेल का उत्पादन 20 से 25 फीसदी घटने का अनुमान है। जिससे इस महीने मेंथा तेल की कीमतों में 100 रुपये की तेजी आ चुकी है। कमोडिटी एक्सपर्ट इंद्रजीत पॉल ने कहा कि वर्ष 2023-24 में करीब 32,000 टन मेंथा तेल का उत्पादन होने की संभावना है, जो वर्ष 2022-23 के उत्पादन करीब 42,000 टन से 23 फीसदी कम है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटी व करेंसी हेड अनुज गुप्ता कहते हैं कि उत्पादन में कमी के साथ ही मेंथा तेल की निर्यात मांग भी ठीक है। इससे भी मेंथा तेल महंगा हुआ है।

### आगे और महंगा हो सकता है मेंथा तेल

मेंथा तेल की कीमतों में आगे और तेजी आ सकती है। रस्तोगी ने कहा कि उत्पादन में कमी को देखते हुए मेंथा तेल के दाम अगले एक महीने में 100 से 150 रुपये किलो और बढ़ सकते हैं। पॉल के मुताबिक हाल में निकल रही निर्यात मांग के लिए स्टॉकिस्ट मेंथा तेल की खरीद बढ़ा रहे हैं। ऐसे में इसके भाव 12,00 रुपये किलो तक जा सकते हैं।

### तेजी थामने लगा इवेंट आधारित अतिरिक्त मार्जिन

एमसीएक्स ने मेंथा तेल की वायदा कीमतों में आ रही तेजी को थामने के लिए रोक लगा दिया है। 2.5 फीसदी की दर से लगने वाला यह मार्जिन सभी चालू और आगे लॉन्च होने वाले कॉन्ट्रैक्ट पर 14 सितंबर तक प्रभावी रहेगा।